यूएपीए कानून इसलिए बनाया गया है, क्योंकि आतंकवाद देश की संप्रभुता और अखंडता के लिए सीधा खतरा है। अगर ऐसे कानूनों को उदार जमानत सिद्धांतों के जरिये कमजोर किया गया तो सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल टूटेगा। भारत कई गंभीर सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। सीमा-पार आतंकवाद, कट्टरपंथ, नार्को-टेररिज्म, साइबर भर्ती और स्लीपर सेल की सक्रियता आज भी बड़ी चिंताएं हैं। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ लगातार भारत के खिलाफ छद्म युद्ध चला रही है। ऐसे में देश ऐसी कानूनी व्याख्याओं का खतरा नहीं उठा सकता, जो राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर कर दें। कोई यह नहीं कह सकता कि निर्दोष लोग अनिश्चितकाल तक जेल में रहें। जांच और सुनवाई त्वरित होनी चाहिए। विशेष अदालतों को ज्यादा प्रभावी बनाया जाए। अदालतों में खाली पद भरे जाएं और अभियोजन व्यवस्था मजबूत हो। जब तक ये सुधार पूरी तरह लागू नहीं हो जाते, तब तक राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में जमानत को नियम बनाना खतरनाक होगा।

राष्ट्रीय सुरक्षा को सैद्धांतिक चर्चा के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता। एक गलत फैसला निर्दोषों की जानें ले सकता है। लोकतंत्र सिर्फ अधिकारों की वजह से नहीं चलता, बल्कि मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की वजह से भी कायम रहता है। अगर राष्ट्रीय सुरक्षा कमजोर पड़ गई तो लोकतंत्र की नींव भी खतरे में पड़ सकती है। भारत को लोकतांत्रिक भी रहना है और सुरक्षित भी, लेकिन जब आतंक के किसी आरोपित के अधिकारों और आम नागरिकों की सुरक्षा के बीच चुनाव करना पड़े तो हमेशा राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी।

(लेखक उत्तराखंड के डीजीपी रहे हैं)
response@jagran.com

# उन्नत एआइ की रेस जीते भारत

डिजिटल भारत अभियान की मजबूत नींव पर देश में इन दिनों तकनीक की एक नई दुनिया खड़ी हो रही है। इस नई दुनिया का नाम है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और इसका सबसे उन्नत रूप है 'एजेंटिक एआइ।' साधारण एआइ केवल सवालों के जवाब देती है, जबकि एजेंटिक एआइ उससे कहीं आगे की तकनीक है। यह योजना बना सकती है, अलग-अलग प्रणालियों से जुड़ सकती है और कई काम अपने आप पूरा कर सकती है। यह केवल यह नहीं बताएगी कि आप किसी सरकारी योजना के पात्र हैं या नहीं, बल्कि खुद जानकारी जांचकर आवेदन भी कर सकती है और आपको सूचित भी कर सकती है कि आपका काम हो गया। आज दुनिया में एआइ की ताकत अक्सर इससे मापी जाती है कि किस देश के पास सबसे बड़े डाटा सेंटर हैं। इस मामले में भारत अभी सबसे आगे नहीं है, लेकिन एजेंटिक एआइ इस सोच को बदल सकती है। इसके लिए केवल विशाल कंप्यूटर सिस्टम नहीं, बल्कि मजबूत डिजिटल ढांचे की जरूरत होती है और भारत के पास यह व्यवस्था पहले से मौजूद है। भारत का 'इंडिया स्टैक' इसी का सबसे बड़ा उदाहरण है।

आधार ने नागरिकों को विश्वसनीय डिजिटल पहचान दी। यूपीआइ ने एक खुली और जुड़ी हुई भुगतान व्यवस्था तैयार की। डिजिलाकर ने दस्तावेजों को सुरक्षित डिजिटल तिजोरी में रखा और ओएनडीसी ने व्यापार के लिए खुला डिजिटल नेटवर्क बनाया। इन सभी व्यवस्थाओं को ऐसे डिजिटल मंच के रूप में तैयार किया गया, जिस पर दूसरे लोग और संस्थाएं नई सेवाएं विकसित कर सकें। यही वह ढांचा है, जिसकी एजेंटिक एआइ को सबसे अधिक आवश्यकता होती है। भविष्य में कोई एआइ एजेंट किसी नागरिक की ओर से कर रिटर्न भरना, लाइसेंस नवीनीकरण करना, सरकारी लाभ की पात्रता जांचना या सहायता राशि जारी करना चाहे तो उसे पहचान सत्यापित करनी होगी, दस्तावेजों तक पहुंचना होगा, भुगतान करना होगा और सरकारी प्रणालियों से जुड़ना होगा। भारत ने ये सभी



डा. रोहित यादव

**एजेंटिक एआइ के लिए जिस मजबूत डिजिटल ढांचे की जरूरत होती है, वह भारत के पास पहले से मौजूद है**




एआइ का उन्नत रूप है एजेंटिक एआइ। प्रतीकात्मक

डिजिटल परतें पहले ही बना ली हैं और वे करोड़ों लोगों के स्तर पर सक्रिय रूप से काम भी कर रही हैं। यही एक बड़ा कारण है कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक ढांचा दुनिया की पहली वास्तविक 'एजेंटिक इन्फ्रास्ट्रक्चर' व्यवस्था बन सकता है।

अमेरिका के पास राष्ट्रीय डिजिटल पहचान व्यवस्था नहीं है और यूरोप का ढांचा अलग-अलग बंटा हुआ है। ऐसे में भारत की यह व्यवस्था दुनिया के लिए एक अलग माडल बन सकती है। इससे लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने और लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता कम हो सकती है। एजेंटिक एआइ से बैंकिंग क्षेत्र में ऋण जांच, धोखाधड़ी की पहचान और ग्राहक सहायता जैसे काम तेज और आसान हो सकते हैं। कृषि क्षेत्र में एआइ किसानों को उनकी भाषा में मौसम और फसल रोगों की जानकारी दे सकती है। स्वास्थ्य क्षेत्र में यह प्रारंभिक जांच और रोगी के रिकार्ड विश्लेषण जैसे कामों में मदद कर सकती है। व्यापारियों को भी यह तकनीक नए अवसर दे सकती है।

भारत में लगभग छह करोड़ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम हैं, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देते हैं और 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। एजेंटिक एआइ इन छोटे व्यवसायों को भी बड़ी कंपनियों जैसी डिजिटल क्षमता दे सकती है। भारत में सर्वम एआइ जैसी कंपनियां इस दिशा में तेजी से काम कर रही हैं।

हालांकि इस उत्साह के बीच कुछ गंभीर सवाल भी हैं। सबसे बड़ा सवाल रोजगार का है। आने वाले वर्षों में एआइ करोड़ों नौकरियों की प्रकृति बदल सकती है। दूसरा सवाल जवाबदेही का है। जब एआइ यह तय करे कि किसे ऋण मिलेगा, किस रोगी को प्राथमिकता दी जाएगी या किस विद्यार्थी को कौन सा पाठ्यक्रम मिलेगा तो गलती होने पर जिम्मेदार कौन होगा? तीसरा बड़ा सवाल साइबर सुरक्षा का है। भारत में हर वर्ष लाखों साइबर हमलों और डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों की शिकायतें दर्ज होती हैं। जब एजेंटिक एआइ करोड़ों लोगों के लिए फैसले लेने लगेगी, तब एक छोटी सी तकनीकी चूक भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है। चौथा सवाल असमानता का है। एआइ का लाभ केवल शहरों या संपन्न वर्ग तक सीमित रह गया तो यह नई तकनीक एक नई डिजिटल खाई पैदा कर सकती है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को स्पष्ट और दूरदर्शी नीति की आवश्यकता होगी। तकनीकी शिक्षा संस्थानों और कौशल विकास कार्यक्रमों में एआइ प्रशिक्षण को बढ़ावा देना होगा। भारतीय स्टार्टअप और उद्यमियों को प्रोत्साहन देना जरूरी है। एआइ को प्रमुख भारतीय भाषाओं में विकसित करना भी महत्वपूर्ण है। डिजिटल भारत ने देश को डिजिटल रूप से मजबूत बनाया है और अब एजेंटिक एआइ भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।

(लेखक नरसी मोंजी इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

## परिवर्तन की निरंतरता

परिवर्तन जीवन का एक कटु सत्य है। चाहे वह हमारे भीतर का सूक्ष्म जगत हो अथवा बाहर का भौतिक जगत, दोनों ही परिवर्तन की इस सतत प्रक्रिया से गुजरते रहते हैं। जो कुछ वर्तमान में विद्यमान है, वह परिवर्तन की प्रक्रिया के उपरांत अनुभव में रूपांतरित हो जाता है। यदि हमें अपने जीवन को सार्थक एवं सफल बनाना है तो हमें प्रत्येक परिवर्तन को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ देखते हुए उसे एक प्रेरणास्रोत की तरह समझना होगा। यह आवश्यक नहीं कि प्रत्येक परिवर्तन हमारे लिए अनुकूल परिस्थितियां ही उत्पन्न करे। प्रायः ऐसा भी होगा कि परिवर्तनजनित परिस्थितियां हमारे लिए प्रतिकूल माहौल उत्पन्न करेंगी, किंतु हमें वहां पर विचलित न होते हुए स्वयं को उसके अनुरूप ढालने के लिए तैयार रखना चाहिए।

परिवर्तन के समय हम स्वयं को जितना अधिक सहज रखेंगे, परिवर्तन हमारे लिए उतना ही अधिक लाभकारी सिद्ध होगा। प्रकृति स्वयं परिवर्तन का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करती है। दिन के बाद रात और रात के बाद दिन का आना, ऋतुओं का बदलना, बीज का वृक्ष बनना यह दर्शाता है कि परिवर्तन ही जीवन का आधार है। ठीक इसी प्रकार मनुष्य का जीवन भी परिवर्तन के बिना अपूर्ण है। बाल्यावस्था से युवावस्था और फिर वृद्धावस्था तक का सफर निरंतर परिवर्तन की प्रक्रिया ही है। व्यक्तित्व के विकास में परिवर्तन की निरंतरता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जो व्यक्ति समय के अनुसार स्वयं को बदलना नहीं सीखता, वह सदैव मुख्यधारा से पीछे छूट जाता है। नई परिस्थितियों को स्वीकार करना, नई विधियों को सीखना और अपने सोच को व्यापक बनाना आवश्यक है। सफल वही होता है जो परिवर्तन को एक अवसर के रूप में देखते हुए स्वयं को परिस्थितियों के साथ समायोजित करके एक सकारात्मक दिशा देता है।

प्रेरणा अवस्थी

# शीघ्र सुंदर दिखने की चाहत

रामबाबू सोनी

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के आदेशानुसार अब किसी भी सौंदर्य प्रसाधन का उपयोग इंजेक्शन के रूप में नहीं किया जा सकेगा। पिछले कुछ वर्षों से इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म्स पर ग्लोइंग स्किन, एंटी-एजिंग, इंस्टेंट फेयरनेस, स्किन टाइटनिंग और बिना सर्जरी के फेस शेप सुधारने वाले इंजेक्टेबल उपचार का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। कई ब्यूटी पार्लर, सैलून और वेलनेस सेंटरों में अवैध रूप से अप्रशिक्षित लोगों द्वारा यह कार्य किया जा रहा है, जो लोगों को स्वास्थ्य संबंधी हानि पहुंचा रहा है। सौंदर्य प्रसाधन केवल बाहरी प्रयोग के लिए होते हैं, इन्हें इंजेक्ट करने से स्वास्थ्य संबंधी कई गंभीर चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। सौंदर्य प्रसाधन केवल त्वचा की सफाई, देखभाल और बाहरी सुंदरता बढ़ाने के लिए होते हैं, इनसे चिकित्सा नहीं की जा सकती है।

**विशेषज्ञों के अनुसार इंजेक्टेबल सौंदर्य प्रसाधनों से लोगों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं**

ऐसे विज्ञापनों में 'पहले और बाद की तस्वीरें' दिखाकर लोगों को अपने जाल में फंसाया जाता है। लोग बिना चिर-फाड़ एवं शीघ्र सुंदर दिखने की चाहत में अपने शरीर को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कृत्रिम सुंदरता के लिए उपयोग किए जाने वाले इंजेक्शनों में बोटाक्स, हयालुरानिक एसिड फिलर्स, स्किन बूस्टर्स, ग्लूटाथियोन, फैट बर्नर के साथ हेयर ग्रोथ के लिए पीआरपी थैरेपी, बाडीबिल्डिंग और मसल्स बढ़ाने के लिए स्टेराइड्स, एनर्जी और फिटनेस के लिए विटामिन बी-12 के इंजेक्शन जिम सेंटर्स में दिए जाते हैं। इन इंजेक्शनों को बनाने वाली कंपनियों द्वारा दावा किया जाता है कि इनके उपयोग से त्वचा में गोरापन बढ़ाने, डार्क स्पास्ट मिटाने, त्वचा की नमीं बढ़ाने, होंठों और गालों को आकर्षक बनाने, आंखों के किनारे की झुर्रियों को कम करने, भौहों के बीच की सिलवटों तथा ठुड्डी के नीचे की चर्बी को आसानी से कम करने में मदद मिलेगी।

ऐसे इंजेक्शन से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं। इनसे एलर्जी, सूजन, चेहरे की नसों को नुकसान, चेहरे की विकृति, हार्मोनल असंतुलन, त्वचा संक्रमण, प्रतिरक्षा प्रणाली का कमजोर होना, लिवर, किडनी और नर्वस सिस्टम के नुकसान के साथ ही जान का खतरा भी हो सकता है। इसलिए लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इंजेक्टेबल सौंदर्य प्रसाधनों पर सख्त नियम लागू किए गए हैं। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स पहले ही असुरक्षित और प्रतिबंधित सौंदर्य सामग्रियों की सूची जारी कर चुका है। भविष्य में सौंदर्य प्रसाधनों के विज्ञापन या पैकेजिंग पर भ्रामक दावे करना तथा इस प्रकार के कृत्य करना कानून का उल्लंघन माना जाएगा और दोषियों के खिलाफ 'औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940' के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्वयं लोगों को भी जागरूक होकर इस प्रकार के भ्रामक विज्ञापनों और झूठे दावों से बचना चाहिए, ताकि अधिक सुंदर दिखने की चाहत कहीं सेहत पर ही भारी न पड़ जाए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## मौन तंत्र की भयावह विफलता

'समूचे तंत्र की विफलता' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में ए. सूर्यप्रकाश ने महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधों और प्रशासनिक निष्क्रियता पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने स्पष्ट लिखा है कि केवल कानून बना देने से समाज सुरक्षित नहीं होता, बल्कि उसके प्रभावी क्रियान्वयन और सामाजिक चेतना की भी उतनी ही आवश्यकता होती है। यह विचार आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक दिखाई देता है, क्योंकि अपराध की घटनाएं अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि छोटे शहरों और कस्बों में भी भय का वातावरण बना रही हैं। वास्तविक समस्या केवल अपराधी नहीं, बल्कि वह सामाजिक ढांचा है जो अपराध के बाद भी मौन बना रहता है। परिवारों में संवाद कम हुआ है, विद्यालयों में नैतिक शिक्षा औपचारिकता बन चुकी है और राजनीति अपराध में भी अवसर तलाशने लगी है। पुलिस व्यवस्था पर अत्यधिक बोझ, अदालतों में वर्षों तक लंबित मुकदमे और कमजोर जांच प्रक्रिया अपराधियों का मनोबल बढ़ाती है। डिजिटल माध्यमों पर फैलती हिंसक और स्त्री-विरोधी सामग्री भी नई चुनौती बन चुकी है। किशोर वर्ग बिना किसी मानसिक मार्गदर्शन के आभासी दुनिया से प्रभावित हो रहा है। इस पक्ष पर गंभीर राष्ट्रीय विमर्श लगभग अनुपस्थित है। केवल कठोर दंड की मांग पर्याप्त नहीं, समाज को अपराध पैदा करने वाली परिस्थितियों को भी समझना होगा। समाधान के लिए विद्यालयों में व्यावहारिक नैतिक शिक्षा, स्थानीय स्तर पर महिला सुरक्षा समितियां, तेज फोरेंसिक जांच, पुलिस जवाबदेही और राजनीतिक हस्तक्षेप पर कठोर नियंत्रण आवश्यक हैं। जब तक समाज कारणों पर ईमानदारी से विचार नहीं करेगा, तब तक हर घटना के बाद केवल आक्रोश दिखाई देगा, परिवर्तन नहीं।

awanishg30@gmail.com

मेलबाक्स

## मीडिया ट्रायल क्यों

ए. सूर्यप्रकाश द्वारा लिखित आलेख "समूचे तंत्र की विफलता" पूर्वाग्रह से ग्रस्त प्रतीत होता है। आलेख पढ़कर लगता है कि वे यह मानकर चल रहे हैं कि पति और सास दोषी हैं। पीड़िता स्वयं एक स्वतंत्र व्यक्तित्व की धनी महिला थी, जिसका दहेज के लिए उत्पीड़न छिपा रहना संभव नहीं लगता। वह मृत्यु के कुछ क्षण पूर्व तक अपने स्वजनों तथा मित्रों के सहज संपर्क में थी। ऐसे में दहेज उत्पीड़न के साक्ष्य उपलब्ध न होना अथवा उनका मिटाया जाना संभव नहीं है। अनैसर्गिक मृत्यु की सूचना भी परिजनों तथा पुलिस को तुरंत दी गई थी। इसके बाद एफआइआर दर्ज करने में विलंब का कोई अर्थ नहीं रहता। पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट को भी क्यों गलत माना जाए इसका कोई कारण नहीं है। दूसरे पोस्टमार्टम रिपोर्ट में वही निष्कर्ष निकल सकते हैं। यदि विरोधी निष्कर्ष निकले तब भी दोनों में से कौन-सी रिपोर्ट विश्वसनीय है यह न्यायालय तय करेगा। इन परिस्थितियों में मीडिया द्वारा किसी व्यक्ति या तंत्र को दोषी बता देना मीडिया ट्रायल ही है।

vskokje@gmail.com

## प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही

देश में 21 जून को आयोजित होने जा रही नीट-यूजी की पुनः परीक्षा के प्रश्नपत्रों को भारतीय वायुसेना की निगरानी में वितरित किए जाने की बात सामने आना केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि भारतीय परीक्षा प्रणाली पर गहराते अविश्वास का प्रतीक है। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठ रहा है कि क्या देश की शिक्षा व्यवस्था और उससे जुड़ी एजेंसियां इतनी कमजोर हो चुकी हैं कि अब उन्हें सेना की सहायता लेनी पड़ रही है? क्या शिक्षा माफिया इतने संगठित और प्रभावशाली हो चुके हैं कि सामान्य प्रशासनिक तंत्र उन पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा? वायुसेना की निगरानी में पेपर बांटना एक अस्थायी और तात्कालिक इलाज तो हो सकता है, लेकिन यह इस स्थायी बीमारी का समाधान नहीं है। सरकार हमेशा सेना के साये में परीक्षाएं नहीं करा सकती।

युगल किशोर राही, ग्रेटर नोएडा

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**58** हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो चुका है भारत का कोचिंग उद्योग, जिसमें नीट, जेईई और यूपीएससी समेत अनेक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के छात्र शामिल हैं, जिनकी संख्या सात करोड़ से भी अधिक है।





डा. विकास सिंह
मैनेजमेंट गुरु तथा वित्तीय एवं समग्र विकास के विशेषज्ञ

आजकल

# भारतीय मध्य वर्ग का भीतरी बिखराव

आज का भारतीय मध्य वर्ग समृद्ध दिखाई देता है। महंगे गैजेट्स से सज्जित यह वर्ग संपन्न समाज की तस्वीर प्रस्तुत करता है। लेकिन इसमें एक कड़वी सच्चाई भी छिपी है। बढ़ते वेतन के बीच अनियंत्रित खर्चों और सामाजिक सुरक्षा के अभाव में लोग भीतर से आर्थिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं। आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधुनिक जीवनशैली की लागत इतनी तेजी से बढ़ रही है कि वह आय की स्थिरता को पीछे छोड़ चुकी है। जो मध्य वर्ग इंटरनेट पर खुशहाल और समृद्ध नजर आता है, वह असल जिंदगी में आर्थिक रूप से बेहद नाजुक मोड़ पर खड़ा है।



इंटरनेट मीडिया पर दिखने वाली छवियों के पीछे का सच कई बार बहुत ही कड़वा होता है। प्रतीकात्मक

भारतीय मध्य वर्ग इंटरनेट मीडिया के माध्यम से आज अपनी एक खुशहाल तस्वीर प्रस्तुत करता हुआ दिख रहा है। परंतु इसके पीछे की सच्चाई उस तरह की नहीं है, जैसी हमें दिख रही है। एक पीढ़ी पहले तक भारत का मध्यम वर्ग 'अभाव' से डरता था- उसे डर था कि बुनियादी जरूरतें पूरी होंगी या नहीं। लेकिन आज की पीढ़ी का डर अलग है। डर अब गरीबी के दलदल में गिरने का नहीं है, बल्कि बड़ी मुश्किल से हासिल किए गए मध्य वर्गीय दर्जे को खो देने का है। यह भारत की विकास यात्रा का सबसे बड़ा अंतर्विरोध है।

आंकड़े कहते हैं कि वेतन बढ़े हैं, खपत का दायरा बढ़ा है, हवाई अड्डे खचाखच भरे हैं, रेस्तरां में जगह नहीं है और स्मार्टफोन हर हाथ में हैं। लेकिन इसके समानांतर, शहरी भारत के भीतर आर्थिक असुरक्षा और मानसिक तनाव की जड़ें और गहरी हो गई हैं। बाहर से समृद्ध दिखने वाले लाखों परिवार आज आर्थिक रूप से इतने तंग दायरे में जी रहे हैं कि उनके पास किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कोई अतिरिक्त बचत नहीं है।

**चेतावनी के संकेत** : उपरोक्त तथ्यों को यदि वास्तव में समझना है तो इसके संकेत हमारे चारों तरफ विद्यमान हैं। जरूरत है तो केवल इन्हें सही से विश्लेषित करने की। मसलन आवास संकट की बात करें तो मुंबई जैसे महानगरों के मध्यम आय वाले इलाकों में घरों की कीमतें अब सालाना पारिवारिक आय से 11 से 14 गुना ज्यादा हो चुकी हैं। बेंगलुरु और गुरुग्राम में प्रापर्टी की कीमतों में जो उछाल आया, उसने आइटी और कारपोरेट सेक्टर के वेतन वृद्धि को बहुत पीछे छोड़ दिया। निजी स्कूलों की फीस हर साल आम उपभोक्ता मुद्रास्फीति से कहीं अधिक तेजी से बढ़ रही है। भारत का कोचिंग उद्योग ही लगभग 58 हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो चुका है। चिकित्सा पर होने वाला खर्च आज भी परिवारों को कर्ज के जाल में धकेलने का सबसे बड़ा कारण है, क्योंकि देश में स्वास्थ्य पर होने वाले कुल खर्च का आधे से अधिक हिस्सा लोगों को अपनी जेब से चुकाना पड़ता है।

वस्तुतः आजकल एक ऐसा मध्य वर्ग तैयार हो रहा है जो 'दिखावे' के लिए उपभोग तो भरपूर कर रहा है, लेकिन वास्तविक पूंजी या संपत्ति का संचय नहीं कर पा रहा है। हमारी आर्थिक नीतियां यह मानकर चलती हैं कि बढ़ती आय सीधे सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। यह केवल किसी परिवार के बजट की समस्या नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर देश की जन्मदर, पलायन, राजनीति और दीर्घकालिक आर्थिक विकास पर पड़ने जा रहा है। आज का मध्य वर्ग सिर्फ इसलिए ज्यादा खर्च नहीं कर रहा कि उसकी जरूरतें बढ़ गई हैं, बल्कि इसलिए कर रहा है, क्योंकि समाज में अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए ऐसा करना उसकी मजबूरी बन चुका है। इसे हम "आकांक्षाओं की महंगाई" या स्टेटस को बनाए रखने की अंधी दौड़ कह सकते हैं।

पुरानी पीढ़ियों के लिए मध्यम वर्गीय सुरक्षा का मतलब स्थायित्व था- एक सुरक्षित नौकरी, एक छोटा लेकिन अपना घर, भविष्य के लिए बचत और यह उम्मीद कि अगली पीढ़ी का जीवन उनसे थोड़ा बेहतर होगा। तब मध्य वर्ग का लक्ष्य धीरे-धीरे पूंजी जमा करना और एक सुरक्षित जीवन जीना था, न कि हर वक्त की गलाकाट प्रतिस्पर्धा और दिखावे पर खर्च करना। जबकि आज पैमाना पूरी तरह बदल चुका है। आधुनिक मध्य वर्गीय जीवन की अनिवार्य शर्तों में अब महंगे निजी स्कूल, कोचिंग क्लासेज, इंटरनेट मीडिया पर उपस्थिति, निजी अस्पतालों का इलाज और नौकरी बचाने के लिए निरंतर अपग्रेड करना शामिल हो चुका है।

इस सार्वजनिक प्रदर्शन का आर्थिक व्यवहार पर बहुत गहरा और घातक असर पड़ रहा है। माता-पिता अब अपनी आय का एक बहुत बड़ा हिस्सा सिर्फ शिक्षा पर नहीं, बल्कि 'शैक्षणिक प्रदर्शन या दिखावे' पर खर्च कर रहे हैं। बच्चा किस स्कूल में पढ़ता है, यह माता-पिता के सामाजिक स्तर का प्रतीक बन गया है। मध्य वर्ग का पुराना सूत्र था : कमाओ, बचाओ और संपत्ति बनाओ। नया सूत्र बन चुका है : कमाओ, कर्ज लो और दिखावा बनाए रखो। यह बदलाव आर्थिक मनोविज्ञान को बदल देता है। कर्ज से ऊपरी चमक बनी रहती है, लेकिन भीतर की आर्थिक रीढ़ कमजोर होती जाती है। यह एक ऐसी अर्थव्यवस्था का निर्माण कर रहा है जहां समृद्धि महसूस कम की जा रही है, प्रदर्शन ज्यादा किया जा रहा है।

**बुनियादी सुविधाओं का निजीकरण** : देखा जाए तो भारत के मध्य वर्ग के लिए जो महंगाई आज मुसीबत बनी हुई है, वह वास्तव में सार्वजनिक व्यवस्थाओं या राज्य की विफलता का निजीकरण है। लोग निजी स्कूलों को भारी-भरकम फीस इसलिए देते हैं, क्योंकि सरकारी शिक्षा व्यवस्था पर भरोसा नहीं रह गया है। वे महंगे निजी अस्पतालों का रुख करते हैं, क्योंकि सरकारी स्वास्थ्य ढांचा बेहद दबाव में और बदहाल है। पानी के टैंकर, कोचिंग सेंटर, गेटेड सोसायटियां और निजी गाड़ियां- ये कमजोर सार्वजनिक व्यवस्था के बाजारू विकल्प हैं, जिन्हें मध्य वर्ग मजबूरी में खरीद रहा है।

मध्य वर्ग यहां कोई विलासिता नहीं खरीद रहा, बल्कि वह सरकारी और संस्थागत अनिश्चितताओं से स्वयं को बचाने के लिए एक 'सुरक्षा कवच' खरीद रहा है। यही वह बिंदु है जहां भारत का आर्थिक संकट पश्चिमी देशों या पूर्वी एशिया के मध्य वर्गीय उभार से बिल्कुल अलग हो जाता है। अमेरिका और यूरोप के मध्य वर्ग ने उस दौर में संपत्ति का संचय किया, जब वहां सरकारी स्कूल, सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और स्वास्थ्य प्रणालियां घरेलू आय की तुलना में बेहद मजबूत और सुलभ थीं। दक्षिण कोरिया और जापान ने तेजी से औद्योगिकीकरण तो किया, लेकिन साथ ही उन्होंने आबादी के बूढ़े होने से पहले ही बेहतरीन सार्वजनिक परिवहन, मजबूत सरकारी शिक्षा और रोजगार का एक ठोस आधार तैयार कर लिया था।

इसके विपरीत, भारत का मध्यम वर्ग एक मजबूत बुनियादी सार्वजनिक ढांचे के बिना ही सीधे अत्यधिक महंगे शहरी पूंजीवाद के दौर में प्रवेश कर गया है। जब परिवारों को उन बुनियादी सुविधाओं के लिए अपनी जेब से मोटी रकम चुकानी पड़ती है जो आम तौर पर एक कल्याणकारी राज्य को सामूहिक रूप से देनी चाहिए, तो उनके पास निवेश के लिए बहुत कम पैसा बचता है। बचत, उद्यमिता और दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण के लिए पैसा बचता ही नहीं। अर्थव्यवस्था ऊपर से तो उपभोग-प्रधान दिखती है, लेकिन पारिवारिक बजट की बुनियाद खोखली होती जाती है। यही कारण है कि शहरी कामकाजी युवा अपने माता-पिता की तुलना में कई गुना अधिक कमाने के बावजूद भविष्य को लेकर आशंकित और असुरक्षित रहता है। यह कोई मनोवैज्ञानिक वहम नहीं, बल्कि शुद्ध गणितीय वास्तविकता है।

## कमजोर पड़ रही दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा

शहरीकरण के तीव्र विस्तार और उपभोक्तावाद के दौर में मध्य वर्ग का यह संकट अनायास पैदा नहीं हुआ है, बल्कि यह इसलिए बना हुआ है, क्योंकि भारत का वर्तमान विकास माडल चुपचाप इसी संकट पर निर्भर है। शहरी इलाकों में जमीनों और प्रापर्टी की आसमान छूती कीमतों से सीधे तौर पर बिल्डरों, जमीन मालिकों और राज्य सरकारों को फायदा होता है, जिनकी कमाई का एक बड़ा हिस्सा स्टांप ड्यूटी और रियल एस्टेट की गतिविधियों से आता है। देश का इतना बड़ा और महंगा कोचिंग उद्योग केवल इसलिए फल-फूल रहा है, क्योंकि मांग की तुलना में बेहतरीन उच्च शिक्षण संस्थानों की सीटें कृत्रिम रूप से बेहद सीमित रखी गई हैं। निजी अस्पताल इसलिए पैर पसार रहे हैं, क्योंकि सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली बदहाल और खचाखच भरी है। व्यवस्था या संस्थान की हर कमजोरी, किसी न किसी के लिए बाजार में कमाई का एक नया अवसर पैदा कर देती है। यह स्थिति एक दुष्चक्र को जन्म देती है।

इसमें सरकारों की भूमिका भी है। राज्य इस मध्य वर्गीय उपभोग का जश्न मनाता है, क्योंकि यही खर्च देश के विकास के आंकड़ों को मजबूत बनाए रखता है। बैंक खुदरा कर्ज को आक्रामक तरीके से बढ़ावा देते हैं, क्योंकि होम लोन, पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड ही बाजार में मांग को जिंदा बनाए रखते हैं। बड़ी कंपनियों को इस 'आकांक्षाओं के खर्च' से मोटा मुनाफा होता है, क्योंकि अंदरूनी बजट खोखला होने के बावजूद परिवार बच्चों की पढ़ाई, मकान, इलेक्ट्रानिक्स, गाड़ियां और लाइफस्टाइल सेवाओं पर लगातार खर्च करने को मजबूर हैं। देखादेखी की प्रवृत्ति कुछ इस तरह से मध्य वर्ग में बढ़ गई है कि जीवन स्तर को सुधारने के बजाय यह वर्ग अपनी पहचान बचाने के लिए खर्च पर खर्च करता जा रहा है। लेकिन यह पूरा माडल बहुत चालाकी से सारा जोखिम सरकारों और कंपनियों के कंधों से हटाकर सीधे आम परिवारों पर ट्रांसफर कर देता है। एक पीढ़ी पहले मध्य वर्ग की महत्वाकांक्षा का केंद्र धीरे-धीरे अपनी संपत्ति बनाना था। इसके विपरीत, आज शहरी भारत का मध्य वर्ग अपनी जिंदगी के सबसे ज्यादा कमाई वाले साल केवल अपनी देनदारियों और कर्जों को चुकाने में होम कर रहा है। वेतन तो बढ़ता है, लेकिन उसके साथ ही ईएमआइ, स्कूल की फीस, इलाज का खर्च और मकान का किराया भी बढ़ जाता है। आय की बढ़ोतरी किसी दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा को मजबूत करने के बजाय केवल शहरों में अपनी मौजूदगी को बनाए रखने में ही स्वाहा हो जाती है। यह लोगों के आर्थिक, सामाजिक व्यवहार को बुनियादी रूप से बदल रहा है। (डा. विकास सिंह)

खरी-खरी

## शेयर बाजार का मारा

मनीष कुमार चौधरी

वह शेयर बाजार का मारा था। इसलिए बेचारा था। शेयर बाजार में पिटे हुए आदमी और जुआरी की स्थिति लगभग समान होती है। दोनों यही सोचते हैं कि अब जीते कि बस अब जीते। जीतते तो वे क्या हैं, जो जीता होता है उसे भी गंवा डालते हैं। जब आदमी इस बाजार में घुसता है तो उस सांड की तरह हाव भाव दिखाता है जो स्टाक एक्सचेंज की बिल्डिंग के बाहर लगा रहता है। लेकिन कुछ दिन बीतते-बीतते वह सांड उसके लिए मिमियाती बकरी में बदल जाता है और वह स्वयं को भी उसी स्थिति में पाता है।

वैसे भी सेंसेक्स नेताओं के ईमान की तरह गया-गुजरा हो गया है, उसके स्वभाव का पता नहीं चलता कि वह कितना गिरेगा। सेंसेक्स चढ़ता है तो आदमी सोचता है कि हाय उसने शेयरों में पैसा इन्वेस्ट क्यों नहीं किया। थोड़े दिन होते-होते जब इंडेक्स नीचे आ जाता है तो वही आदमी सोचता है, अच्छा हुआ भइये, जो शेयरों में पैसा नहीं लगाया। लेकिन सेंसेक्स का क्या है। वह फिर चढ़ जाता है। अब आदमी परेशान कि उस वक्त बाजार में कूद लिए होते तो आज वारे-न्यारे हो जाते। सेंसेक्स ऊपर-नीचे होता रहता है और आदमी का दिमाग भी। वह शेयर मार्केट का झुनझुनवाला बनना चाहता है, पर बाजार उसे झुनझुना पकड़ा देता है। देश का 90 प्रतिशत शेयर बाजार ऐसे लोगों की दास्तान है।

लालच बुरी बला है, पर इस बाजार में घुस आए आदमी को लालच ही सबसे ज्यादा मारता है। 'बेचूं कि न बेचूं...' इन चार छुटके शब्दों में शेयर बाजार का सारा खेल हो जाता है। वे जब तक यह समझें कि तेजड़िए और मंदड़िए क्या बला है, खुद को लुटा-पिटा पाते हैं।

बहरहाल, ऐसे मौके पर मुझे स्वर्गीय कवि प्रदीप का एक गीत याद आ रहा है, 'हमने जग की अजब तस्वीर देखी... एक हंसता है दस रोते हैं...।' शेयर बाजार में यह आंकड़ा बदल जाता है। वहां दस हंसते हैं, सौ रोते हैं। मार्क ट्वेन कह गए हैं- अक्टूबर और दिसंबर शेयरों में निवेश करने के लिए विशेष रूप से खतरनाक महीनों में हैं। अन्य खतरनाक महीने जुलाई, जनवरी, सितंबर, अप्रैल, नवंबर, मई, मार्च, जून, अगस्त और फरवरी हैं।

पोस्ट

स्वतंत्रता के 79 वर्ष बाद यदि प्राकृतिक आपदाओं, कानून-व्यवस्था के संकट, बचाव अभियानों और अब यहां तक कि किसी राष्ट्रीय परीक्षा के प्रश्नपत्र की सुरक्षा तथा उसके परिवहन के लिए भी हमें सशस्त्र बलों पर निर्भर रहना पड़ रहा है तो यह संस्थाओं की स्थिति पर प्रश्नचिह्न है।
नंदिनी@NBDwrites


सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट को निर्देश दिया है कि वे फैसला सुरक्षित रखने के तीन महीने के अंदर निर्णय सुनाएं। देरी से ही सही, लेकिन यह सही आदेश है।
अश्विनी महाजन
@ashwani_mahajan



भारतीय राजनीति में इन दिनों नेतृत्व और वैचारिक प्राथमिकताओं को लेकर परिवर्तन की एक नई प्रक्रिया चल रही है। पिछले एक महीने में ममता बनर्जी, स्टालिन, पिनराई विजयन, नीतीश कुमार और सिद्दरमैया जैसे कट्टर समाजवादी छवि वाले नेताओं की सत्ता से विदाई हुई है- चाहे चुनावों के माध्यम से या फिर उनकी पार्टियों के भीतर हुए नेतृत्व परिवर्तन के जरिये। सुशांत झा@jhasushant

जागरण जनमत कल का परिणाम

**क्या डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने से कर्नाटक में कांग्रेस को लाभ मिलेगा?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

**क्या रिषभ पंत ने आइपीएल टीम की कप्तानी छोड़कर सही किया?**

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

अच्छे दिन में साथ थे छुड़ा रहे अब हाथ,
साथी ही करने लगे ममता दी से घात।
ममता दी से घात स्याह दिन हैं जब आते,
साये भी तब साथ छोड़कर हैं भग जाते।
हैं मतलब के यार दे रहे हैं जो गच्चे,
सावधान! ये लोग नहीं हैं बिल्कुल अच्छे!!
-ओम प्रकाश तिवारी



अरुण अशेष
उप राजनीतिक संपादक, बिहार

बिहार डायरी

# मुश्किल नहीं भ्रष्टाचार की जड़ को जानना

बिहार में जब कभी जिम्मेदार लोगों के मुंह से यह निकलता है कि अब भ्रष्टाचारी छोड़े नहीं जाएंगे, तो हितधारक समूहों की मिश्रित प्रतिक्रिया आती है। ये जो हजार या लाख रुपये लेते रंगे हाथ पकड़े जाने की खबरें जब तब आ जाती हैं, वे भ्रष्टाचार के विरुद्ध किसी निर्णायक लड़ाई की सूचना नहीं हैं। इससे तंत्र पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। रंगे हाथ पकड़े गए सौ में 90 सेवक देर-सवेर बरी हो जाते हैं या मामूली दंड पाकर निश्चिंत हो जाते हैं। लेकिन, जिन समूहों के भ्रष्टाचार से राज्य का भारी नुकसान होता है, उनके विरुद्ध भी ऐसी कार्रवाई नहीं होती है, जिसे देख कर अगला डर जाए। गलत करने के बारे में न सोचे। हां, भूल चूक लेनी देनी के लिए ऐसे मामलों की चर्चा होती है।

इसी गुरुवार को विशेष निगरानी इकाई ने रिशुश्री नाम के एक ठेकेदार को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। पिछले साल जून में उसके यहां ईडी का छापा पड़ा था। दोनों एजेंसियों के छापे से जुड़ी खबरों का सार यह है कि रिशुश्री का काम बड़े ठेकों को मैनेज करना था। वह एजेंसियों को ठेका दिलाता था। कमीशन के रूप में हासिल राशि का वितरण ओहदा के हिसाब से करता था। उसी में से दो पैसा अपने लिए भी रख लेता था। वह नगर विकास एवं आवास, बुडको, ऊर्जा, भवन निर्माण, ग्रामीण कार्य सहित कई विभागों में लेनदेन के आधार पर ठेका दिलाता था। भरोसा रखिए कि उस प्रभावशाली आदमी का नाम कभी सामने नहीं आएगा, जिसने रिशुश्री से धन लेकर ठेका दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

जाहिर है कि यह सब किसी लिपिक के स्तर से नहीं हुआ होगा। विभाग के बड़े अधिकारी और यहां तक कि मंत्री तक के संज्ञान में ही बड़े ठेके दिए जाते हैं। इससे पहले भवन निर्माण विभाग के एक मुख्य अभियंता के घर पर ईडी का छापा पड़ा था। लगभग 11 करोड़ नगद मिले थे। उस समय भी बड़ी-बड़ी खबरें छपी थीं। बताया गया था कि बड़ी-बड़ी मछलियां पकड़ में आएंगी। कुछ नहीं हुआ। मुख्य अभियंता पहले से अवकाश प्राप्त थे। उन्हें स्थायी रूप से घर बिठा दिया गया। बाकी कहानियां पहले वाली ही चल रही हैं। रिशुश्री प्रकरण में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजीव हंस की गिरफ्तारी हुई थी। वह जेल से बाहर आ चुके हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं कि बीते 20 वर्षों में राज्य का काफी विकास हुआ है। राज्य, देश और विदेश में काम कर रही कई निर्माण कंपनियों ने इसमें अपना योगदान दिया। इन कंपनियों ने आर्थिक स्थिति के अनुसार अपने संरक्षकों का चयन किया। संरक्षक मंडली में बड़े अफसरों के अलावा प्रभावशाली राजनेताओं और मंत्रियों तक के शामिल होने की चर्चा होती रहती है। केंद्र और राज्य सरकार की निगरानी इकाइयों ने समय-समय पर कार्रवाई भी की। इन



एक ठेकेदार के यहां से बरामद धन। फाइल

कार्रवाइयों का धंधे पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ा। किसी आदमी को एक कंपनी यदि काली सूची में डाल दी गई तो वह किसी दूसरी कंपनी के नाम पर काम ले लेता है। राज्य के हरेक सजग आदमी के मुंह में ठेकेदारों के संरक्षकों का नाम है। केवल निगरानी एजेंसियों का उनके नाम का पता नहीं है, क्योंकि ये नाम किसी कागज पर दर्ज नहीं हैं। कागज पर दर्ज हो भी जाएं तो कमीशन के नाम पर ली गई राशि का पता लगाना कठिन है।

केंद्र या राज्य की निगरानी एजेंसियां ज्यादा मेहनत क्यों करें? फंसने वाली मछलियां भी तो अपने तालाब की ही होती हैं। बिहार की राजनीति में पहले भी बड़े ठेकेदारों का दबदबा था। तब ये ठेकेदार चुनाव के समय चंदा देकर उम्मीदवारों की मदद करते थे। जीत कर आए विधायक या सांसद पैरवी के माध्यम से उपकार का बदला चुकाते थे। नई व्यवस्था में ये स्वयं विधायक और सांसद बन रहे हैं। इस समय भी राज्य मंत्रिमंडल में कई मंत्री हैं, जिनकी पृष्ठभूमि विशुद्ध ठेकेदारी की रही है। यह नहीं कह सकते कि सरकार ने नियंत्रण का कोई प्रयास नहीं किया। उस स्तर पर बहुत प्रयास हुआ। ठेके की पूरी प्रक्रिया आनलाइन कर दी गई है। इसका तोड़ भी निकाल लिया गया है।

हरेक निर्माण के ठेके के लिए सरकार बताती है कि हम यह काम इस दर पर कराना चाहते हैं। ठेकेदारों के सामने विकल्प रहता है कि वह निर्धारित से कम दर पर काम करने का प्रस्ताव दें। इसमें जिसका दर सबसे कम होगा, उसे ठेका दिया जाएगा। अभी किसी किसी विभाग में 35 से 37 प्रतिशत कम दर पर ठेका दिया गया है। इसका मतलब हुआ कि सरकार कोई काम एक रुपये में कराना चाहती है तो ठेकेदार कहता है कि हम 63 पैसा में काम कर देंगे। ठेका मिल गया। 10 प्रतिशत राशि ठेकेदार के मुनाफा के लिए रखा जाता है। आफिस खर्च के नाम पर भी 10 प्रतिशत की राशि रखी जाती है। इस तरह एक रुपये का काम 43 पैसे में हो रहा है। कोई ईमानदारी से केवल ठेके की पड़ताल कर ले, उसे भ्रष्टाचार की जड़ का पता चल जाएगा।

मंथन



प्रेम प्रकाश
वरिष्ठ पत्रकार

# शहरी विकास माडल में बदलाव

शहरों पर बढ़ते जन दबाव के बीच केंद्र एवं राज्य सरकारों को शहरी विकास के माडल में नए सिरे से बदलाव करना होगा, ताकि आर्थिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रगति का संतुलन कायम रहे



भारत आज विश्व में सबसे तेजी से शहरीकरण की तरफ बढ़ने वाले देशों में शामिल है। यह विकास की दृष्टि से एक चमकदार बात जरूर हो सकती है, पर इसके साथ जीवन और समाज की कुछ ऐसी जरूरतें भी जुड़ी हैं, जिनके समाधान के बिना शहरों के विस्तार से संतुलित और समावेशी विकास की चुनौती बढ़ सकती है। शहरों की ओर पलायन, औद्योगिक विस्तार और बदलती जीवनशैली ने देश के शहरी ढांचे पर अभूतपूर्व दबाव पैदा किया है। वर्ष 2050 तक भारत की आधी आबादी शहरों में रह रही होगी। नियोजित शहरीकरण केवल विकास का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक स्थिरता का प्रश्न बन चुका है। ऐसे में यह मूल्यांकन जरूरी है कि क्या भारत के शहर बढ़ती आबादी को संभालने के लिए तैयार हैं।

हमारे सामने हालिया दशकों के जो अनुभव हैं, उनमें दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता जैसे शहर आज विकास के प्रतीक जरूर हैं, लेकिन इनके सामने चुनौतियां भी उतनी ही गंभीर हैं। ट्रैफिक जाम, जानलेवा प्रदूषण, अवैध कालोनियां, जल संकट, कचरा प्रबंधन, महंगी रिहाइश और घटती हरित भूमि अब लगभग हर बड़े शहर की शिनाख्त बन चुकी है। ज्यादातर शहरों में आलम यह है कि वहां आर्थिक अवसर तो जरूर बढ़े, लेकिन इसके साथ मानवीय जीवन की गुणवत्ता लगातार कमजोर होती गई। इसका एक बड़ा कारण यह है कि भारत में लंबे समय तक शहरीकरण योजनाबद्ध विकास के बजाय जनसंख्या के दबाव में बढ़ता रहा। विशेषज्ञ वर्षों से यह कहते रहे हैं कि यदि भारत को 21वीं सदी की आर्थिक शक्ति बनना है, तो उसे अपने शहरीकरण के माडल को बदलना होगा।

इसी सोच के तहत पिछले कुछ वर्षों में देश के अलग-अलग राज्यों ने नए शहरी माडल पर काम शुरू किया। गुजरात ने गिफ्ट सिटी के माध्यम से वैश्विक वित्तीय केंद्र विकसित करने का प्रयास किया। महाराष्ट्र ने नवी मुंबई और ट्रांस हार्बर परियोजनाओं के जरिये मुंबई का दबाव कम करने की दिशा में कदम बढ़ाए। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे आधारित औद्योगिक कारिडोर विकसित कर रहा है। तमिलनाडु, तेलंगाना और कर्नाटक ने आइटी और इलेक्ट्रानिक्स उद्योगों के आसपास नियोजित शहरी विस्तार की रणनीति अपनाई। केंद्र सरकार ने भी स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत योजना, पीएम आवास योजना और औद्योगिक कारिडोर परियोजनाओं के माध्यम से आधुनिक शहरी ढांचे को बढ़ावा देने का प्रयास किया।

इस तरह की पहल के बावजूद एक बड़ी चुनौती बनी रही- भारत में शहरों का विकास अक्सर रोजगार, आवास और सामाजिक ढांचे के बीच संतुलन नहीं बना पाया। कई औद्योगिक क्षेत्रों में फैक्ट्रियां तो खड़ी हो गईं, लेकिन श्रमिकों के लिए बेहतर आवास और नागरिक सुविधाएं विकसित नहीं हुईं। दूसरी ओर, कई आवासीय टाउनशिप ऐसे बने जहां रोजगार के अवसर सीमित रहे, जिससे लोग फिर बड़े शहरों की ओर लौटने लगे।

यहीं पर सैटेलाइट टाउनशिप और इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप जैसे माडल महत्वपूर्ण हो जाते हैं। सैटेलाइट टाउनशिप का उद्देश्य बड़े शहरों के आसपास ऐसे नियोजित नगर विकसित करना है, जहां आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और परिवहन की सुविधाएं पहले से मौजूद हों। इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप इससे एक कदम आगे का माडल है। इसमें उद्योगों के साथ-साथ आवास, स्कूल, अस्पताल, स्किल सेंटर, बाजार और सार्वजनिक परिवहन को एकीकृत रूप से विकसित किया जाता है। इसका उद्देश्य केवल फैक्ट्री स्थापित करना नहीं, बल्कि वर्क-लिव इकोसिस्टम बनाना है, जहां लोगों को रोजगार के साथ गुणवत्तापूर्ण जीवन भी मिल सके।

भारत में अब यह समझ विकसित हो रही है कि भविष्य का विकास केवल महानगरों पर निर्भर नहीं रह सकता। यदि छोटे और मध्यम शहरों को मजबूत नहीं किया गया, तो महानगरों का दबाव असहनीय हो जाएगा। इसी कारण अब क्षेत्रीय शहरीकरण, मल्टी-सिटी ग्रोथ और आर्थिक क्लस्टर आधारित विकास पर जोर बढ़ रहा है। यदि ऐसे माडल रोजगार, पर्यावरण, परिवहन और सामाजिक सुविधाओं के संतुलन के साथ विकसित होते हैं, तो वे उदाहरण बन सकते हैं।

वैसे भारत के सामने चुनौती केवल नए शहर बसाने की नहीं है। असली चुनौती यह सुनिश्चित करने की है कि ये शहर भविष्य की जरूरतों के अनुसार टिकाऊ और समावेशी हों। जलवायु परिवर्तन, बाढ़, जल संकट और प्रदूषण को देखते हुए अब ग्रीन अर्बनाइजेशन की आवश्यकता बढ़ गई है। नए टाउनशिप में वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन, हरित क्षेत्र और आधुनिक कचरा प्रबंधन व्यवस्था को अनिवार्य बनाना होगा। केवल कंक्रीट के जंगल बनाकर भारत अपने शहरी समस्या का समाधान नहीं कर सकता। भूमि अधिग्रहण और सामाजिक स्वीकृति भी इस प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कसौटी होंगे। देश के कई प्रोजेक्ट भूमि विवादों और स्थानीय असंतोष के कारण अटक चुके हैं। इसलिए विकास का माडल ऐसा होना चाहिए जिसमें स्थानीय समुदाय केवल दर्शक नहीं, बल्कि भागीदार बनें।

## टेस्ला ने लांच किया माडल वाई का प्रीमियम संस्करण

**नई दिल्ली :** अमेरिका की दिग्गज इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए अपने माडल वाई का प्रीमियम संस्करण पेश किया है। इसका मूल्य 50.89 लाख रुपये है जो टेस्ला का अब तक सबसे किफायती माडल है। कंपनी ने बताया कि नए माडल वाई प्रीमियम की डिलीवरी जुलाई 2026 से शुरू हो जाएगी। यह माडल एक बार चार्ज होने पर 500 किमी तक की रेंज देता है। (प्रेट्र)

भारत में जटिल वित्तीय उत्पादों को बहुत तेजी से लाने से बचना चाहिए, जब तक कि व्यापक अर्थव्यवस्था और निवेशक उन्हें संभालने के लिए तैयार न हो जाएं।
– वी. अनंत नागेश्वरन, मुख्य आर्थिक सलाहकार



| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,775.74 | ▼ 1,092.06 |
| निफ्टी | 23,547.75 | ▼ 359.40 |
| सोना प्रति दस ग्राम | ₹ 1,62,900 | ▲ ₹ 1,600 |
| चांदी प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,74,700 | ▲ ₹ 5,000 |
| डालर | ₹ 94.85 | ▼ ₹ 0.73 |
| क्रूड प्रति बैरल | $ 92.29 | |

# बैंकिंग प्रणाली में नकली नोटों की संख्या 5.7 प्रतिशत बढ़ी

## आरबीआइ ने कहा- बीते वित्त वर्ष 2025-26 में 500 और 200 रुपये के नकली नोटों की संख्या में हुई तेज बढ़ोतरी

**मुंबई, प्रेट्र:** पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकिंग प्रणाली में नकली नोटों की संख्या में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसकी मूल वजह 500 और 200 रुपये के नकली नोटों की संख्या में तेज वृद्धि होना है। आरबीआइ ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि 2025-26 में पकड़े गए नकली नोटों की संख्या बढ़कर 2,29,746 हो गई, जो 2024-25 में 2,17,396 थी। इसके अलावा, आरबीआइ ने कहा है कि डिजिटल रुपये को सीमापार भुगतान के इस्तेमाल पर भी वह विचार करेगा।

बीते वर्ष 500 रुपये के नकली नोट सबसे ज्यादा पकड़े गए और इनकी संख्या 20.5 प्रतिशत बढ़कर 1,41,907 हो गई जबकि 2024-25 में यह 1,17,722 थी। संख्या के लिहाज से 20 रुपये के नकली नोटों में सबसे ज्यादा वृद्धि हुई और 2024-25 के 253 नकली नोटों के मुकाबले इनकी संख्या 47.4 प्रतिशत बढ़कर 373 हो गई। हालांकि, 2025-26 में 200 रुपये के नकली नोटों की संख्या 2024-25 के 32,660 से घटकर 30,591 रह गई, जबकि 100 रुपये के नकली नोटों की संख्या 51,069 से घटकर 45,621 हो गई। 50 रुपये के नकली नोटों की संख्या में कमी दर्ज की गई और यह 2024-25 के 12,015 से घटकर 10,274 रह गई। 2000 रुपये के नोटों के सर्कुलेशन से हटने के बीच इस तरह के नकली नोटों की संख्या 2024-25 के 3,508 से घटकर 2025-26 में 824 रह गई। आरबीआइ ने बताया कि 97.6 प्रतिशत नकली नोट (2,24,334) दूसरे बैंकों में पकड़े गए, जबकि केंद्रीय बैंक ने 5,412 नोट पकड़े। इसमें पुलिस और अन्य एजेंसियों द्वारा जब्त नकली नोट शामिल नहीं है। 2025-26 में गंदे नोटों के निपटान का काम भी तेजी से घटा है और 2025-26 में 1.71 लाख पीस रह गया जबकि 2024-25 में यह 2.38 लाख पीस था।

**500** रुपये के नकली नोट सबसे ज्यादा पकड़े गए और इनकी संख्या 20.5% बढ़कर 1,41,907 हो गई

**200** रुपये के नकली नोटों की संख्या 2024-25 के 32,660 से 2025-26 में घटकर 30,591 रह गई



### 500 रुपये के नोटों की संख्या लगभग 11.2 प्रतिशत बढ़ी

वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकिंग प्रणाली 500 रुपये के नोटों की संख्या लगभग 11.2 प्रतिशत बढ़ी है। मार्च 2026 के आखिर में 500 रुपये के नोटों की संख्या बढ़कर 7,05,482 लाख हो गई, जो एक साल पहले 6,34,458 लाख थी। कीमत के हिसाब से देखें तो 2025-26 में सर्कुलेशन में 500 रुपये के नोट बढ़कर 35.27 लाख करोड़ हो गए, जबकि 2024-25 में 31.72 लाख करोड़ थे। मार्च 2026 के आखिर में, संख्या के हिसाब से सर्कुलेशन में कुल बैंक नोट में 500 रुपये की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 41.2 प्रतिशत रही।

### धोखाधड़ी के 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के मामले दर्ज

बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों ने वित्त वर्ष 2025-26 में संयुक्त रूप से 48,021 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 10,114 मामले दर्ज किए जबकि 2024-25 में 32,803 करोड़ रुपये के 3,722 मामले सामने आए थे। 2023-24 और 2024-25 में कार्ड/इंटरनेट/डिजिटल भुगतान श्रेणी में धोखाधड़ी की संख्या सबसे अधिक थी। लेकिन 2025-26 में 'एडवांस' यानी कर्ज श्रेणी का हिस्सा सबसे बड़ा था। मूल्य के हिसाब से, तीनों वर्षों में कर्ज श्रेणी में सबसे ज्यादा धोखाधड़ी दर्ज की गई। आरबीआइ ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में उसका बही खाता 20.6 प्रतिशत बढ़कर 91.97 लाख करोड़ रुपये रहा है।

### मजबूत आर्थिक बुनियाद अर्थव्यवस्था को देगी समर्थन

आरबीआइ का मानना है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतों, सप्लाई चेन में व्यवधान के बावजूद मजबूत आर्थिक बुनियाद चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था की वृद्धि को समर्थन प्रदान करेगी। केंद्रीय बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि कारपोरेट और बैंकिंग सेक्टर की अच्छी वित्तीय स्थिति, साथ ही कैपिटल खर्च पर सरकार का लगातार जोर भारत की मजबूत वृद्धि के लिए अच्छा संकेत है।

### आयात-निर्यात के लिए रुपये का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा

आरबीआइ ने कहा है कि पिछले कुछ सालों में आयात और निर्यात के लिए रुपये का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।



2025-26 में आयात के लिए 2.85 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए और यह 2024-25 के 2.60 लाख करोड़ रुपये और 2023-24 के 1.94 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हैं। निर्यात के मामले में यह आंकड़ा 3.27 लाख करोड़ रुपये रहा। जबकि 2024-25 में यह 3.07 लाख करोड़ रुपये और 2023-24 में 2.87 लाख करोड़ रुपये था।

# त्योहारी सीजन के दौरान घट सकती है स्मार्टफोन की मांग

पिछले कई वर्षों से त्योहारी सीजन के दौरान इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों की बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। लेकिन इस बार त्योहारी सीजन के दौरान भारत में स्मार्टफोन की मांग घट सकती है जिससे वार्षिक बिक्री में भी 30 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। ट्रैकिन टेक और टेकआर्क की संयुक्त अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, 2026 की दूसरी छमाही में स्मार्टफोन की 54 प्रतिशत संभावित मांग खतरे में है।



**40%** के आसपास है स्मार्टफोन की कुल लागत में मेमोरी या चिप की हिस्सेदारी

### क्या कहती है अध्ययन रिपोर्ट

- अगर कीमतें लगातार बढ़ती रहीं, तो भारत में स्मार्टफोन खरीदने का इरादा रखने वाले आधे से ज्यादा खरीदार साल के त्योहारी छह महीनों (जुलाई से दिसंबर 2026) के दौरान अपनी खरीदारी टाल सकते हैं या पुराने स्मार्टफोन बाजार (सेकंड-हैंड मार्केट) की ओर रुख कर सकते हैं
- जुलाई से दिसंबर के दौरान खरीदारी की योजना बना रहे 5,958 सक्रिय खरीदारों में से 48 प्रतिशत ने कहा कि वे कीमतें स्थिर होने तक अपनी खरीदारी टाल देंगे
- अध्ययन में शामिल छह प्रतिशत लोगों ने रिफर्बिश्ड या पहले से इस्तेमाल किए गए डिवाइस की खरीदारी करने की बात कही
- मांग में कमी के चलते इस वर्ष त्योहारी सीजन में सालाना बिक्री का आंकड़ा घटकर 11.5-12 करोड़ इकाई तक गिर सकता है
- पिछले साल त्योहारी सीजन (जुलाई-दिसंबर 2025) के दौरान देश में 13.6-13.8 करोड़ स्मार्टफोन की बिक्री हुई थी

### इन तीन वजह से महंगे हो रहे स्मार्टफोन

टेकआर्क के संस्थापक और मुख्य विश्लेषक फैसल कोवासा ने कीमतों में बढ़ोतरी के लिए तीन मुख्य वजहें बताई हैं...

1. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) कंपनियों द्वारा भारी निवेश, जिससे वैश्विक स्तर पर मेमोरी की मांग बढ़ रही है
2. पिछले एक साल में डालर के मुकाबले रुपये में पांच प्रतिशत की गिरावट, जिससे आयात बिल पर असर पड़ा है
3. कंपनियां रणनीतिक बदलाव के तहत सिर्फ राजस्व के बजाय लाभ को ज्यादा अहमियत देते हुए औसत बिक्री मूल्य बढ़ाने पर जोर दे रही हैं

### एंट्री-लेवल व बजट सेगमेंट पर सबसे ज्यादा असर

जनवरी 2025 से मई 2026 के बीच एनएएनडी फ्लैश और डीआरएएम मेमोरी चिप की वैश्विक कीमत बढ़ी है। ये दोनों ही सेमीकंडक्टर चिप स्मार्टफोन की परमानेंट स्टोरेज और एक्टिव वर्किंग मेमोरी के लिए बेहद जरूरी होती हैं। इस वृद्धि का एंट्री-लेवल और बजट सेगमेंट हैंडसेट में सबसे ज्यादा उछाल देखने को मिला है। फोन की कुल कीमत में मेमोरी या सेमीकंडक्टर चिप की लागत करीब 40 प्रतिशत होती है।

### इस्तेमाल किए गए फोन की बिक्री बढ़ने की उम्मीद

अध्ययन में छह प्रतिशत खरीदारों का सेकंड-हैंड डिवाइस की ओर मुड़ना 60 से 70 लाख अतिरिक्त इकाई की बिक्री के बराबर है। कोवासा के अनुसार, इस्तेमाल किए हुए डिवाइस का बाजार जो आम तौर पर 2.3 से 2.5 करोड़ इकाई के आस-पास रहता है, इस साल बढ़कर 3 से 3.2 करोड़ इकाई तक पहुंच सकता है।

बिजनेस डेस्क

## एक नजर में

### बीते सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 7.5 अरब डालर घटा

**मुंबई :** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बीते सप्ताह 7.511 अरब डालर की कमी आई है। आरबीआइ के अनुसार, 22 मई को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 681.384 अरब डालर रह गया है। इससे पिछले सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार में 8.094 अरब डालर की कमी आई थी। (प्रेट्र)

### बीते वित्त वर्ष में रेडटेप को 244 करोड़ रुपये का लाभ

**नई दिल्ली :** देश की दिग्गज फुटवियर, अपैरल निर्माता रेडटेप को बीते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 244 करोड़ रुपये का कर-पश्चात लाभ (पीएटी) हुआ है और इसमें वार्षिक आधार पर 32.4 प्रतिशत की वृद्धि रही है। पूरे वित्त वर्ष के दौरान कंपनी का राजस्व 19.6 प्रतिशत बढ़कर 2,415 करोड़ रुपये रहा है। (वि.)

# अंतिम समय में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 1,092 अंक टूटा

**मुंबई, प्रेट्र:** वित्तीय और तेल व गैस शेयरों में आखिरी मिनट में हुई मुनाफावसूली से सेंसेक्स जहां 1,092 अंक गिर गया वहीं निफ्टी 24,550 के नीचे बंद हुआ। मानसून सीजन में सामान्य से कम बारिश की खबरों से भी निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा।

आखिरी समय में हुई बिकवाली से 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,092.06 अंक या 1.44 प्रतिशत गिरकर 74,775.74 पर बंद हुआ। इंडेक्स ऊपर खुला और ज्यादातर समय एक छोटे दायरे में घूमता रहा। हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक, एमएंडएम और बजाज फाइनेंस में भारी मुनाफावसूली से बाजार बंद होने से पहले एक समय 1,278.69 अंक या 1.68 प्रतिशत गिरकर 74,589.11 पर आ गया था। लगातार तीसरे कारोबारी सत्र कारोबारी सत्र में गिरते हुए 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 359.40 अंक या 1.50 प्रतिशत गिरकर 23,547.75 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से, पावर ग्रिड, इंटरग्लोब एविएशन, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस सबसे ज्यादा पिछड़े। टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, लार्सन एंड टूब्रो और इन्फोसिस को फायदा हुआ। उधर, एशियाई बाजार में दक्षिण कोरिया का कास्पी, जापान का निक्केई225 इंडेक्स और हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 141.90 अंक गिरकर 75,867.80 पर और निफ्टी 6.55 अंक गिरकर 23,907.15 पर बंद हुआ था।

**74,775.74** पर बंद हुआ बीएसई का बेंचमार्क सूचकांक

**359** अंक लुढ़ककर 23,547 पर आया एनएसई निफ्टी



### रुपया 73 पैसे मजबूत होकर 94.85 प्रति डालर पर आया

विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिका मुद्रा के मुकाबले 73 पैसे मजबूत होकर 94.85 प्रति डालर पर बंद हुआ। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर बढ़ी उम्मीद से बाजार धारणा मजबूत होने के बीच रुपया मजबूत हुआ। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट और डालर में कमजोरी से भी रुपये को समर्थन मिला।

### सोना 1,600 बढ़ा, चांदी में 5,000 रुपये की तेजी

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** अमेरिका-ईरान समझौते की उम्मीद और घरेलू बाजार में मांग को देखते हुए बुधवार को सोने की कीमतें 1,600 रुपये बढ़कर 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमतें भी तेजी से बढ़ीं और यह 5,000 रुपये बढ़कर 2,74,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 4,530.72 डालर प्रति औंस हो गया जबकि चांदी 75.52 डालर प्रति औंस पर सपाट कारोबार कर रही थी।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

### इंडिगो को 2,536 करोड़ रुपये का घाटा

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** रुपये में गिरावट और परिचालन संबंधी दिक्कतों के चलते मार्च तिमाही में देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो को 2025-26 की मार्च तिमाही में 2,536.9 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। 2024-25 की समान अवधि में कंपनी को 3,067.5 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय तीन प्रतिशत बढ़कर 23,830.7 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 23,097.5 करोड़ रुपये थी।

कंपनी ने अपने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान उसे 2,393.6 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है, लेकिन विदेशी मुद्रा और कुछ दूसरे उत्पादों से होने वाली हानि को अलग कर दें तो कंपनी को इस दौरान 7,502.5 करोड़ रुपये का लाभ होता है। विमानन कंपनी ने कहा कि रुपये में बहुत ज्यादा गिरावट, श्रम कानूनों में बदलाव और मुश्किल परिचालन माहौल ने परिचालन लाभ को कम कर दिया।

## राष्ट्रीय फलक

# सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन पर 60 अरब डालर खर्च करे सरकार

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

अमेरिका, जापान, चीन, दक्षिण कोरिया जैसे कई देश सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन के लिए अरबों डालर की सहायता कंपनियों को दे रहे हैं। इस मामले में भारत अगर पीछे छूट गया तो अगले दस साल में भारत सेमीकंडक्टर से जुड़े विभिन्न आइटम का बड़ा आयातक देश बन जाएगा। वहीं, सेमीकंडक्टर के वैश्विक बाजार में भी भारत की कोई हिस्सेदारी नहीं रहेगी। ऐसे में देश में सेमीकंडक्टर की पूरी सप्लाई चेन स्थापित करने के लिए नीति आयोग ने एक रोडमैप तैयार किया है। इसमें सरकार से अगले 10 वर्षों में सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन स्थापित करने पर 60 अरब डालर तक खर्च करने की सिफारिश की गई है। यह खर्च इंसेंटिव व अन्य रूप में किया जा सकता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में शुक्रवार को जारी इस रोडमैप में कहा गया है कि वर्ष 2035 तक सेमीकंडक्टर का वैश्विक बाजार 1,547 अरब डालर का हो जाएगा, जो वर्ष 2024 में 631 अरब डालर का था। आयोग ने कहा है कि वर्ष 2035 तक भारत को घरेलू स्तर पर 120-150 अरब डालर के सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन की स्थापना करने की कोशिश करना चाहिए। इससे भारत को आयात भी नहीं करना होगा और भारत इसका बड़ा निर्यातक भी बनेगा। भारत मोबाइल फोन एसेंबलिंग तो बड़े पैमाने पर करने लगा लेकिन मोबाइल फोन निर्माण की सप्लाई चेन घरेलू स्तर पर नहीं होने के कारण इसने विभिन्न पार्ट्स के लिए आयात पर ही निर्भर है। पिछले आठ सालों में भारत ने 150 अरब डालर के सेमीकंडक्टर का आयात किया है और इसकी बढ़ोतरी दर सालाना 23 प्रतिशत है। इस हिसाब से 2035 तक भारत का यह आयात 240 अरब डालर तक जा सकता है।

**देश की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है घरेलू निर्माण:** चिप का घरेलू निर्माण देश की सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। कैमरा से लेकर एआइ लगभग सभी प्रमुख इलेक्ट्रिक सामान में चिप का इस्तेमाल होता है और गैर-भरोसेमंद देश से चिप या संबंधित आइटम का आयात करना देश की सुरक्षा के साथ समझौता हो सकता है। चिप संबंधित सप्लाई चेन की स्थापना के लिए आयोग ने अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ सहयोग की भी सिफारिश की है। चिप निर्माण की घरेलू सप्लाई चेन की स्थापना इसलिए भी जरूरी बताया गया हैं क्योंकि अगर चीन व ताइवान में संघर्ष शुरू हुआ तो चिप की सप्लाई बाधित हो सकती है। जैसे ईरान युद्ध की वजह से कच्चे तेल की सप्लाई बाधित हो गई। ताइवान अभी दुनिया के 60 प्रतिशत चिप का उत्पादन करता है।



नई दिल्ली में शुक्रवार को नीति आयोग के रोडमैप 'भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग का भविष्य के लांचिंग के दौरान केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, नीति आयोग के उपाध्यक्ष और अन्य लोग मौजूद रहे। प्रेट्र

## बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों की खोज के लिए नया पोर्टल लांच

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक एकीकृत आनलाइन पोर्टल लांच किया। इस पोर्टल के जरिये बिना दावे वाली बैंक जमा, बीमा दावे, शेयर और म्यूचुअल फंड की खोज की जा सकती है। मंत्रालय ने कहा कि यह सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने, जानकारी तक पहुंच को आसान बनाने और वित्तीय सशक्तिकरण, समावेश और वित्तीय प्रणाली में भरोसा बढ़ाने की पहल है।

मंत्रालय ने बताया कि लोग https://www.unclaimedassetsportal.in पर बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों की खोज कर सकते हैं। इस पोर्टल को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सहयोग से लांच किया गया है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने समीक्षा बैठक के दौरान इस प्लेटफार्म का उद्घाटन किया। सचिव ने कहा कि यह पोर्टल नागरिकों की सुविधा को बेहतर बनाएगा। यह एक ही प्लेटफार्म पर कई खोज सुविधाओं तक पहुंच को एकत्रित करेगा।

# लव-जिहाद पीड़िता की भोपाल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल**

- शहर के बड़ा तालाब में मिला शव, फुटपाथ पर फोन, हत्या की आशंका
- सहेली के मतांतरण केस में गवाह भी थी, समझौते का दबाव बना रहा था आरोपित पक्ष

मुस्लिम युवकों के संगठित नेटवर्क द्वारा सुनियोजित लव जिहाद और मतांतरण का शिकार हुई 18 वर्षीय पीड़िता की भोपाल के बड़े तालाब में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार सुबह उसका शव बरामद किया गया। युवती के स्वजन ने हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि लंबे समय से आरोपित पक्ष युवती पर अपने केस में समझौते और सहेली के केस में गवाही नहीं देने का लगातार दबाव बना रहा था। पुलिस काल डिटेल, मोबाइल डाटा, दोस्तों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, युवती शुक्रवार सुबह अपने दो दोस्तों- गीतांजलि और सूरज के साथ स्कूटी से वीआइपी रोड घूमने पहुंची थी। तीनों ने राजाभोज प्रतिमा के सामने स्कूटी खड़ी की। इसके बाद दोनों दोस्त आसपास टहलने लगे, जबकि परेशान युवती किसी को बार-बार फोन कर रही थी, लेकिन दूसरी तरफ से काल रिसीव नहीं हो रही थी। कुछ समय बाद उसके तालाब में गिरे होने की सूचना पर पुलिस और गोताखोरों ने शव को तालाब से बाहर निकाला। घटनास्थल के पास फुटपाथ पर युवती का मोबाइल फोन भी मिला है। इसी आधार पर स्वजन ने घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि युवती जिस युवक को फोन कर रही थी, उसका नाम अर्सलान है। तलैया थाना प्रभारी दीपक डेहरिया के अनुसार, मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिभूति बाजार धोखाधड़ी मामले में रिलायंस को दी राहत

**मुंबई, रायटर :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रतिभूति बाजार धोखाधड़ी मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को राहत प्रदान करते हुए अदालत के फैसले व बाजार नियामक के 2020 के उस आदेश को पलट दिया, जिसमें कंपनी पर हेरफेरपूर्ण व्यापारिक प्रथाओं में शामिल होने का आरोप लगाया गया था।

अदालत ने प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड आफ इंडिया (सेबी) को मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली कंपनी से अपील लंबित रहने तक एकत्र किए गए 2.5 अरब रुपये (26.32 मिलियन डालर) वापस करने का निर्देश दिया। आरआइएल व सेबी ने तत्काल जवाब नहीं दिया है। यह मामला आरआइएल द्वारा नवंबर 2007 में अपनी सहायक कंपनी रिलायंस पेट्रोलियम लिमिटेड (आरपीएल) में लगभग पांच प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के फैसले से संबंधित है। बिक्री से पहले, आरआइएल ने 12 संस्थाओं के साथ समझौते किए थे।

# स्पाइसजेट ने पांच महीने से नहीं भरा रिटर्न, जीएसटी ने दिया नोटिस

**जागरण संवाददाता, गुरुग्राम**

- स्पाइसजेट पर 124.65 करोड़ रुपये जीएसटी के रूप में बकाया

जीएसटी रिटर्न नहीं दाखिल करने पर एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट को गुरुग्राम उत्तर राज्य क्षेत्राधिकार के अंतर्गत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। लगातार छह महीने तक रिटर्न नहीं दाखिल करने पर जीएसटी पंजीकरण रद करने का प्रविधान है।

जीएसटी विभाग के अनुसार, स्पाइसजेट द्वारा लगातार जीएसटी रिटर्न दाखिल करने में अनियमितता बरती जा रही है। इसे देखते हुए सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 62 के तहत अस्थायी मूल्यांकन (प्रोविजनल असेसमेंट) किया गया। इसके आधार पर विभिन्न अवधियों के लिए कुल 124 करोड़ 65 लाख 87 हजार 156 रुपये की कर मांग निर्धारित की गई है। विभाग द्वारा जारी मांग विवरण के अनुसार, नवंबर महीने के लिए 44.44 करोड़ रुपये, दिसंबर के लिए 43.79 करोड़, जनवरी के लिए 12.19 करोड़, फरवरी के लिए 12.10 करोड़ तथा मार्च के लिए 12.12 करोड़ रुपये की मांग निर्धारित की गई है। कंपनी के जीएसटी पंजीकरण को रद करने के संबंध में 25 मई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके बावजूद कंपनी द्वारा लंबित रिटर्न अभी तक दाखिल नहीं किए गए हैं।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्पाइसजेट ने शीघ्र लंबित रिटर्न दाखिल कर जीएसटी कानून के तहत निर्धारित वैधानिक दायित्वों का पालन सुनिश्चित नहीं किया तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में स्पाइसजेट प्रबंधन से पक्ष मांगा गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक नहीं उनकी ओर से जवाब नहीं दिया गया।

## आठ वर्षीय निक्षा ने एवरेस्ट के बेस कैंप पर लहराया तिरंगा




एवरेस्ट के बेस कैंप पर पहुंची गुजरात की आठ वर्षीय निक्षा। सौ. सूचना विभाग

**राज्य ब्यूरो, अहमदाबाद :** गुजरात के पालनपुर की आठ वर्षीय निक्षा ने सात दिन में एवरेस्ट बेस कैंप पर पहुंचकर एक नया कीर्तिमान रच दिया। 17,598 फीट की ऊंचाई पर पहुंचकर निक्षा ने तिरंगा लहराकर नाम रोशन कर दिया। निक्षा, गोविंदा स्कूल पालनपुर से कक्षा दो उत्तीर्ण कर कक्षा तीन में पहुंची है। निक्षा बारोट ने एवरेस्ट के बेस कैंप पर माइनस डिग्री तापमान में योग कर संदेश दिया। पिता नीलेश बारोट ने बताया कि 17598 फीट तक बेस कैंप तक पहुंचने में उसने बेहद विपरीत हालात में 130 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण यात्रा को पूर्ण किया।

# हिंदवेयर ट्रेडमार्क मामले में गूगल पर 30 लाख रुपये का जुर्माना

- केवल मध्यस्थ नहीं, बल्कि विज्ञापन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार है गूगल: हाई कोर्ट
- हिंदवेयर सर्च करने पर प्रतिद्वंद्वी कंपनियों के विज्ञापन दिखाने का मामला

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने सैनिटरीवेयर कंपनी हिंदवेयर के ट्रेडमार्क के दुरुपयोग के मामले में गूगल पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि गूगल केवल एक निष्क्रिय मध्यस्थ नहीं है, बल्कि विज्ञापन प्रणाली में सक्रिय भागीदार के रूप में काम करता है और व्यावसायिक लाभ भी कमाता है।

न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा ने कहा, गूगल का यह तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता कि वह केवल मंच उपलब्ध कराता है और इसलिए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत उसे कानूनी संरक्षण मिलना चाहिए। गूगल की भूमिका केवल तकनीकी मंच तक सीमित नहीं है, क्योंकि वह कीवर्ड सुझाता है, विज्ञापनों की रैंकिंग तय करता है और उससे राजस्व भी अर्जित करता है। कोर्ट ने माना कि किसी पंजीकृत ट्रेडमार्क का कीवर्ड के रूप में इस्तेमाल भी विज्ञापन में उपयोग की श्रेणी में आता है, भले ही वह विज्ञापन के पृष्ठ में दिखाई न दे। कोर्ट ने कहा कि गूगल ट्रेडमार्क वाले शब्दों को विज्ञापनदाताओं को सुझाव और बिक्री करता है, जिससे उसे सीधा व्यावसायिक लाभ होता है।

हाई कोर्ट ने गूगल को हिंदवेयर, हिंदवेयर सैनिटरीवेयर और उससे जुड़े अन्य नामों का कीवर्ड के रूप में उपयोग करने से रोक दिया। अदालत ने दोनों मामलों में 15-15 लाख रुपये, कुल 30 लाख रुपये का हर्जाना हिंदवेयर के पक्ष में देने का आदेश दिया है। यह राशि गूगल को आठ सप्ताह के भीतर जमा करनी होगी।

## टाटा स्टील का कर्मचारियों को निर्देश, भ्रामक पोस्ट किया तो होगी कार्रवाई

**जासं, जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने कंपनी के कर्मचारियों और अधिकारियों के इंटरनेट मीडिया उपयोग को लेकर सख्त गाइडलाइन जारी की है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक, अपुष्ट या गोपनीय जानकारी साझा करने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रबंधन की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि इंटरनेट मीडिया का उपयोग पूरी तरह टाटा आचार संहिता (टीसीओसी) के दायरे में आता है। कंपनी के अनुसार हर कर्मचारी संस्था का ब्रांड कस्टोडियन है, इसलिए डिजिटल प्लेटफार्म पर जिम्मेदारी, पारदर्शिता और संयम बनाए रखना आवश्यक है। नई गाइडलाइन के तहत किसी भी सूचना, फोटो या वीडियो को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अनिवार्य कर दी गई है। नई गाइडलाइन का संबंध हाल के औद्योगिक और यूनियन गतिविधियों से भी है।

## प्रेरणा

जिंदगी प्रयोग है। खुद पर जितने ज्यादा प्रयोग करेंगे, उतने बेहतर होते जाएंगे। -राल्फ वाल्डो इमर्सन

## संपादकीय

# जांच में कोताही के दोषियों को सजा नहीं होनी चाहिए?

आखिर क्यों सिस्टम शक्तिशाली लोगों के प्रभाव में हत्या जैसे अपराध पर भी आपराधिक सुस्ती का शिकार हो जाता है और जागता तब है, जब मीडिया आवाज बुलंद करता है? ट्विशा शर्मा वाले चर्चित मामले में सभी सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल मैसेज, शरीर पर एंटी-मॉर्टम (मृत्यु-पूर्व) चोट के निशान और पीड़िता के परिजनों के बयान किसी भी औसत अनुभव और सामान्य दिमाग वाले आईओ को सतर्क करने के लिए काफी थे। फिर कैसे कोई एक व्यक्ति सिस्टम को इतना प्रभावित कर सकता है कि शोकाकुल परिवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर करनी पड़े, कोर्ट को जांच पुलिस से हटाकर सीबीआई को देनी पड़े, शव का फिर पोस्टमॉर्टम करवाना पड़े और सुप्रीम कोर्ट को मामले का स्वत:-संज्ञान लेना पड़े? कहने को तो हम आश्वस्त हो सकते हैं कि अंतत: सिस्टम काम कर रहा है और आरोपी सास (पूर्व जज)- जिन्हें सेशंस कोर्ट से अग्रिम बेल मिल चुकी थी- की जमानत खारिज कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा गया है। लेकिन क्या हर मामले में महिलाओं को दहेज-लोलुपों द्वारा हत्या के बाद न्याय मिल पाता है? यह मामला तो मीडिया के लिए भी आवाज बुलंद करने के लिए काफी था, क्योंकि हत्या की शिकार एक हाई-सोसाइटी की शिक्षित और मुखर मॉडल थी और सबूत के लिए बहुत सारे इलेक्ट्रॉनिक फुटप्रिंट्स थे। जहां ऐसा न हो, उनके बारे में क्या?

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# अपने भीतर ही एक नायक को रचने की तैयारी करें

पहले इंसान बनाने का काम माता-पिता, गुरुजन और समाज द्वारा किया जाता था। यह अभी भी चल रहा है, लेकिन सावधानी नहीं रखी तो इंसान बनाने का काम मशीन हाथ में ले लेगी। इसलिए टेक कंपनियों के कार्यों पर आध्यात्मिक फिल्टर लगाने का समय आ गया है। हमारी संस्कृति में परमात्मा ने एक अनूठा प्रयोग किया है और वो है अवतार का प्रयोग। भगवान जब अवतार लेते हैं तो मनुष्य बनकर आते हैं और वो सारी क्रियाएं करते हैं, उन सभी घटनाओं से गुजरते हैं- जिससे मनुष्य गुजरता है। वो अपनी लीला में यह संदेश दे जाते हैं कि मैंने मनुष्य बनकर कठिन समय में जो-जो भी किया, अच्छे समय को जैसे भी भोगा, वही तुम लोग करो। अवतार सिखाते हैं अपने भीतर शांति-साधना का नायक तैयार करो। आज हमारे अधिकांश लीडरों के भीतर न तो शांति है और न ही कोई साधना है। वो साधन से नेता बन गए, साधना से नहीं बने। जब बाहर की दुनिया में ऐसे नायक की संभावना समाप्त हो जाए तो हमें अपने ही भीतर उसकी तैयारी करनी पड़ेगी। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## नजरिया • सोशल मीडिया पर टॉक्सिक माहौल है

# हमने इंटरनेट पर मौजूद घृणा को क्यों स्वीकार लिया है?

### ट्रोलिंग



बोरिया मजुमदार
सचिन तेंदुलकर की आत्मकथा के सहलेखक और खेल पत्रकार

हाल ही में टॉक्सिक फैन-कल्चर एक बार फिर हमारे सामने भयावह रूप में लौट आई। आईपीएल में ट्रैविस हेड और विराट कोहली के बीच हैंडशेक को लेकर जो विवाद हुआ, वह हेड की पत्नी और परिवार तक पहुंच गया। एक बार फिर हमने मर्यादाओं को टूटते देखा। लेकिन यह पहली बार नहीं हुआ था। हर बार जब कुछ ऐसा होता है, हम इन ट्रोल्स को प्रशंसक-भावना को कलंकित करते और कुछ घृणित हरकत करते देखते हैं। जबकि किसी को भी किसी के परिवार को निशाना बनाने का अधिकार नहीं है। यह एक ऐसा मसला है, जिसके बारे में जीरो-टॉलरेंस का रवैया जरूरी है। मैं स्वयं इस स्थिति को झेल चुका हूं और मैं जानता हूं कि आपकी मां, पत्नी या बच्चे को अपमानजनक नामों से पुकारा जाना कैसा लगता है। यही वह बिंदु है, जहां सोशल मीडिया गंदगी में बदल जाता है, और इसे नियंत्रित करने के लिए तुरंत कुछ किया जाना चाहिए।

ट्विटर या अन्य सोशल मीडिया माध्यमों पर मौजूद टॉक्सिक प्रशंसकों की इस सेना को भी समझना चाहिए कि किसी व्यक्ति के प्रति अंधनिष्ठा दिखाकर वे बड़े उद्देश्य को ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। ट्रैविस हेड की पत्नी पर अपमानजनक टिप्पणियां करके वे विराट कोहली के प्रति अपनी निष्ठा सिद्ध नहीं कर रहे होते। वास्तव में, सच्चाई यह है कि व्यक्ति-केंद्रित प्रशंसक-संस्कृति दिन-ब-दिन अधिक क्रूर और विषैली होती जा रही है। व्यक्ति-पूजा भारतीय खेलों की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक रही है। कई बार ऐसा लगता है मानो प्रशंसक इस बात से भी संतुष्ट हो जाते हैं कि उनके प्रिय खिलाड़ी ने रन बना लिए, फिर भले ही टीम हार गई हो। इसी तर्ज पर यह भी सोचा जाने लगता है कि आखिर किसी ने हमारे प्रिय खिलाड़ी के साथ विवाद करने की हिम्मत कैसे की? तो उसके परिवार को भी इसमें घसीटा जाए।

तेंडुलकर और द्रविड़ का दौर कोहली और रोहित से पहले था। और उनसे पहले गावस्कर और कपिल का युग था। लेकिन जिस प्रकार का विषाक्त फैन-वॉर विराट और रोहित के समर्थकों के बीच दिखाई देता है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। और इसमें सबसे बड़ा नुकसान भारतीय क्रिकेट का ही हो रहा है।

उपरोक्त घटना के बाद ट्रैविस हेड के समर्थन का दावा करने वाले फेक अकाउंट्स भी सामने आ गए, जिनका उपयोग कोहली और उनके परिजनों को अपमानित करने के लिए किया जा गया। यह भी उतना ही निंदनीय है, और इसमें कोई संदेह नहीं कि भारतीय 'प्रशंसकों' का ही एक वर्ग इसके पीछे है। उनके लिए यह केवल अपने निजी द्वेष और कोहली-विरोध को निकालने का एक और अवसर है। इसका परिणाम यह हुआ है कि अलग-अलग प्रशंसक-समूह आपस में लड़ रहे हैं और इसके लिए एक-दूसरे को दोष दे रहे हैं।

अब समय आ गया है कि इन ट्रोल्स के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। इसे हमेशा के लिए रोका जाए। घृणा फैलाना जिस नए भारत की पहचान बनता जा रहा है, वह उस भारत की अवधारणा नहीं है, जिसके पक्ष में हम खड़े हैं। यह वह नहीं है, जिसमें हम विश्वास करते हैं, और एक समाज के रूप में हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। विवाद केवल एक मैच के दौरान हुए हैंडशेक का है, और किसी भी खेल में हमेशा कोई न कोई विजेता और कोई न कोई पराजित होता है। इसका किसी के परिवार, पत्नी या बेटी से कोई संबंध नहीं है। और जो कोई भी इस मर्यादा का उल्लंघन करता है, वह या तो भ्रमग्रस्त है या सभ्य समाज के योग्य नहीं है।

दूसरे, यह एक बेहद खतरनाक प्रवृत्ति है कि लोगों ने अब महसूस करना शुरू कर दिया है कि उन्हें कुछ भी कहने और कहकर बच निकलने का अधिकार है। समय

**यह बेहद खतरनाक प्रवृत्ति है कि लोगों ने महसूस करना शुरू कर दिया है कि उन्हें कुछ भी कहने और कहकर बच निकलने का अधिकार है। समय के साथ सोशल मीडिया अनियंत्रित गाली-गलौज का क्षेत्र बन चुका है। यह चिंताजनक है।**

के साथ सोशल मीडिया अनियंत्रित गाली-गलौज का क्षेत्र बन चुका है। एक स्तर पर यह अश्लील और घृणित है, तो दूसरे स्तर पर बेहद चिंताजनक भी। यह लोगों के भीतर मौजूद गहरी बेचैनी और गुस्से को उजागर करता है। हमने इस स्थिति को बहुत लंबे समय तक बने रहने दिया है, और सोशल मीडिया का विमर्श उस हालत का प्रतिबिम्ब है, जिसमें हम स्वयं को फंसा चुके हैं।

वास्तविक प्रशंसकों के रूप में आपको इसके विरुद्ध खड़ा होना होगा और इसे रोकना होगा। यह बहुत जरूरी है कि प्रशंसक इस स्थिति की गंभीरता को समझें और इस घृणा-प्रदर्शन को समाप्त करें। बहुत से लोग कहेंगे कि यह हमारे जीवन पर पूरी तरह हावी हो चुके सोशल मीडिया का एक बाय-प्रोडक्ट है, लेकिन सच्चाई यह भी है कि इसके विरुद्ध शायद ही कभी कोई संगठित प्रतिरोध हुआ है। इक्का-दुक्का बयान इस समस्या का समाधान नहीं करेंगे। इसके लिए सामूहिक कार्रवाई आवश्यक है, तभी ये ट्रोल रुकेंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को भी समझना होगा कि क्या स्वीकार्य है और क्या नहीं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## डिफ्रेंट एंगल • कहीं मुसीबत न बन जाए इमोशनल ईटिंग

# हम खाने को महज खाना नहीं समझते, जज्बात से जोड़ते हैं

### फूड



रश्मि बंसल
लेखिका और स्पीकर
mail@rashmibansal.in

ऐश्वर्या राय को कान फिल्म समारोह के रेड कार्पेट पर देख कर मुझे सुकून मिला। क्योंकि मेरी तरह, वो भी 'हेल्दी' हो गई हैं। भाई, बावन की उमर में आप पच्चीस के नहीं लग सकते हो, यह एक सच्चाई है। लेकिन बॉलीवुड इसे मानने को तैयार ही नहीं। रियलिटी शो जज करते हैं, मगर रियलिटी स्वीकार नहीं।

जरा सोचिए, वो एक्ट्रेस जिनकी पिक्चर मैंने कॉलेज बंक करके देखी थी, तीस साल बाद वैसी की वैसी। उनकी डाइट क्या है- उबली हुई सब्जियां, सलाद का पत्ता, या सिर्फ हवा? मेरे मन में एक ही सवाल- जो इंसान स्वादिष्ट खाने से वंचित हो, क्या वो सचमुच खुश हो सकता है?

वैसे अब फार्मा कंपनियों ने उपाय ढूंढ लिया है, ऐसा वो ढिंढोरा पीट रही हैं। दवाई बनी थी उनके लिए, जिन्हें डायबिटीज की शिकायत है। अब यूज कर रहे हैं वो जिन्हें 'डायमीटर' की शिकायत है। ओजेम्पिक खाओ, खुद जान जाओ। मगर हां, किसी को बताना नहीं।

अरे, मैंने तो खूब एक्सरसाइज की। ब्रेकफास्ट में खाया चिया, लंच में घिया। आपकी विलपावर की तो दाद देनी पड़ेगी। दवाई के साइड इफेक्ट्स आप कितनी हिम्मत से सहते हैं। आंखें मूंद कर अपने मन के पर्दे पर कल्पना करते होंगे- चर्बी के नीचे क्या है, चर्बी के नीचे... मैं बताती हूं क्या है- हड्डियां। आज कई जानी-मानी हस्तियां मुरझाए हुए पेड़ की तरह दिखने लगी हैं। उनकी काया सूखी-सूखी, शक्ल रूखी-रूखी। गाल नहीं, अब सिर्फ गड्ढे रह गए हैं। वेट तो उन्होंने जरूर लूज किया है मगर साथ में अपनी रौनक भी।

खैर, वो उनकी पर्सनल चॉइस है मगर चूंकि आम जनता स्टार्स की देखा-देखी करती है, मेरी आपको एक ही सलाह है- शॉर्टकट मत लीजिए। अगर आपको सचमुच मेडिकल तौर पर दवाइयों की जरूरत है, तभी शुरू कीजिए। यह नहीं कि शादी होने वाली है, जल्दी से दस किलो कम करने हैं, आसान तरीका अपना लेती हूं।

कोई नहीं जानता कि ऐसी दवाइयां लंबे समय तक खाने का असर क्या हो सकता है। तो क्यों खामखा रिस्क लें? जानते हम सब हैं कि करना क्या है- पौष्टिक खाओ, जिम में जाओ। मगर मेरे खयाल से वजन बढ़ने की सबसे बड़ी वजह कुछ और भी है। आखिर ओवरईटिंग हम क्यों करते हैं? क्योंकि खाने से हम सिर्फ पेट की नहीं, मन की भी तृप्ति करते हैं।

बचपन से हमने खाने को एसोसिएट किया है मां के प्यार-दुलार से। बेटा, एक और कौर खा ले, मेरे लिए खा ले। और हर मोड़ पर हम खाने को महज खाना नहीं समझते, अपने जज्बात से जोड़ लेते हैं।

जब कोई रिश्तेदार मिलने आता है, तो हम कहते हैं- खाना खा कर जाइएगा। और उनकी थाली में एक रोटी एक्स्ट्रा डालते हैं। इसे आदर-सत्कार कहते हैं। किसी की शादी हो और 125 तरह के व्यंजन न हों तो वो शादी ही क्या? अगर खाते-खाते आपके पेट पर नाड़े का निशान न पड़ा, तो दावत में कुछ तो कमी रह गई।

कभी खुशी कभी गम, खाने से जुदा न होंगे हम। पता है कि संयम रखना चाहिए मगर मन नहीं मानता। सारी मुसीबत की जड़ यही तो है। मैं यह नहीं कह रही कि आप केक, आइसक्रीम या समोसा कभी न खाएं। बस अपने आप से एक सवाल पूछें- जब मैं उदास होती हूं, क्या कुछ खाने की इच्छा होती है?

और वो भी रोटी-सब्जी, दाल-चावल नहीं। चाहिए कुछ मीठा, या कुछ चटपटा। ताकि दिल बहल जाए, दुःख दब जाए। इसे कहते हैं इमोशनल ईटिंग, अपने

**जब भी उदास होते हैं, क्या कुछ खाने की इच्छा होती है? और वो भी रोटी-सब्जी, दाल-चावल नहीं। कुछ मीठा, या चटपटा। ताकि दिल बहल जाए, दुःख दब जाए। इसे कहते हैं इमोशनल ईटिंग, अपने आप से दूर भागने का यह एक आम तरीका है।**

आप से दूर भागने का यह एक आम तरीका है। आप खाने में ढूंढ रही हैं प्यार, अपनापन, सुकून- लेकिन वो आपको दे सकता है सिर्फ एक्स्ट्रा कैलोरीज।

तो अगली बार जब बेवक्त या बेकार खाने का मन करे, तो दो मिनट आंखें मूंद लीजिए। अपने आप से सवाल पूछिए- मेरे अंदर हो क्या रहा है? कलम उठा कर दस मिनट तक अपनी भावनाओं को कागज के पन्ने पर प्रवाहित कीजिए। रोना आ जाए, तो आंसू टपकने दो। गुस्सा आए, तो पन्ने पर झलकने दो।

लिखने के बाद लीजिए गहरी सांस, निकल गई ना वो फीलिंग बकवास। पेट की जब पुकार हो तो जरूर खाइए। तब घी वाली रोटी से न घबराइए। हड्डी दिखाने वालों के साथ कॉम्पीटिशन न कीजिए। उन्हें हवा मुबारक, आप असली भोजन का लुत्फ लीजिए।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

**30 मई के अंक से विशेष अनुबंध के तहत सिर्फ दैनिक भास्कर में**
इकोनॉमिस्ट की कवर स्टोरी का फोकस नई टेक्नोलॉजी के कारण युद्ध के तौर-तरीकों में आ रहे भारी बदलाव पर है। स्पेशल स्टोरी में चीन की सोलर इंडस्ट्री में गिरावट पर रोशनी डाली गई है।

The Economist

दैनिक भास्कर
अब आप इकोनॉमिस्ट के सभी आर्टिकल DB एप पर हर शनिवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

## वर्ल्ड इन ब्रीफ

### ट्रम्प श्वेतों और मध्यम वर्ग के लोगों को शरण दे रहे हैं



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प श्वेतों और मध्यम वर्ग के लोगों को शरण देने में प्राथमिकता दे रहे हैं। अक्टूबर के बाद से अमेरिका में छह हजार से अधिक लोगों को शरण दी गई है। इनमें लगभग सभी गोरे दक्षिण अफ्रीकी हैं। पिछले वर्ष की शुरुआत में 1.30 लाख लोग अमेरिका में शरण पाने की कतार में थे। ट्रम्प ने सिर्फ श्वेत दक्षिण अफ्रीकियों को छोड़कर बाकी सब लोगों के लिए यह कार्यक्रम बंद कर दिया। ट्रम्प का दावा है- श्वेत दक्षिण अफ्रीकियों को जनसंहार का सामना करना पड़ा है। वे यह भी कहते हैं कि अफ्रीकी सरकार नस्ल के आधार पर भेदभाव कर रही है।

### यूरोप की सुपरयाट कंपनियों के कारोबार में गिरावट आई

यूरोप का सुपरयाट्स में दबदबा है। पिछले साल एक हजार से अधिक बड़ी याट इटली में बनाई गई थी। सुपरयाट बनाने वाले पांच में से चार सबसे बड़े देश यूरोपीय हैं। पर ईरान युद्ध ने इस इंडस्ट्री की मुश्किलें बढ़ाई हैं। बड़ी इटालियन याट निर्माता फेरेटी के तिमाही ऑर्डर में 2025 की इसी अवधि के मुकाबले एक तिहाई कमी रही। मिडिल ईस्ट देशों के खरीदार बोट्स की डिलीवरी नहीं ले रहे हैं। सस्ते सैन्य ड्रोन्स के कारण याट अब पहले के मुकाबले कम सुरक्षित रह गए हैं। याट निर्माताओं की उम्मीदें अमेरिका पर टिकी हैं।

### वैकल्पिक रास्तों से मक्का पहुंच रहे हैं हज यात्री

मक्का, सऊदी अरब में चल रहे हज में इस साल 17 लाख लोगों के पहुंचने की संभावना है। लगभग 57 लाख इंडोनेशियाई प्रतीक्षा सूची में हैं। उसका कोटा दो लाख 20 हजार है। खबर है कि सऊदी अरब ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से हज तक ईरान पर नए हमले नहीं करने के लिए कहा है। इस बार कई देशों के यात्री वैकल्पिक रास्तों से सऊदी अरब आ रहे हैं। 30 हजार ईरानियों के भी पहुंचने की संभावना है। हवाई किराया और खर्च बढ़ने के कारण कई देशों ने कोटा घटा दिया है।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

## ओपिनियन यूक्रेन-रूस और अमेरिका-ईरान युद्ध, सेंसर, ड्रोन और रोबोट के इस्तेमाल से लंबे खिंच रहे


# युद्ध में कमजोर देश भी अब मुकाबला कर रहे हैं, चार साल में 7.5 लाख मौतें, फिर भी कोई नतीजा नहीं

2021 से 2024 के बीच गोलियों, बमों और मिसाइलों से करीब 7.5 लाख लोगों की मौत हुई। भूख, बीमारी और विस्थापन जैसे युद्ध के अप्रत्यक्ष प्रभावों को जोड़ दें तो यह संख्या और भी बड़ी हो जाती है। शीत युद्ध के बाद ये चार साल का दौर सबसे ज्यादा खूनखराबे वाला माना जा रहा है। इसके बावजूद सवाल बना हुआ है- क्या इतने बड़े नुकसान से किसी पक्ष को निर्णायक जीत मिली है?

यूक्रेन पर रूस का हमला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। रूस ने तेज जीत की उम्मीद की थी, लेकिन युद्ध लंबा खिंच गया और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए यह संघर्ष एक तरह का दलदल बन गया। इसी तरह ईरान के खिलाफ कार्रवाई अमेरिकी को भी अपेक्षित परिणाम नहीं दे सकी। इन संघर्षों ने युद्ध के मैदान की नई वास्तविकताओं को उजागर किया है। आज सैटेलाइट, सेंसर और सस्ते ड्रोन सैनिकों की हर गतिविधि पर नजर रख सकते हैं। मोर्चे पर बड़े सैन्य दलों की आवाजाही पहले की तुलना में कहीं अधिक जोखिमभरी हो गई है। सैनिकों को खुद को बचाने के लिए अब अधिक संघर्ष करना पड़ रहा है। यूक्रेन में सैनिक अब छोटे-छोटे समूहों में आगे बढ़ते हैं, जबकि घायलों और मृतकों को निकालने के लिए रोबोट का उपयोग किया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि दुश्मन की कमजोरी पर अचानक हमला कर निर्णायक बढ़त लेने की पुरानी रणनीति अब ज्यादा प्रभावी नहीं रही।

दूसरा बड़ा बदलाव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण आया है। एआई आधारित सिस्टम अब लक्ष्य खोजने और उन पर हमला करने में सेनाओं की मदद कर रहे हैं। अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ इसकी क्षमता दिखाई है। हालांकि अत्याधुनिक तकनीक के बावजूद ईरान झुका नहीं। उसने ड्रोन और मिसाइल हमले जारी रखे और अपने परमाणु कार्यक्रम पर भी कायम रहा। इससे स्पष्ट है कि तकनीकी श्रेष्ठता हमेशा राजनीतिक या सैन्य सफलता की गारंटी नहीं होती।

तीसरी चिंता युद्ध के नियमों और मानवीय मूल्यों पर बढ़ता दबाव है। यूक्रेन से लेकर गाजा तक नागरिक आबादी पर हमले, अस्पतालों को निशाना बनाने और युद्ध संबंधी अंतरराष्ट्रीय मानकों की अनदेखी के आरोप लगातार सामने आए हैं। इन सब से एक स्पष्ट संदेश निकलता है- युद्ध शुरू करना पहले से आसान हो सकता है, लेकिन उसे जीतना और खत्म करना कठिन होता जा रहा है। नई तकनीक ने कमजोर देशों को भी मजबूत प्रतिरोध की क्षमता दी है।




**तकनीक से हुए ये 3 बदलाव**

1) सैनिकों को सेंसर, सैटेलाइट और ड्रोन्स से खतरा।

2) एआई से निशाना खोजने, साधने की क्षमता बढ़ी।

3) युद्ध के कानूनों का हर जगह खुलेआम उल्लंघन।

### ड्रोन्स के कारण सैनिकों को सुरक्षित रखना ज्यादा मुश्किल

टेक्नोलॉजी तेजी से फैल रही है। लेबनॉन में अब इजराइली सैनिकों को यूक्रेन जैसे ड्रोन्स का सामना करना पड़ रहा है। पहले खाड़ी युद्ध की इराकी स्कड मिसाइलों की तुलना में ईरानी मिसाइलें अचूक हैं। अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो उसकी फौजों को ड्रोन्स से जूझना होगा। नए ड्रोन्स के कारण सैनिकों को सुरक्षित रखना पहले से मुश्किल हो गया है।

### ईरान में जल्द युद्ध खत्म करने का अनुमान गलत निकला

ट्रम्प ने ईरान से छोटे युद्ध का अनुमान लगाया था, लेकिन यह उसके कीमती हथियारों के तेजी से खत्म होने और आर्थिक नुकसान झेलने की सीमित क्षमता में बदल गया है। अमेरिका के अफगानिस्तान और वियतनाम युद्ध में कमजोर पक्ष अपनी जमीन पर लड़ने के कारण जीते, लेकिन ड्रोन और मिसाइलों ने कमजोर देशों को दूर से जवाबी हमला करने की क्षमता दे दी है।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

## बिजनेस

### ताइवान, जापान और दक्षिण कोरिया के कई उद्योग संकट में

उत्तर-पूर्व एशिया की अर्थव्यवस्थाओं में पहली नजर में तेजी दिखाई देती है। पिछले साल ताइवान का निर्यात 40% बढ़ा, दक्षिण कोरिया की बड़ी कंपनियों का मुनाफा 159% उछला और जापान में रिकॉर्ड कॉरपोरेट लाभ दर्ज हुआ। लेकिन यह चमक मुख्य रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सेमीकंडक्टर उद्योग तक सीमित है। इसके विपरीत अन्य उद्योग दबाव में हैं।

ताइवान में सेमीकंडक्टर और एआई सर्वर को छोड़ दें तो 2022 के बाद अन्य निर्यात करीब 40% घट चुके हैं। दक्षिण कोरिया में गैर-एआई निर्यात ठहराव में है, जबकि जापान के कई पारंपरिक उद्योग गिरावट का सामना कर रहे हैं। तीनों देशों के सामने चीन सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। कभी चीन उनकी पूंजी और कच्चे माल का बड़ा खरीदार था, लेकिन अब वह कई क्षेत्रों में प्रतिद्वंद्वी बन चुका है। फरवरी में जापान का चीन के साथ मासिक व्यापार घाटा 6.9 अरब डॉलर रहा, जबकि दक्षिण कोरिया कई वर्षों से घाटे में है। इसका असर उद्योगों पर भी दिख रहा है। ताइवान की मशीनरी कंपनियां कर्मचारियों की छंटनी कर रही हैं। दक्षिण कोरिया की बैटरी कंपनियां आधी क्षमता पर चल रही हैं और जापान व दक्षिण कोरिया की केमिकल कंपनियां चीन की प्रतिस्पर्धा से जूझ रही हैं। एआई फिलहाल इन अर्थव्यवस्थाओं को संभाले हुए है, लेकिन बाकी उद्योगों की हालत चिंता बढ़ा रही है।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

## साइंस मेहनत करने वालों और बीमारों को ही इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक से फायदा

# स्वस्थ लोगों को इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स से लाभ नहीं

इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स यानी इलेक्ट्रॉल या एनर्जी के लिए पिए जाने वाले ऐसे ही स्पोर्ट्स ड्रिंक्स लंबे समय से एथलीट्स, जिम जाने वालों और स्कूली बच्चों के बीच लोकप्रिय रहे हैं। अब सोशल मीडिया पर इन्हें सामान्य लोगों के लिए भी 'सुपर हाइड्रेशन' का जरिया बताया जा रहा है। हालांकि शोध बताते हैं कि स्वस्थ और शारीरिक रूप से कम एक्टिव लोगों को इनकी जरूरत नहीं होती। इनका लाभ कड़ी मेहनत करने वालों और बीमारों को मिलता है।

इलेक्ट्रोलाइट्स कैल्शियम, पोटेशियम और सोडियम जैसे मिनरल्स के आवेशित कण होते हैं। मांसपेशियों की हलचल से लेकर शरीर के तापमान को नियंत्रित करने तक में इनकी भूमिका होती है। ये कोशिकाओं के बीच इलेक्ट्रिकल सिग्नलों को आगे बढ़ाते हैं। सामान्य और संतुलित आहार से शरीर को पर्याप्त इलेक्ट्रोलाइट्स मिल जाते हैं, लेकिन कड़ी मेहनत से काफी पसीना निकलता है और ऐसे लोगों को मिनरल्स की भरपाई करनी पड़ती है। नेचर मैगजीन के मुताबिक इलेक्ट्रोलाइट सप्लीमेंट्स पेट में सोडियम के अवशोषण को बढ़ाते हैं, जिससे शरीर में तरल पदार्थों का अवशोषण आसान हो जाता है। कैंसर मरीजों के इलाज के दौरान भी अतिरिक्त इलेक्ट्रोलाइट्स उपयोगी हो सकते हैं। हालांकि इलेक्ट्रोलाइट पेयों के साथ कुछ जोखिम भी हैं। इनमें अक्सर शुगर, एडिटिव्स और कृत्रिम रंग होते हैं, जो नुकसानदेह हो सकते हैं। अलग-अलग लोगों को इनकी अलग मात्रा की जरूरत होती है, इसलिए हर किसी के लिए उपयोगी मानना सही नहीं है।



**सामान्य डाइट में पर्याप्त इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं**

अधिकतर एथलीट्स को सामान्य डाइट से पर्याप्त पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स मिल जाते हैं। फलों में भरपूर पोटेशियम होता है। दूध, दही, पनीर और सब्जियों से कैल्शियम मिलता है। सूखे मेवों, फलियों और साबुत अनाज में मैग्नीशियम होता है। ऐसे प्रमाण नहीं हैं कि इलेक्ट्रोलाइट सप्लीमेंट्स से स्वस्थ और निष्क्रिय लोगों को कोई फायदा होता है।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

## क्राइसिस दुनिया के 80% सोलर पैनल बनाता है चीन

# चीन की 40 सोलर कंपनियां दिवालिया, पांच में एक तिहाई कर्मचारियों की छंटनी

चीन की सोलर इंडस्ट्री, जो दुनिया के 80% से अधिक सोलर पैनल बनाती है, गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। घरेलू मांग घट रही है क्योंकि बिजली ग्रिड ओवरलोड हो चुके हैं और अतिरिक्त बिजली को संभालने की क्षमता सीमित है। दूसरी ओर, भारी निवेश के कारण उत्पादन जरूरत से कहीं अधिक हो गया है। 2024 से अधिकांश सोलर कंपनियां घाटे में हैं। दिवालिया होने के मामले बढ़े हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका में मांग बढ़ने के बावजूद पश्चिमी देशों के संरक्षणवादी नियम निर्यात में बाधा बन रहे हैं। जनवरी-फरवरी में चीन की 9% सोलर बिजली बेकार चली गई, जबकि इस वर्ष नए इंस्टॉलेशन में 24-43% गिरावट आने का अनुमान है।



**कई कंपनियां डी लिस्ट**

2024 के बाद 40 से अधिक सोलर कंपनियां दिवालिया हो चुकी हैं। कुछ कंपनियां स्टॉक एक्सचेंज से डी लिस्ट कर दी गई हैं। देश की पांच बड़ी सोलर कंपनियों के एक तिहाई कर्मचारियों की छंटनी हो चुकी है।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

## संपादकीय

# राहुल गांधी बदलत आहेत..?

**दक्षिणेती**ल राजकारणात गेल्या पंधरा दिवसांत तीन लक्षवेधी घटना घडल्या. पहिली- तामिळनाडू विधानसभा निवडणुकीचा त्रिशंकू निकाल लागताच द्रविड मुनेत्र कझगमची वर्षानुवर्षांची साथ सोडून काँग्रेसने अभिनेता विजयच्या टीव्हीके पक्षाला पाठिंबा जाहीर केला. राहुल गांधी यांचा हा निर्णय नेहमीप्रमाणे घाईघाईचा असल्याची टीका झाली. दुसरी घटना- केरळमध्ये काँग्रेस नेतृत्वातील युनायटेड डेमोक्रेटिक फ्रंटने यश मिळविल्यानंतर सर्वजण खात्रीने सांगत होते की, गांधी परिवाराच्या जवळचे के. सी. वेणुगोपाल किंवा अनुभवी रमेश चेन्नीथला यांच्यापैकी एकाच्या गळ्यात मुख्यमंत्रिपदाची माळ पडेल. स्पर्धा तीव्र असल्याने नेतानिवडीसाठी अधिक वेळ गेला खरा; परंतु तळागाळात काम करणारे व्ही. डी. सतीशन मुख्यमंत्री बनले. तिसरी घटना- कर्नाटकात नेतृत्वबदल करताना, सिद्धरामय्या यांच्या जागी डी. के. शिवकुमार यांना मुख्यमंत्री बनविताना नेहमीचा सावळागोंधळ दिसला नाही. सर्व काही सहज घडले. गुरुवारी सिद्धरामय्यांनी राज्यपाल थावरचंद गहलोत यांच्या कार्यालयात राजीनामा सोपविला. त्यामुळे सिद्धरामय्या आता शिवकुमार यांना झोप लागू देणार नाहीत वगैरे पतंगबाजी सुरू झाली. तथापि, राजीनाम्यानंतर सिद्धरामय्या दिल्लीत पोहोचले. आता कदाचित ते राज्यसभेत जातील आणि खरगे यांच्या जागी विरोधी पक्षनेतेही बनतील. त्याआधी डी. के. चक्क मावळत्या मुख्यमंत्र्यांच्या पाया पडले. दोघांनी स्नेहभराने एकमेकांना आलिंगन दिले. हे दोघे तर सहकारीच; पण, दाक्षिणात्य राजकारणाचा पोतच निराळा आहे. थलपती विजय शपथ घेण्याआधी एम. के. स्टलिन यांच्या भेटीला जातात. व्ही. डी. सतीशन हेदेखील पिनराई विजयन यांना घरी जाऊन शपथविधीचे निमंत्रण देतात. दोन्ही मावळते मुख्यमंत्री समारंभाला उपस्थित राहतात. भारतीय राजकारणात अलीकडे असे प्रसंग दुर्मीळ झाले आहेत. असो. कर्नाटकातील खांदेपालटाचा विषय काँग्रेसच्या दृष्टीने अपवादात्मक आहे आणि हा अपवाद लोकसभेतील विरोधी पक्षनेते राहुल गांधी यांना देशाच्या राजकारणात थेट मध्यबिंदूवर आणणारा आहे. कारण, काँग्रेससाठी कर्नाटक हे कळीचे राज्य आहे. लोकसभा व विधानसभा निवडणुकीत दणदणीत यश, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे यांचे गृहराज्य अशा कारणांनी कर्नाटक काँग्रेससाठी महत्त्वाचे आहे. म्हणूनच, मुख्यमंत्रीबदलाचा पेच कसा सोडविला जातो याकडे देशाचे लक्ष लागून होते. एकप्रकारे ते सत्तेची सूत्रे एका पिढीकडून दुसऱ्या पिढीकडे सोपविणे होते. सिद्धरामय्या हे पक्षाचे अधिष्ठान तर शिवकुमार हे संकटमोचक. गेल्या जानेवारीत देवराज अर्स यांचा सर्वाधिक काळ कर्नाटकचे मुख्यमंत्रिपद भूषविण्याचा विक्रम मोडीत काढणारे ७८ वर्षांचे सिद्धरामय्या अत्यंत अनुभवी आणि प्रचंड लोकप्रिय ओबीसी लोकनेते आहेत. कुरुबा या महाराष्ट्रातील धनगर समाजासारख्या राजकीयदृष्ट्या सजग समाजाचे ते सर्वोच्च राजकीय नेते, तर त्यांच्यापेक्षा चौदा वर्षांनी लहान उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार हे वोक्कलिगा या तितक्याच प्रभावी, कायम सत्ताधारी समाजाचे नेते. मे २०२३ मध्ये पक्षाने मुख्यमंत्री म्हणून सिद्धरामय्या यांच्या अनुभवाला कौल दिला. तेव्हा, दोघांना प्रत्येकी अडीच वर्षे नेतृत्व देण्याचे ठरले होते, असे सांगितले जाते. तो कालावधी गेल्या नोव्हेंबरमध्ये संपल्यानंतर शिवकुमार यांच्या गोटात अस्वस्थता होती. पाच राज्यांच्या निवडणुकीनंतर, विशेषत: शेजारच्या केरळ व तमिळनाडूतून पक्षासाठी चांगल्या बातम्या आल्यानंतर कर्नाटकला हात घालण्याशिवाय काँग्रेसकडे पर्यायच नव्हता. त्या तिन्ही राज्यांचे निर्णय घेताना खरगे यांचा अनुभव, प्रियांका गांधी यांचा नव्या नेतृत्वाविषयी दृष्टिकोन आणि के. सी. वेणुगोपाल यांच्या संघटनकौशल्याचा वापर करताना राहुल गांधी यांनी पक्षाचे परंपरागत दरबारी राजकारण खुंटीला टांगले. असे आधी घडत नव्हते. राजस्थान व छत्तीसगडमधील जुन्या-नव्यांच्या वादाची व राहुल यांच्या निर्नायकीची उदाहरणे ताजी आहेत. राजस्थानात अशोक गहलोत व सचिन पायलट यांच्यातील वाद वर्षानुवर्षे पेटत राहिला आणि निवडणुकीत दारूण पराभव काँग्रेसच्या वाट्याला आला. छत्तीसगडमध्ये टी. एस. सिंग देव यांना कुजवत ठेवताना भूपेश बघेल यांनी पक्षाची कोंडी केली आणि काँग्रेसची सत्ता गेली. या अनुभवातून धडा घेत राहुल गांधी यांनी निर्णयप्रक्रियेत सुधारणा केली. तामिळनाडू, केरळ व कर्नाटकातील निर्णय ही एकप्रकारे २०२९च्या लोकसभा निवडणुकीची तयारी आहे. अर्थात, समोर भारतीय जनता पक्षाचे महाकठीण आव्हान आहे. लोकसभेआधी सोळा राज्यांच्या निवडणुकीचा सामना काँग्रेसला करायचा आहे. दक्षिणेकडील निर्णयांचा पक्षाच्या प्रतिमेवर किती चांगला परिणाम झाला हे विधानसभा निवडणुकांमध्ये दिसेल.

# उनाडांच्या मौजमजेसाठी जंगलातल्या काजव्यांचे मरण

**निसर्ग कसा पाहावा, याचे शास्त्र शिकूनच पर्यटकांनी जंगलात पाय ठेवायला हवा. निसर्ग म्हणजे डान्स बार व डीजेचा धांगडधिंगा नाही, हे सगळ्यांनी समजून घ्यावे.**



**सुधीर लंके**
निवासी संपादक, लोकमत, अहिल्यानगर

**समाजाला** आता प्रत्येक गोष्टीचा 'इव्हेंट' करायचा असतो. हे इव्हेंट केवळ शहरात डीजे लावून मिरवणुका काढण्यापर्यंत मर्यादित राहिलेले नाहीत. हे 'इव्हेंट मॅनेजमेंट' अगदी आपल्या जंगलांतही घुसले आहे. वाहनांचे ताफे घेऊन लोक जंगलात सफारीला निघतात. रात्रीच्या जंगल सफारी झडतात. यात बिचाऱ्या प्राण्यांचे काय, हा विचारच आपण करत नाही. 'काजवा महोत्सव' नावाखाली सध्या काजव्यांचीही अशीच हत्या सुरू आहे.

अहिल्यानगर जिल्ह्यात अकोले तालुक्यात कळसूबाई हरिश्चंद्रगड अभयारण्य परिसरात दरवर्षी मे महिन्याच्या अखेरीस व जूनच्या प्रारंभी रात्री काजवे दिसतात. यास 'काजवा महोत्सव' संबोधले जाते. दररोज शेकडो पर्यटक हे काजवे पाहण्यासाठी गर्दी करतात. ते अर्थातच वाहनांनी येतात. ही वाहने जंगलात शिरतात. त्यांच्या रांगा लागतात. त्या वाहनांचा प्रकाश, आवाज या बाबी जंगलात प्रदूषण निर्माण करतात.

काजवे हे 'लॅम्पिरिडी' या शास्त्रीय कुळातील प्रकाश निर्माण करणारे कीटक आहेत. हा खूप छोटा जीव आहे. मे- जून हा त्यांचा प्रजननाचा काळ मानला जातो. हा कीटक स्वत: प्रकाश तयार करतो. हा प्रकाश त्याच्या पोटाच्या खालील भागातून तयार होतो. त्याला 'जैवप्रकाशन' म्हणतात. हा प्रकाश उष्ण नसतो. तो दिसायला शीतल व सुंदर असतो. नर काजवे झाडावर राहतात. मादी झाडाखाली असते. मादीला आकर्षित करण्यासाठी नर काजवे चमकतात. पण, पर्यटक टॉर्च लावून, मोबाइलचा फ्लॅश चमकवत फोटो टिपत काजवे पाहण्यासाठी जंगलात शिरत आहेत.

या कृत्रिम प्रकाशाने, गोंगाटाने काजव्यांच्या नैसर्गिक अधिवासात व्यत्यय आणला आहे. याचा परिणाम काजव्यांच्या प्रजनन प्रक्रियेवर होणार आहे. पर्यावरण अभ्यासक डॉ. मधुकर बाचुळकर सांगतात, 'आपण अशीच घुसखोरी केली, तर काजव्यांची प्रजातच नष्ट होईल. काजवा नष्ट झाल्यास परागीभवनावर परिणाम होईल. कारण, तो परागीभवन करतो. परागीभवन न झाल्यास पिकांचे, फळांचे उत्पादन कसे होणार?' आपण अगोदरच मधमाश्या संपवत चाललो आहोत. कोल्हापूर परिसरातील असे काजवा महोत्सवाचे प्रकार आम्ही बंद पाडल्याचेही ते सांगतात.

पर्यावरणप्रेमी गणेश बोऱ्हाडे यांनी या काजवा महोत्सवाबाबत २०२५ मध्ये महाराष्ट्र हरित लवादात (एनजीटी) याचिका दाखल केली होती. यात पर्यटन विभागाने, आम्ही केवळ २०२३ साली हा महोत्सव आयोजित केला होता, त्यानंतर आम्ही महोत्सव घेतला नाही, असे स्पष्ट केले. थोडक्यात, आम्ही पर्यटकांना बोलवत नाही, ते स्वत: येत आहेत, अशी प्रशासनाची भूमिका दिसते.




लवादाने याबाबत नियमावलीची काळजी घेण्याची सूचना केली. यासंदर्भात जिल्हाधिकाऱ्यांकडे बैठक झाली. यात ऑनलाइन नोंदणी करूनच दररोज केवळ दोन हजार पर्यटकांना काजवे पाहण्याची परवानगी द्यावी, जंगलात रात्री नऊनंतर वाहनांना प्रवेश नसावा, एका बाजूने प्रवेश व दुसऱ्या बाजूने 'एक्झिट' असावी, दोन वर्षांतून एकदाच हा महोत्सव होईल, जंगलात मद्यपान व इतर व्यसने करता येणार नाही, अशी नियमावली ठरली. पण, काजवे व ही नियमावली दोन्ही बाबी सातत्याने पायदळी तुडवल्या जातात.

अनेक व्यावसायिकांनी अगदी जंगलात 'तंबू' (टेन्ट) लावले आहेत. ते रोषणाई करतात. गाणी वाजवतात. काजवा महोत्सवाची महागडी 'पॅकेजेस' आहेत. या महोत्सवातून परिसरातील मूळ आदिवासी जनतेला रोजगार मिळतो असा दावा केला जातो. पण, हे अर्धसत्य आहे. कारण, या परिसरात बाहेरून आलेले व्यावसायिक स्थिरावत आहेत. मूळ नागरिक त्यांच्याकडे रोजंदारीवर काम करतात. येथील मूळ नागरिक जेव्हा व्यवसाय करतात, तेव्हा ते पर्यावरण सांभाळतात असेही दिसते. कारण, त्यांना त्याचे मोल ठाऊक आहे.

आपणाकडे ताडोबा व इतर जंगल सफारीसाठी वाहनांचे ताफेच्या ताफे एकाच वेळी निघतात. वाहनांच्या ताफ्यांचा नागरी वसाहतीत नागरिकांनासुद्धा प्रचंड त्रास जाणवतो, तेव्हा प्राण्यांना किती त्रास होत असेल याचा आपण अंदाज करु शकतो. मध्ये वाघ व त्याच्या आजूबाजूला वाहने, असे दृश्य असते. त्याचे रिल्स बनवितात. वाहनेच जंगलात न्यायची असतील तर आता इलेक्ट्रॉनिक वाहनांचा विचार करायला हवा. कारण त्यातून ध्वनी व वायू हे दोन्ही प्रकारचे प्रदूषण टळेल. माथेरानसारख्या गावाने तो उपाय योजला. त्यांनी वाहने गावापासून, जंगलापासून दूर रोखली.

जपानसारख्या देशातील तात्सुनो टाउनसारखी गावे 'होतारू' म्हणजे काजवा महोत्सवासाठी प्रसिद्ध आहेत. पण, त्यांनी काजवे किती शांतपणे पाहायचे हे भान जपले आहे. आपणाकडे राजस्थान न्यायालयाने 'नाइट सफारी'वर बंदी आणली. लोकांनी काजवे पाहावेत; पण अभ्यासक म्हणून. जंगल व जत्रेतील फेरफटका यात फरक आहे.

'निसर्ग पाहावा कसा?' याचे एक शास्त्र आहे. ते शास्त्र शिकूनच पर्यटकांनी जंगलात पाय ठेवायला हवा. अन्यथा, जंगलाचा डान्स बार होईल. निसर्ग म्हणजे डान्स बार व डीजेचा धांगडधिंगा नाही हे पर्यटकांसोबतच वन, पर्यटन विभाग यांनीही समजून घ्यावे.

sudhir.lanke@lokmat.com

## पुस्तक-चर्चा

# 'लोकांचा विवेक चिरडण्यासाठीचे जोडे तुमच्याकडे मिळतील?'

**देवी प्रसाद मिश्र यांच्या 'अन्य कथां'चा मराठीत अनुवाद करण्यामागची प्रेरणा काय?**

- पंचेचाळीस वर्षे मी कविता, गद्यलेखन, भाषांतरं करतोय. या काळात इतर भाषांमधलं विशेषतः हिंदी, इंग्रजी, उर्दू आणि भारतीय भाषांमधलं साहित्यही वाचत आलो. या भाषांतले अनेक लेखक माझे स्नेही आहेत. त्यांच्यामुळेही नवं वाचायला मिळतं. देवी प्रसाद मिश्र हिंदीतले मोठे कवी. त्यांनी कथालेखनही केलेलं आहे. परंपरेत न बसणारी, वेगळ्या स्वभावाची त्यांची जशी कविता आहे, कथाही तशाच आहेत.

एखादी कथा एका ओळीची आहे, काही तीन-चार पानांच्या; पण या लहान कथा आहेत. त्यांचा स्वर कवितेजवळ जाणारा आहे. हे करताना खूप वर्षांपूर्वी वाचलेली जोगेन्द्र पॉल यांची एक कथा मला आठवत होती : 'आज फिर वही हुआ, जिसका मुझे डर था । आज फिर कुछ नही हुआ ।' कवितेसारखं - एक मोठा आशय एका कॅप्सूलमध्ये - सांगण्यासारखं हे आहे; पण देवी ज्यांना 'अन्यकथा' म्हणतात, तो सर्वस्वी त्यांचा असा रूपबंध आहे.

**'माणूस असण्याच्या आठवणी'मधून आजच्या समाजाविषयी, काळाविषयी काय अधोरेखित करावंसं वाटतं?**

- परिघाबाहेर फेकलेल्या माणसांची स्वतःशी असलेली स्वगतं वाटावीत अशा या कथा आहेत. त्यातून देवींना समकालाचाच प्रतिध्वनी ऐकवायचा आहे, हे उघड आहे. भाषांतरकर्ता म्हणून माझी प्राथमिकताच ही असते की असंच साहित्य आपण निवडावं जे माझ्या मराठीला नवी शैली, रूपबंध, विचार असं काही तरी देईल आणि जे आजच्या काळाशी प्रस्तुत आणि औचित्याचं असेल.


**अनुवाद करताना एखादी कथा किंवा प्रसंग असा होता का, ज्याने तुम्हाला अस्वस्थ केलं?**

- प्रत्येकच कथा अस्वस्थ करणारी आहे. परवडत नसतानाही चप्पल झिजली म्हणून जोडे विकत घ्यायला गेलेल्या माणसाची एक कथा आहे. तिथला एक नोकर त्याला सांगतो की, एके दिवशी एक मध्यम उंचीचा, पांढऱ्या दाढी-मिशांचा माणूस येऊन म्हणाला की, त्याला लोकांचा विवेक चिरडण्यासाठीचे जोडे पाहिजेत. तसे नाहीत म्हटल्यावर तो भयावह संताप दाखवत निघून जातो. हे मला हादरवणारं वाटलं. दुसऱ्या कथेत एका वेश्येला ग्राहक सांगतो, तुझ्या पाठीवर व्रण आहे म्हणून आता मी मजुरी देणार नाही किंवा एक मुलगी दुकानात कंडोम विकत घ्यायला जाते आणि तिची होणारी शोकांतिका- असे खूप बेचैन करणारे क्षण वाचताना आले.

**लघुकथेच्या या अत्यंत संक्षिप्त; पण प्रभावी फॉर्ममधील लेखनाला मराठीत किती वाव आहे?**

- हिंदीत लघुकथा होतीच; पण ती तात्पर्यकथा असल्यासारखी. या कथा पिचलेल्या, सामान्य माणसानं स्वतःशी पुटपुटावं इतक्या नजाकतीनं






देवी प्रसाद मिश्र यांच्या हिंदी लघुकथांचा 'माणूस असण्याच्या आठवणी' हा मराठी अनुवाद 'पपायरस प्रकाशना'ने प्रकाशित केला आहे. अनुवादक **गणेश विसपुते** यांच्याशी हा संवाद.

लिहिलेल्या आहेत. कवितेइतकाच त्यांचा प्रभाव पडतो. हे वेगळं आहे म्हणूनच मी मराठीत आणलं. अशा काही सुंदर कथा आपल्याकडे निखिलेश चित्र्यांनी अलीकडे 'सूक्ष्मकथा' नावानं लिहिल्या आहेत. पूर्वी सिनिक (दा. गो. देशपांडे) नावाचे लेखक असं लिहायचे. अगदी श्याम मनोहरांची एक कथाही याच प्रकारची आहे. नवनवे रूपबंध आपण हाताळून पाहायला पाहिजेतच.

**अनुवादात अनेकदा स्थानिक बोली, सांस्कृतिक संदर्भ आणि भावछटा हरवायचा धोका असतो. तो कसा टाळावा?**

- भाषांतरविधेत हा निरंतर पडलेला प्रश्न आहे. भाषांतर करणारा विविध संस्कृतींचे बारकावे, त्यांचे इतिहास, संदर्भ, व्यवहार भाषेतले ताणेबाणे किती बारकाईनं जाणतो, दोन भाषांचं सखोल ज्ञान किती आहे यावर बऱ्याच गोष्टी अवलंबून असतातच. असे पेच सोडवताना त्या-त्या वेळी वेगवेगळे व्यूह रचावे लागतात. तरीही कोणतंही भाषांतर हे परिपूर्ण नसतं, सुजाण वाचकानं त्या रिक्त जागा भरून काढाव्यात यासाठीसुद्धा हा भाषाव्यवहार असतोच.

**कृत्रिम बुद्धिमत्तेमुळे (एआय) साहित्यिक अनुवादासमोर कोणती आव्हानं दिसतात?**

- एआय वा तशा वापरानं केलं जाणारं काम चकित करणारं आहे. तरीही ते तंत्र (किमान प्रादेशिक भाषांमध्ये) पुरेसं विकसित न झाल्यानं त्यातल्या फटी ओळखता येतात. व्यावहारिक भाषांतरासाठी ते वापरता येईलच; पण सर्जक भाषांतरासाठी ते अनिष्ट आहे. त्याचा दुय्यम स्रोत म्हणून वापर करताही येईल; पण त्याची भलामण करावी अशी माझी अद्याप तयारी झालेली नाही. त्यातून काही हौशी, उपटसुंभ भाषांतरं करणारे मात्र वाढले आहेत. ते ओळखू येत असले तरी तसे अप्रामाणिक लोकही आहेत हे कसं नाकारता येईल?

**मुलाखत व शब्दांकन :**
**दुर्गेश सोनार, सहायक संपादक, 'लोकमत'**
durgesh.sonar@lokmat.com

## जगभर

# बाललैंगिक अत्याचारांनी फ्रान्सची राजधानी सुन्न!

**फ्रान्सची** राजधानी पॅरिस गेल्या वर्षभरापासून एका वेगळ्याचं कारणानं गाजते आहे. त्यामुळे संपूर्ण फ्रान्समध्ये खळबळ उडाली असून, चिंताक्रांत पालकांनी आंदोलनं करायला सुरुवात केली आहे. गेल्या काही महिन्यांपासून पॅरिसमध्ये शाळकरी मुलांवर लैंगिक अत्याचाराच्या घटना वाढताहेत. आश्चर्याची गोष्ट म्हणजे शाळेतील कर्मचाऱ्यांनीच ही दुष्कृत्ये केली आहेत.

या घटनांनी सरकारही चक्रावलं आहे. पॅरिस येथील विविध शाळांमध्ये सुमारे १५ हजार सहायक कर्मचारी कार्यरत आहेत. अध्यापनाव्यतिरिक्त जबाबदारी असलेले हे कर्मचारी शाळेतील इतर कामं पाहतात. पण बहुतांश शाळामंधील हे कर्मचारी शाळकरी मुलांवरील लैंगिक अत्याचाराशी संबंधित गुन्ह्यांमध्ये अडकल्याचं दिसून येत आहे. इतक्या मोठ्या प्रमाणावर हे कर्मचारी अशा प्रकारच्या गुन्ह्यात सामील असल्यानं शाळा आणि पालकांचं धाबं दणाणलं आहे. सध्या पॅरिसमधील जवळपास शंभर बालसंगोपन केंद्रं, बालवाड्या आणि प्राथमिक शाळांमध्ये चौकशी सुरू आहे. या ठिकाणी कार्यरत कर्मचाऱ्यांवर अयोग्य, आक्रमक किंवा लैंगिक स्वरूपाचं वर्तन केल्याचे आरोप आहेत. पोलिसांचं म्हणणं आहे, आम्ही जितकी चौकशी करीत आहोत आणि जितकं खोलात जात आहोत, तितकी अधिकाधिक प्रकरणं पुढे येत आहेत. याची व्याप्ती आणखीही बरीच वाढण्याची शक्यता आहे.

काही दिवसांपूर्वीच पोलिसांनी तीन शाळांवर छापे टाकून सोळा जणांना ताब्यात घेतलं. अनेक पालकांनी सांगितलं, गेल्या काही दिवसांपासून आमच्या लहान मुलांच्या वर्तणुकीत आम्हाला विचित्र बदल दिसत आहेत. कायम हसणारी, खेळणारी ही मुलं आता घाबरलेली, त्यांच्याच कोशात गेलेली दिसताहेत. रात्रीही झोपेतून ती दचकून उठताहेत, रडताहेत. एका पालकानं सांगितलं, माझ्या पत्नीनं




आमच्या मुलीला विश्वासत घेतलं, तिला बागेत नेलं आणि शाळेत कुणी तुला स्पर्श केला का असं विचारल्यावर ती रडायला लागली. 'डेव्हिड' मला रोज 'स्पर्श' करतो, मिठी मारतो आणि कुणाला हे सांगितलं तर तुला मारुन टाकीन अशी धमकी देतो, असंही तिनं सांगितलं. या प्रकारामुळे पॅरिसमधील लहान मुलांच्या पालकांमध्ये अविश्वास आणि भीतीचं वातावरण निर्माण झालं आहे. अनेक पालकांचं म्हणणं आहे, शाळा प्रशासनानंही या तक्रारी गांभीर्यानं घेतल्या नाहीत. त्यांनी हा प्रकार दाबण्याचाच प्रयत्न केला.

मुलांसाठी काम करणाऱ्या स्वयंसेवी संस्थांच्या कार्यकर्त्यांचं आणि यासंदर्भातील अभ्यासकांचं म्हणणं आहे, शाळेत सहायकाचं काम करणाऱ्या या कर्मचाऱ्यांची गुणवत्ता आणि दर्जा अतिशय कमी असतो, कारण त्यांचं शिक्षणही कमी झालेलं असतं आणि त्यांना वेतनही कमी मिळतं. इथे बऱ्याच शाळांमध्ये सहायकाची नोकरी मिळवण्यासाठी फक्त बालसंगोपनाचं प्राथमिक प्रमाणपत्र पुरेसं असतं. काही वेळा भरतीचा ताण इतका वाढतो की ही अटसुद्धा शिथिल केली जाते.

पालकांची ओरड आणि आंदोलनं सुरू झाल्यानंतर पॅरिसचे नवे महापौर इमॅन्युएल ग्रेग्वार यांनी भरती प्रक्रियेत सुधारणा करण्याचं आश्वासन दिलं आहे. प्रशिक्षण आणि देखरेखीसाठी त्यांनी दोन कोटी युरोंची तरतूद जाहीर केली आहे. तसंच एखादी तक्रार दाखल होताच संबंधित कर्मचाऱ्याला तात्पुरतं निलंबित केलं जाईल, असंही त्यांनी सांगितलं. या वर्षाच्या सुरुवातीपासून जवळपास शंभर जणांना निलंबित करण्यात आलं आहे.

## जनमन

# आदिवासी पदांचा हिशेबच हरवला!



**शासनाच्या** विविध विभागांमध्ये अनुसूचित जमातींसाठी राखीव असलेल्या पदांचा नेमका हिशेबच हरवल्याचे चित्र आज दिसून येत आहे. आरक्षणासाठी आवश्यक असलेली बिंदुनामावली (रोस्टर) अनेक कार्यालयांमध्ये अद्ययावत नाही, तर काही ठिकाणी ती उपलब्धच नसल्याचे समोर येत आहे. त्यामुळे आदिवासी समाजातील पात्र युवक-युवतींना त्यांच्या घटनात्मक हक्कांपासून वंचित राहावे लागत आहे. आरक्षण हे सामाजिक न्यायाचे प्रभावी साधन आहे. मात्र आरक्षित पदे रिक्त ठेवणे, पदोन्नतीतील आरक्षण टाळणे, आरक्षणाच्या जागा इतर प्रवर्गात वळविणे तसेच भरती प्रक्रियेत पारदर्शकता न राखणे, असे गंभीर प्रकार वाढताना दिसत आहेत. अनेकदा माहिती अधिकारातून माहिती मागविल्यानंतरही संबंधित कार्यालयांकडे स्पष्ट नोंदी उपलब्ध नसतात.

राज्य शासनाने अनुसूचित जमातींसाठी स्वतंत्र समिती स्थापन केली असून, ही समिती आरक्षण, पदोन्नती, बिंदुनामावली आणि आदिवासी कर्मचाऱ्यांवरील अन्याय यांचा आढावा घेत असते. मात्र संबंधित विभागांनी योग्य माहितीच उपलब्ध करून दिली नाही, तर समितीचे कार्यही प्रभावीपणे होऊ शकत नाही. शासनाने आरक्षित पदांचा अचूक हिशेब जाहीर करावा व रिक्त पदे तातडीने भरावीत. यासोबतच पेसा कायद्यांतर्गत असलेल्या रिक्त पदांची भरती करणे आणि पेसा कायद्याची प्रभावी अंमलबजावणी करणेही अत्यंत आवश्यक आहे. ग्रामसभेचे अधिकार, जल-जंगल-जमीनवरील स्थानिक हक्क आणि आदिवासी स्वायत्ततेचे संरक्षण हे पेसा कायद्याचे मुख्य उद्दिष्ट आहे. मात्र या कायद्याची प्रभावी अंमलबजावणी होत नसल्याने आदिवासी समाजामध्ये नाराजी वाढत आहे.

**- सुनील सुंदराबाई धाऊ झळके,** भिवंडी, जि. ठाणे

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

## चित्रकथा

# कोळ्याचं जाळं नव्हे, हे झाडच.. निसर्गातून निराकाराकडे गेलेलं!

**वर जाणाऱ्या, वाकड्या रेषांची लय बघताना आपण झाड विसरून रेषांचं संगीत ऐकू लागतो. पीट मॉन्ड्रिआनने १९११ साली रंगवलेलं हे झाड.**



**शर्मिला फडके**
ख्यातनाम कला समीक्षक, लेखिका

**एक राखाडी,** निष्पर्ण झाड. पार्श्वभूमीही राखाडी. झाडाच्या काळसर, मातकट रंगांतल्या फांद्या गुंतागुंतीच्या जाळ्यासारख्या पसरल्या आहेत, राखाडी रंगात बुडालेल्या. रंग जवळपास नाहीतच. झाडाची ओळख हळूहळू पुसट होत जाणारी. फक्त वर जाणाऱ्या आडव्या, वाकड्या रेषांची लय उरली आहे. बघताना आपण झाड विसरतो, फक्त रेषांचं संगीत ऐकू लागतो.पीट मॉन्ड्रिआन या डच चित्रकाराने १९११ साली रंगवलेलं हे सफरचंदाचं झाड. 'द ग्रे ट्री' हे मॉन्ड्रियनच्या संक्रमणकाळातील चित्र आहे. झाडाची प्रतिमा अजून ओळखता येते; पण ती भूमितीय रेषांमध्ये विखुरलेली आहे. निसर्गातून निराकारतेकडे झालेला प्रवास या चित्रातून आपण पाहू शकतो, झाडाची नैसर्गिक वक्रता हळूहळू सरळ रेषांमध्ये रूपांतरित होत आहे. रंग, आकार सगळं गाळून फक्त 'संतुलन' शिल्लक आहे. हे चित्र म्हणजे वास्तवाला निरोप देऊन अमूर्ततेच्या दारात ठेवलेलं पहिलं पाऊल.

मॉन्ड्रिआन कला तत्त्वज्ञ आणि चिंतकही होता. चित्रकलेद्वारे निसर्गाच्या वैश्विक नियमांचा शोध घेता येऊ शकतो यावर त्याचा विश्वास होता. निसर्गाच्या वरवरच्या रूपापेक्षा त्यामागची शाश्वत रचना त्याला महत्त्वाची वाटत होती. मॉन्ड्रिआनला मूलभूत आकार आणि लयीचं सापडलेलं चित्रभान राखाडी झाडात नेमकं न्याहाळता येतं. निसर्गाच्या मूलभूत आकाराचा ताल शोधायचा इथे प्रयत्न आहे. फांद्यांच्या कमानीतून झिरपणारा प्रकाश न्याहाळताना रचनेतलं लोभस आंतरिक संतुलनही दिसायला लागतं.

खरं तर हे झाड एकटं नाही, त्याच्या आधी आणि नंतरही एकेक झाड मॉन्ड्रिआनने रंगवलं. त्यातून



केवळ ऋतूंचं अवस्थांतर नाही, त्याच्या कलाशैलीतला बदलही स्पष्ट न्याहाळता येतो. पहिलं झाड लाल, जांभळी रंगीत शाल पांघरलेलं, पर्णहीन होण्याच्या अगोदरचं. त्यात झाडाची वास्तव आकृती स्पष्ट ओळखू येते. नंतर तो हळूहळू रंग आणि तपशील कमी करत गेला, तिसरं झाड संपूर्ण अमूर्ततेत समर्पित झालेलं आहे. त्याची पानं, खोड, फुलांचा बहर क्युबिस्ट रचनेत दर्शवला आहे. राखाडी झाडात या मूर्त ते अमूर्त प्रवासाच्या सर्व खुणा बरकरार आहेत.

१९०८ पर्यंत मॉन्ड्रिआन डच परंपरेतील वास्तववादी निसर्गचित्र रंगवायचा. १९११ मध्ये पॅरिसला गेल्यावर त्याच्यावर क्यूबिझमचा प्रभाव पडला. राखाडी झाडात हा प्रभाव, त्याच्या वेगळेपणासकट स्पष्ट न्याहाळता येतो. इथे त्याने झाडाच्या वाढीचा उभा-आडवा ताण दाखवला आहे. झाडाच्या गाभ्यापर्यंत पोहोचण्याचा, त्याचा आत्मा शोधण्याचा प्रयत्न त्याने केला आहे. यातूनच पुढे तो निओप्लास्टिसिझमपर्यंत पोहोचला. केवळ आडव्या-उभ्या रेषा आणि प्राथमिक रंग. आडवी रेषा म्हणजे पृथ्वी, स्त्रीत्व, स्थैर्य; उभी रेषा म्हणजे आकाश, पुरुषत्व, आध्यात्मिक वाढ. या दोन्हींच्या संतुलनातून परिपूर्ण सुसंवाद साधता येतो. या विचाराने विसाव्या शतकातली अमूर्त कला, डिझाइन, आर्किटेक्चर सगळं बदललं. मिनिमलिझम शैलीच्या उदयावर मॉन्ड्रिआनचा मोठा प्रभाव आहे. १९११ मध्ये जेव्हा हे चित्र पॅरिसमध्ये प्रदर्शित झालं, त्यावेळी 'हे झाड आहे की कोळ्याचं जाळं?' अशी टीका झाली. पण अवांत-गार्दे वर्तुळात त्याचं खूप कौतुक झालं. कलेच्या इतिहासात 'वास्तवातून अमूर्ततेकडे जाणारा पूल' म्हणून या चित्राची नोंद झाली आहे. हे राखाडी झाड एका चित्रकाराने स्वतःची भाषा शोधण्याचा, आणि कलेची व्याख्याच बदलण्याचा निर्णायक क्षण आहे.

sharmilaphadke@gmail.com


## तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

लोकमत ऊर्जा
अधल्या-मधल्या वयातल्या मुलांची बेस्ट फ्रेंड!



### हॅलो, मी ऊर्जा

तुमच्यासारखे माझे कितीतरी छोटे मित्र-मैत्रिणी मला नेहमी विचारतात, की आम्हाला एखादी गोष्ट कळली नाही, प्रश्न पडला, शंका आली तरी ती मोठ्या माणसांना विचारायची भीती वाटते. तुला काहीच कळत नाही, तुझं लक्षच नसतं असं म्हणून मोठी माणसं ओरडतील असं वाटतं... हो ना? पण नेहमीच तसं होत नाही. शंका विचारणं, एखादी गोष्ट अडणं हा तुम्ही प्रयत्न करत असल्याचा पुरावा असतो, त्यामुळे प्रयत्न करत राहा, प्रश्न विचारत राहा, तुम्हाला मोठं होताना त्याचा उपयोग नक्कीच होईल.

गेले काही दिवस, म्हणजे सुट्टीचं पान सुरू झाल्यापासून तुम्ही डॉ. विनया जंगले यांचं सदर वाचताय ना? त्या प्राण्यांच्या डॉक्टर आहेत, त्यामुळे त्यांच्याकडे आपल्याला सांगायला भरपूर आणि भन्नाट गोष्टी असतात. निसर्गातल्या, प्राण्यांच्या, पक्ष्यांच्या किती मस्त मस्त गोष्टी त्या सांगतात ना आपल्याला? मज्जा येते की नाही तुम्हाला त्या वाचून?

निसर्ग आपल्याला एक महत्त्वाची गोष्ट शिकवतो. ती म्हणजे निरीक्षण... निरीक्षण केलं तर आपल्याला प्रश्न पडतात. प्रश्न पडले तरच आपण त्यांची उत्तरं शोधण्यासाठी धडपड करू शकतो आणि ती केली तरच नवीन काही समजण्याचा आनंदही आपल्याला मिळू शकतो. खरं तर हे तुमच्या शाळेतल्या अभ्यासालाही लागू पडतंच, पण निसर्गातल्या गोष्टींना ते थोडं जास्त लागू पडतं... त्यामुळे निरीक्षण करणं, प्रश्न पडले की त्यांची उत्तरं शोधणं, ती स्वतःची स्वतः शोधायला जमत नसेल तर आईबाबांची, शिक्षकांची मदत घेणं यात अजिबात काही कमीपणा नाही, हे नेहमी लक्षात ठेवा.

बाकी, आता सुट्टी संपत आली, उरलेल्या सुट्टीत काय काय करणार मला कळवा...

**- तुमची ऊर्जा**



# तुम्ही गोलुमोलु आहात? जाता-येता खाता?

**काय? तुम्हाला दररोज ३-४ पाकिटं चिप्स लागतात?**

**नूडल्स नाही मिळाले तर तुम्ही चक्क उपाशी राहता?**

**तुमचं वजन सारखं आपलं वाढतंच आहे**

**म्हणून तुमचे आईबाबा काळजीत पडलेत?**




**मी** लहान मुलांची डॉक्टर असल्यामुळे माझ्या क्लिनिकमध्ये तुमच्या वयाची खूप मुलं येतात हे तर आता तुम्हाला माहिती आहेच. गेल्या काही वर्षांमध्ये तुमच्यासारख्या लहान मुलांमध्ये एक नवाच आजार दिसायला लागला आहे. हा आजार आहे - स्थूलपणा म्हणजे - गलेलठ्ठपणा - म्हणजे वजन खूप खूप खूप जास्त असण्याचा आजार! लहान मुलांमधला गलेलठ्ठपणा हा एकविसाव्या शतकातला एक मोठ्ठा आणि सिरिअस प्रॉब्लेम होत चाललाय. वाईट गोष्ट म्हणजे हा आजार क्रॉनिक म्हणजे खूप वर्ष चालणारा आजार आहे. तो झाला तर तुमच्या शरीरात चयापयाच्या, म्हणजे मेटॅबॉलिजमच्या तक्रारी सुरू होतात. हृदयाचे आणि मनाचे आजारही त्यामुळे होण्याची शक्यता असते. तुमच्या वयाच्या मुलांमध्ये वाढणाऱ्या या आजाराला अनेक गोष्टी कारणीभूत आहेत.

आपल्याकडे शहरीकरण खूप वाढलं आहे. लाइफस्टाइलही बदलली आहे. आता बऱ्याच मुलांचे आईबाबा दोघंही ऑफिसला जातात. मग मुलं काय करतात? ती जंकफूड खातात. घरी केलेला स्वयंपाक त्यांना आवडत नाही. दिवसभर टीव्ही, मोबाइल, लॅपटॉप बघत लोळत पडतात... बाहेर खेळायला जात नाहीत. मग काय होतं? तर वजन वाढता वाढता वाढत राहतं.

**जंकफूड**

प्लॅस्टिक पाकिटांमधून घरी येणारे किंवा पोटात जाणारे खाण्याचे पदार्थ म्हणजे जंकफूड! कोल्ड्रिंक्स, इन्स्टंट नूडल्स, दुधात घालून प्यायल्या जाणाऱ्या साखरेचा भडीमार असलेल्या पावडरी, मैदा-मीठ-फॅट असलेले बेकरी पदार्थ, पिझ्झा, बर्गर, फ्रेंच फ्राइज, वेफर्स अशी या पदार्थांची यादी न संपणारी आहे. हे खाऊन तुम्हाला मज्जा येत असेल; पण तुमच्या शरीराला अजिबात मजा येत नाही. या पदार्थांमध्ये अतिप्रमाणात साखर, मीठ आणि फॅट असतं. ते पदार्थ महिनोनमहिने चांगले राहावेत म्हणून त्यात प्रिझर्व्हेटिव्हस घातलेली असतात. कृत्रिम रंगही असतात. आपल्या शरीराला निरोगी ठेवणारे तंतुमय पदार्थ म्हणजे फायबर्स त्यात अजिबात नसतात. हे फायबर्स असलेले पदार्थ आपण खातो तेव्हा पोट भरलं की, आपण खायचे थांबतो. जंकफूडचं असं होत नाही. ते आपण खातच राहातो, खातच राहातो... मग शरीरात ऊर्जेचा अतिरेक होतो. परिणामी आपलं वजन वाढतं आणि हे हेल्दी नसतं.

**स्क्रीन टाइम**

जेवताना, झोपताना, खेळतानाही तुम्ही हल्ली स्क्रीनसमोर असता. त्यामुळे बाहेर खेळायला जाणं तर तुमचं खूप कमी झालंय. म्हणजे शारीरिक हालचाली तुम्ही करतच नाही. स्क्रीनसमोर बसून खात राहिल्यामुळे शरीरालाही त्रास होतो आणि मेंदूलाही. स्क्रीन आणि जंकफूड या दोन गोष्टी तुमचं वजन वाढवतात. त्यामुळे मोबाइल, टीव्ही, लॅपटॉप या सगळ्यांसमोरचा मिळून तुमचा स्क्रीन टाइम किती आहे, याचं गणित करा. तो सगळाच्या सगळा वेळ ग्राउंडवर खेळण्यात घालवा.

**- डॉ. कल्पना सांगळे**
बालरोगतज्ज्ञ, पुणे

## तुमच्या आईबाबांना हे वाचायला द्या...

- वेळ वाचवण्यासाठी मुलांना जंकफूड देऊ नका. फळांचे ज्यूस नको, फळं द्या.
- मुलांच्या खाण्याच्या वेळा नियमित असणं आवश्यक आहे. तुम्हाला मुलांना वेळ देता येत नाही हे गिल्ट कमी करण्यासाठी त्यांचे खाण्यापिण्याचे लाड करू नका.मुलांना आवडतं म्हणून त्यांना जंकफूड देऊ नका. ते त्यांच्या आरोग्याच्या मुळावर उठतं आहे, हे लक्षात ठेवा.
- मुलांना गुंतवून ठेवण्यासाठी मोबाइल, टीव्ही, लॅपटॉप सुरू करून देऊ नका. त्यांना ग्राउंडवर खेळायला पाठवा. जेवताना, झोपताना मुलांना स्क्रीन टाइम देऊ नका.
- घरचा, ताजा स्वयंपाकच मुलांनी जास्तीत जास्त खाणं आवश्यक आहे हे लक्षात ठेवा.
- स्वयंपाकघरात काम करताना त्यांना मदतीला घ्या. भाज्या आणणं, किराणा सामान आणणं यात तुमच्याबरोबर मुलांनाही सहभागी करून घ्या.
- वेगवेगळ्या भाज्या, डाळी, कडधान्य, धान्य यांची माहिती द्या. त्यातून त्यांची अन्नाशी मैत्री होईल.

**सुटीत काय 'पाहाल'?**

# समुद्राच्या पोटात शिरायचा चान्स

**समुद्राच्या पोटात काय काय दडलंय? समुद्राच्या विशाल पोटात ऊर्जा आहे, खूप म्हणजे खूपच ताकद आहे. समुद्राच्या तळात खोलवर डोकावून पाहण्याची संधी देणारी एक भारी डॉक्युमेंटरी आहे.**



**उन्हाळ्याच्या** सुटीत लहान मोठे धम्माल करण्यासाठी समुद्रकिनाऱ्यावर जातात. अथांग समुद्र, समुद्राच्या वेगवान लाटा, वाळूचा किनारा या सर्व गोष्टींमुळे सर्वांनाच समुद्राचं फार आकर्षण वाटतं. पण, समुद्र हा फक्त असा वरवरचा नसतो. समुद्राच्या पोटात, त्याच्या तळाशी एक अद्भुत रहस्यकारी जग असतं. तसेच समुद्राच्या पोटात भरपूर ऊर्जा असते. महाप्रचंड ताकद असते. समुद्राच्या पोटातलं हे रहस्यकारी जग तुम्ही घरात बसल्या बसल्या पाहू शकता. त्यासाठी 'ड्रेन द ओशन' नावाची डॉक्युमेंटरी मालिका आहे . त्यातला 'डेडली पॅसिफिक' हा भाग आपल्याला समुद्राच्या पोटात घेऊन जातो.. पॅसिफिक महासागराबद्दल अशा अनेक गोष्टी आहेत ज्या आपल्याला थक्क करतात.

**महासागराच्या तळाशी नेमकं काय आहे?**

समुद्राच्या तळात खोलवर डोकावून बघितलं की रहस्य दिसतं. पण समुद्रातलं पाणी बाजूला करून समुद्राचा तळ पाहता येणं ही इतकी सोपी गोष्ट नाही. पण विज्ञान आणि तंत्रज्ञानाने अशक्य गोष्टी शक्य होतात. ड्रेन द ओशन्समध्ये अत्याधुनिक तंत्रज्ञानाने महासागराचं पाणी उपसून (Drain the Oceans) खाली काय दडलंय, हे दाखविलेलं आहे.

**रिंग ऑफ फायर**

पॅसिफिक महासागराच्या तळात जगातील ९० टक्के भूकंपांचे केंद्र असलेला 'रिंग ऑफ फायर' हा परिसर आहे. यात पृथ्वीच्या अंतर्गत भागातील प्रचंड दाब आणि ऊर्जेचा साठा दडलेला आहे. २०११ मध्ये जपानला हादरवणारा ९ रिश्टर स्केलचा भूकंप आणि त्यानंतर आलेली भीषण त्सुनामी ही समुद्राच्या पोटातील ऊर्जेचा उद्रेक होती, हे या डॉक्युमेंटरीत दाखवलं आहे.

**'कॅस्केडिया' टाइम बॉम्ब**

अमेरिकेच्या पश्चिम किनारपट्टीजवळ समुद्राच्या खाली 'कॅस्केडिया सबडक्शन झोन' नावाची ७०० मैल लांब खडकांची प्रचंड भिंत (टेक्टॉनिक प्लेट्स) आहे. गेल्या ३०० वर्षांपासून ती अगदी शांत दिसतेय; पण ही शांतता फसवणूक करणारी आहे. दि. २६ जानेवारी १७०० रोजी याच भागात झालेल्या महाभूकंपामुळे निर्माण झालेली त्सुनामी ४,५०० मैल दूर जपानपर्यंत पोहोचली होती.

**कौकुरा कॅन्यन नावाचं महाकाय खिंडार**

न्यूझीलंडच्या किनारपट्टीजवळ समुद्राच्या खाली 'कौकुरा कॅन्यन' नावाचे अथांग खिंडार आहे, ज्याची खोली अमेरिकेच्या ग्रँड कॅन्यन एवढी आहे ! २०१६ मध्ये जेव्हा तिथे ७.८ रिश्टर स्केलचा भूकंप झाला, तेव्हा शास्त्रज्ञांनी समुद्राच्या तळातून थेट नमुने गोळा केले. तिथे ८५० दशलक्ष टन गाळ आणि दगड बर्फाच्या वादळासारखे ताशी ७० किमी वेगाने कोसळले होते, हे निसर्गाचे रूप पाहून अंगावर काटा येतो.

**टोकियोजवळचा सुप्त ज्वालामुखी**

सगळेच ज्वालामुखी जमिनीवर नसतात. जपानच्या टोकियो शहरापासून अवघ्या ४४ मैलांवर समुद्राच्या ५,००० मीटर खाली 'उमुरादाशी' नावाचा सक्रिय ज्वालामुखी धगधगत आहे. शास्त्रज्ञांना तिथे अत्यंत गरम पाण्याचे कारंजे आणि ऊर्जा बाहेर पडताना दिसली आहे.ही डॉक्युमेंटरी पाहिल्यानंतर तुम्ही जेव्हा कधी समुद्राकडे पाहाल, तेव्हा त्याच्या आत दडलेल्या या ऊर्जेचा विचार नक्की करायला लागाल.

**डॉक्युमेंटरी पाहिल्यानंतर..**

नॅशनल जिऑग्राफिक या चॅनलवरची ही ड्रेन द ओशन नावाची डॉक्युमेंटरी मालिका आहे. ती अवश्य पाहायला हवी. या मालिकेतला 'डेडली पॅसिफिक' हा एक ४७ मिनिटांचा भाग आहे. * तुम्हाला समुद्राच्या पोटातल्या कोणत्या रहस्याने आश्चर्यचकित केलं ते तुम्ही या नोंदवहीत लिहून ठेवा. आपल्या मित्र मैत्रिणींसोबत त्याबद्दल बोला. सुटीतली मजा म्हणून समुद्राचं हे रहस्य तुम्ही एकत्र बसूनही पाहू शकता.

समुद्रातल्या ताकदीचा, ऊर्जेचा अनुभव देणारी ही डॉक्युमेंटरी पाहण्यासाठी यू-ट्यूबवर जा आणि Deadly pacific/ Drain the ocean असं टाइप करा.

**- स्मिता पाटील,** मुक्त पत्रकार
smita.patilv@gmail.com

**तुम्हाला 'ऊर्जा'मध्ये लेख लिहायचाय? प्रश्न विचारायचाय? सिक्रेट सांगायचंय?**

**ई-मेल करा** urjaa@lokmat.com | **whatsapp** वर मेसेज करा 911205 0500

'अजून वाचायला दे यार, ऊर्जा' असं वाटत असेल तर या आपल्या **वेबसाइटवर**.
www.urjaa.online

**क्यूआर कोड स्कॅन करा पटापट...**

**सुट्टीत काय 'कराल'?**

# कंटाळता कशाला.. मज्जा अजून बाकी आहे!

**जुन्या झालेल्या सुटीत कंटाळून, भुणभुण करून आईबाबांची बोलणी खाण्यापेक्षा काही कामं शिका आणि मजेदार गोष्टी करून बघा!**

**बघता** बघता मे महिना संपला. सुट्टी लागल्याचा आनंद जुना झाला. आता खरं म्हणजे सुटीची मजा येण्यापेक्षा तिचा कंटाळाच वाटण्याचे हे दिवस असतात. त्यातला सगळ्यात मोठा प्रॉब्लेम हा असतो की तुमच्या सुट्टीचा आता आईला पण कंटाळा यायला लागलेला असतो. अशा वेळी तुमचा वेळ छान जाईल, आईला कटकट होणार नाही आणि सगळ्यांना फायदा होईल अशा ॲक्टिव्हिटी करायला हव्यात.

**फ्रेश लाइम सोडा करा!**

फ्रेश लाइम सोडा म्हणजे काय? तर आपलं साधं लिंबू सरबत. फक्त त्यात पाण्याच्या ऐवजी पिण्याचा सोडा घालायचा. यातला सगळ्यात महत्त्वाचा भाग म्हणजे भरपूर बर्फ! त्याशिवाय फ्रेश लाइम सोड्याला मजा नाही. आणि हो, लिंबू सरबताच्या तुलनेत यात साखर थोडी कमी आणि लिंबू मीठ थोडं जास्त घालायचं. हा आपल्या हाताने तयार केलेला फ्रेश लाइम सोडा पिऊन सगळ्या दिवसाचा थकवा एका मिनिटात जातो.

**बँकेत जा**

तुम्ही कधी बँकेत किंवा पोस्टात गेलाय का? तुमच्या आई-बाबांचं तिकडे खातं आहे का? चेक कसा लिहायचा? चेक टाकण्यासाठी स्लिप कशी भरायची?



पैसे भरण्यासाठी कुठल्या रांगेत उभं राहायचं? पैसे काढण्याची रांग कुठली? आधी त्यासाठी टोकन घ्यावं लागतं का? पासबुक कुठे भरून मिळतं? हे सगळं माहिती असणं फार महत्त्वाचं असतं. तुम्हाला जर हे काहीच माहिती नसेल, तर अजून सुट्टी संपलेली नाही. वेळ आहे. त्यामुळे हे समजून घ्या.

**बल्ब बदलायला शिका**

घरातला विजेचा बल्ब तुम्हाला बदलता येतो का? इतर कुठलंही विजेचं काम लहान मुलांनी करणं हे धोकादायक असतं. पण नीट काळजी घेतली तर बल्ब तुम्ही सहज बदलू शकता. तो कसा बदलायचा ते घरातलं कोणीही मोठं माणूस तुम्हाला सहज शिकवेल. पण त्यातला सगळ्यात महत्त्वाचा भाग म्हणजे उंचावर असलेल्या बल्बपर्यंत हात पोचण्यासाठी योग्य ती काळजी घेणं. खुर्ची किंवा स्टूल हे चारही पाय टेकून स्थिर उभं राहिलं पाहिजे. ते स्टूल कोणीतरी पकडून ठेवलं पाहिजे. कारण बल्ब बदलतांना स्टूलवरून पडून लागण्याची भीती जास्त असते. तेवढं मात्र सांभाळा...

**चादरी पांघरुणं धुवा**

उन्हाळा संपत आला की घरोघरी पांघरूणं, चादरी धुणे हा मोठाच प्रोग्रॅम असतो. घरातल्या मोठ्या चादरी काढायच्या, भिजवायच्या, धुवायच्या, वाळत घालायच्या आणि घड्या करून परत जागेवर ठेऊन द्यायच्या. हे काम करायला तुम्ही मदत करू शकता का? बघा, विचार करा. पाण्यात हात घालून खेळत बसायची संधीही या कामामुळे मिळते.

**पिकनिकला / सहलीला जा**

तुम्ही जेव्हा जेव्हा संधी मिळेल तेव्हा तेव्हा कुठेतरी भटकायला जातच असाल ना? जवळच्या टेकडीवर, बागेत, मैदानात असं कुठेही? तर हे नुसतं फिरायला जाणं जे असतं, त्याचीच एक छान सहल आपण करू शकतो. त्यासाठी काही विशेष करायला लागत नाही. फक्त एका पिशवीत किंवा बास्केटमध्ये थोडा खाऊ घ्यायचा. फळं, बिस्किट्स, सँडविच, परोठा, भाकरी, चटणी पोळी, यातलं जे काही घरी खात असतील ते घ्यायचं. मित्रमैत्रिणी गोळा करायचे. पाणी घ्यायचं. आणि मस्त झाडाखाली बसून सगळ्यांनी एकत्र बसून डबा खायचा. या सहलीची पूर्ण तयारी करणं आणि सहल करणं यामुळे फार मजा येते.

**- गौरी पटवर्धन**
मुक्त पत्रकार
patwardhan.gauri@gmail.com

**चला, जंगलात भटकायला!**

# निळ्या फुलपाखरांची गोष्ट

**निळ्या फुलपाखरांची गोष्ट थॉमस यांनी सहा वर्षे अथक मेहनत केल्यानंतर त्यांना ही फुलपाखरं, जंगली ओव्याचं झुडूप आणि मायर्मिका नावाच्या प्रजातीच्या मुंग्या यांच्यातल्या एका रहस्यमय नात्याचा शोध लागला.**

**१९७०** मध्ये इंग्लंडमधल्या मोठ्या निळ्या फुलपाखरांची संख्या झपाट्याने कमी होत होती. हे निळं फुलपाखरू म्हणजे इंग्लंडची जणू शानच होतं. दोन इंच लांबीच्या आकाशी रंगाच्या पंखांवर काळसर ठिपके असलेली ही फुलपाखरं अचानक कमी का होत आहेत, हे कोणालाच कळत नव्हतं. तेव्हाच जेर्मी ए. थॉमस या तरुण शास्त्रज्ञाला ऑक्सफर्ड विद्यापीठात पीएच. डी. करायची होती. पीएच. डी. साठी त्याने ही निळी फुलपाखरं का नष्ट होत आहेत, याची कारणं शोधावी, असं ऑक्सफर्ड विद्यापीठाने त्याला सांगितलं. थॉमसनाही असं एखादं चॅलेंज हवंच होतं. त्यामुळे त्यांनी आणि त्यांच्या टीमने मिळून १९७२ ते १९७८ अशी सहा वर्षे फुलपाखरांच्या वसाहतीजवळच तळ ठोकला.
थॉमस यांनी सहा वर्षे अथक मेहनत केल्यानंतर त्यांना ही फुलपाखरं, जंगली ओव्याचं झुडूप आणि मायर्मिका नावाच्या प्रजातीच्या मुंग्या यांच्यातल्या एका रहस्यमय नात्याचा शोध लागला. हा शोध म्हणजे निसर्गातील विविध घटक एकमेकांवर कसे अवलंबून असतात, त्याची थक्क करणारी कहाणीच आहे.

जंगली ओव्याचं झुडूप कॅरव्हाक्रॉल नावाचं कीटकनाशक उत्सर्जित करतं. त्यामुळे इतर कोणतेही कीटक या झुडपाजवळ फिरकत नाहीत. इतर किटकांपासून बचाव करण्यासाठी मायर्मिका मुंग्या या झुडपाजवळ आपलं वारुळ करतात. या



मुंग्यांनी शतकानुशतकं या कीटकनाशकाच्या विरुद्ध प्रतिकारशक्ती स्वतःमध्ये निर्माण केली आहे. पण या झुडपाला मात्र मुंग्यांनी सतत आपल्या मुळांना टोचत राहिलेलं अजिबात आवडत नाही. मग राग आला की हे झुडूप कॅरव्हाक्रॉलचं उत्सर्जन दुपटीने वाढवतं. त्याचा वास हवेत प्रखर पसरतो. त्या वासाने निळ्या फुलपाखरांच्या माद्यांना मायर्मिका मुंग्यांच्या कॉलनीचा पत्ता कळतो. या माद्या मग मायर्मिका मुंग्यांच्या जवळ असलेल्या जंगली ओव्याच्या पानांवर अंडी घालतात. अंडी घालून या माद्या मग निघून जातात. अंड्यातून बाहेर पडणारे सुरवंट जंगली ओव्याची कोवळी पानं खाऊ लागतात. अर्थात, थोडा मोठा झाला की तो मुंग्यांच्या कॉलनीत जाऊन त्यांच्या संख्येवर नियंत्रण ठेवणार, हे माहिती असल्यामुळेच झुडूप त्याला ती पानं खाऊ देतो. मोठा झालेला सुरवंट एका संध्याकाळी खाली पडतो. त्याच्या शरीरातून येणारा वास मुंग्यांना ओळखीचा वाटत असतो. मग त्या त्याला धरून आपल्या कॉलनीत नेतात. तिकडे गेल्यावर तो राणी मुंगीसारखा आवाज काढतो. मग मुंग्यांना वाटतं, हीच आपली राणी... त्या स्वतःच्या अळ्या त्याला खायला घालतात. त्या बदल्यात त्याच्या शरीरातून येणारा गोड द्रव त्यांना हवा असतो. काही दिवसांनी तो कोशात जातो आणि मग एका सुंदर निळ्या फुलपाखरात त्याचं रूपांतर होतं. थॉमसनी मग अजून संशोधन केलं. तेव्हा कळलं की या मुंग्या तापमानाला अतिशय संवेदनशील असतात. डोंगरउतारावर छान कोवळं गवत असेल, तरच त्यांना पुरेशी उब मिळते. पूर्वी इंग्लंडच्या जंगलात असलेले ससे हे गवत खायचे, त्यामुळे मुंग्यांना जेवढी हवी तेवढीच उब मिळायची. पण एक रोग आला आणि त्यात खूप ससे मरण पावले. पूर्वी डोंगर उतारावर चरायला येणारी गुरंही कमी झाली. त्यामुळे गवत भराभर वाढलं. उब मिळेनाशी झाल्यामुळे मुंग्यांची संख्या कमी झाली. त्यामुळे फुलपाखरांच्या सुरवंटांचं संगोपन बंद झालं. साहजिकच फुलपाखरांची संख्या कमी व्हायला लागली. या संशोधनाचा वापर करून इंग्लंडमध्ये निळ्या फुलपाखरांची संख्या पुन्हा वाढवण्यात आली.

**- डॉ. विनया जंगले**
पशुवैद्य
vetvinaya@gmail.com

# Last Day To Join Private Channel.
# Closing entry for new members Now.

♦ **Indian Newspaper**
1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
And more Newspapers

♦ **InternationalNewspapers channel**
[Europian, American, Gulf & Asia]

♦ **Magazine Channel**
National & International
[Genaral & Exam related]

♦ **English Editorials**
[National + InternationalEditorials]

**Click here to join**

## ♦ Lifetime validity at just 19 Rupees 📍

Trust me... this will be your best purchase of 2026

कल्पमेधा

*सभ्यता की कहानी सार रूप में इंजीनियरिंग की कहानी है– वह लंबा और विकट संघर्ष, जो प्रकृति की शक्तियों को मनुष्य के भले में काम कराने के लिए किया गया।*

*– एस डीकैंप*

# शुचिता की फिक्र

किसी भी परीक्षा के दौरान अगर प्रश्नपत्र लीक होता है या अन्य कोई गड़बड़ी होती है, तो इसका मतलब यही है कि उसके संचालन से जुड़ा तंत्र परीक्षा की शुचिता को सुनिश्चित कराने में नाकाम रहा। हाल ही में प्रश्नपत्र लीक होने के बाद नीट–यूजी परीक्षा को जिस तरह रद्द किया गया, उससे साफ है कि पहले हुई ऐसी कई घटनाओं के बावजूद आयोजन में हर हाल में शुचिता तय करने को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए ने जरूरी सबक नहीं सीखा। नतीजतन, नीट की परीक्षा के प्रश्नपत्र फिर अवैध रूप से बाहर हुए और ऊंची कीमतों पर बेचे गए। विडंबना यह है कि इस भ्रष्ट लेन–देन और इसके जरिए परीक्षा में कामयाब होने की कोशिश करने वाले कुछ लोगों की करतूतों का खमियाजा करीब बाईस लाख उन विद्यार्थियों को उठाना पड़ा, जिन्होंने ईमानदारी से अपनी मेहनत के बूते परीक्षा दी थी। ऐसे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की पीड़ा प्रश्नपत्र लीक करने और उसका फायदा उठाने वाले गिरोहों की हरकत के खुलासे से उपजे शोर में दब कर रह गई।

विचित्र है कि इस घटना की परतें खुलने के बाद शीर्ष स्तर पर इसकी जिम्मेदारी तय करने तथा संचालन के तंत्र में पाई गई खामी को पूरी तरह दुरुस्त करने या इस मसले पर अधिकतम सख्ती बरतने के बजाय सुरक्षित तरीके से परीक्षा कराने के लिए अब सेना का सहारा लेने की खबर आई है। यानी एक तरह से यह स्वीकार कर लिया गया है कि सरकार का मौजूदा तंत्र इस परीक्षा का स्वच्छ तरीके से संचालन कर पाने में सक्षम नहीं है और इसीलिए सेना के सहारे नीट–यूजी परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी। गौरतलब है कि नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने से जुड़े मामले में पूरी प्रक्रिया की समीक्षा के लिए हुई बैठक में प्रश्नपत्र तैयार करने और उनकी छपाई से लेकर परिवहन, सुरक्षा और परीक्षा केंद्र तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के सभी पहलुओं पर विचार किया गया। इसके बाद अब 21 जून को दोबारा होने वाली नीट परीक्षा में प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए वायुसेना की मदद लेने पर सहमति बनी। अगर यह प्रस्ताव अमल में आता है, तो किसी राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के आयोजन और संचालन में सेना के औपचारिक रूप से शामिल होने का यह पहला मौका होगा।

सवाल है कि इससे पहले नीट या अन्य परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों का उदाहरण सामने होने के बावजूद यह स्थिति आखिर क्यों पैदा हुई कि सरकार को परीक्षा के स्वच्छ संचालन के लिए अपने तंत्र और पुलिस पर भरोसा नहीं रहा। हालांकि खबरों के मुताबिक सेना की भूमिका केवल लाजिस्टिक समन्वय, आपातकालीन स्थितियां पैदा होने या मौसम में तेज उतार–चढ़ाव के बीच सुरक्षित परिवहन तक सीमित रहने की बात कही गई है और परीक्षा की निगरानी सेना से नहीं कराई जाएगी। मगर यह देखने की बात होगी कि सेना की मदद का दायरा क्या होता है। आमतौर पर किसी प्राकृतिक आपदा से हुई तबाही और अन्य आपात स्थितियों में युद्ध स्तर पर बचाव कार्य आदि के लिए जरूरत पड़ने पर सरकार सेना या सशस्त्र बलों को तैनात करती रही है। यह एक अफसोसनाक स्थिति है कि आज के दौर में परीक्षाओं के संचालन के मामले में पहले के मुकाबले बेहतर संसाधनों, हर स्तर पर निगरानी की तकनीकी सुविधा और व्यापक डिजिटल तंत्र के बावजूद प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं हो रही हैं और इसे रोकने के लिए सरकार के सामने सेना की मदद लेने की नौबत है।

# सुविधा के जोखिम

इसमें दोराय नहीं कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास ने मानव जीवन की राह को आसान बना दिया है। मगर तकनीक तभी सुविधाजनक होती है, जब उसे कौशल, संवेदनशीलता और सतर्कता के दायरे में रखा जाए। जरा–सी लापरवाही पर यह सुविधा कब जोखिम में बदल जाए, इसका आभास भी नहीं हो पाता है। बीते बुधवार की रात को दिल्ली के हौजखास इलाके में ऐसी ही एक घटना सामने आई, जिसमें एअर कंडीशनर यानी एसी में विस्फोट से लगी आग की वजह से सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी धनेंद्र कुमार की जान चली गई। वह भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के प्रथम अध्यक्ष थे। एसी में विस्फोट किन कारणों से हुआ, यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन सवाल है कि जिन उपकरणों को घरों में सुविधा के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, उनमें तकनीकी खराबी से पैदा होने वाले खतरे से सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है? क्या ऐसी घटनाओं में जवाबदेही तय किए जाने की जरूरत नहीं है?

गौरतलब है कि हर साल गर्मी में एअर कंडीशनर की वजह से हादसों का सिलसिला शुरू हो जाता है। पिछले एक माह में देश भर में एसी में विस्फोट या आग लगने से मौत की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। निस्संदेह इस तरह के उपकरणों का इस्तेमाल करते समय लोगों को भी सावधानी बरतनी चाहिए। खासकर एसी के मामले में ज्यादा सतर्कता की जरूरत होती है, क्योंकि इससे और भी कई तरह के जोखिम होते हैं। मसलन, बहुत ठंडे कमरे से अचानक तेज गर्मी में जाने से शरीर का तापमान बदल जाता है, जिससे मस्तिष्काघात का खतरा बढ़ जाता है। एअर कंडीशनर कमरे की नमी को सोख लेता है, जिससे सांस और त्वचा संबंधी विकार पैदा हो सकते हैं। यही नहीं, इस उपकरण से गैस का रिसाव होने पर बंद कमरे में दम घुटने जैसी जानलेवा स्थिति पैदा हो सकती है। यानी किसी भी तकनीकी संसाधन के उपयोग के साथ ही उनके संचालन के लिए एक मुकम्मल प्रशिक्षण भी बेहद जरूरी है। जरूरत इस बात की भी है कि ऐसे उपकरणों में तकनीकी खराबी की वजह से कोई हादसा न हो, इसके लिए सरकार की ओर से स्पष्ट नीति एवं नियम बनाए जाएं, ताकि इनके निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

# बढ़ती गर्मी के समांतर बचाव के मोर्चे



**हमने अपनी जीवनशैली और प्रकृति के साथ अपने रिश्ते को भी बदल दिया है। इसकी वजह से बढ़ती गर्मी के हिसाब से खुद को ढालना अब हमारे लिए ज्यादा मुश्किल हो गया है।**

**शालू अग्रवाल**

इस समय उत्तर और मध्य भारत का एक बड़ा हिस्सा भीषण लू की चपेट में है। कई जगहों पर तापमान 44–46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। भारत जैसे देश के लिए गर्मी कोई नई बात नहीं है, लेकिन इसके साथ हमारा रिश्ता अब बदल रहा है। ऐसा इसलिए है कि इंसानों ने वैश्विक जलवायु को बदल दिया है। बीते दस साल पूरी दुनिया में अब तक के सबसे गर्म साल रहे हैं। हमने अपने आसपास की जलवायु को भी बदल दिया है। हमने अपने घर और शहर बनाने का तरीका, अपनी जीवनशैली और प्रकृति के साथ अपने रिश्ते को भी बदल दिया है। इसकी वजह से बढ़ती गर्मी के हिसाब से खुद को ढालना अब हमारे लिए और भी मुश्किल हो गया है।

असल में गर्मी कितनी बढ़ी है, यह जानने के लिए 1981–2024 के जलवायु आंकड़ों का अध्ययन किया गया, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता मंच 'क्रेविस' पर उपलब्ध है। इसमें कुछ चौंकाने वाले नतीजे सामने आए। पहला, प्रत्येक चार में से तीन भारतीय ऐसे राज्यों में रहते हैं, जहां हर साल भीषण गर्मी का खतरा बना रहता है। दूसरा, बहुत अधिक गर्म दिनों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन बहुत अधिक गर्म रातों की संख्या इससे भी अधिक तेजी से बढ़ रही है। यह खासतौर पर घनी आबादी वाले जिलों और शहरी क्षेत्रों में देखा जा रहा है। वर्ष 2010 में दिल्ली में जहां हर साल सोलह बहुत गर्म रातें होती थीं, वहीं उच्च उत्सर्जन की स्थिति में वर्ष 2050 तक इनकी संख्या बढ़कर प्रतिवर्ष इक्यावन हो सकती है। इसका इंसान के स्वास्थ्य पर बहुत गंभीर प्रभाव पड़ता है। शरीर और शहर, दोनों को रात के वक्त दिन की गर्मी से राहत नहीं मिल पाती है। इससे वातानुकूलन या ठंडक देने वाली सुविधाओं के बगैर कम हवादार इमारतों में रहने या इनमें काम करने वाले लोगों पर सबसे ज्यादा असर डालता है। तीसरा, गर्मी के मौसम में उमस (आर्द्रता) बढ़ रही है। ऐसा उत्तर भारत और सिंधु–गंगा के मैदानी इलाकों में विशेष रूप से देखा जा रहा है।

गर्मी लोगों के जीवन, आजीविका और बुनियादी ढांचे के सभी पहलुओं को प्रभावित कर रही है। अब तक ग्यारह से अधिक राज्य इसे राज्य आपदा घोषित कर चुके हैं। सोलहवें वित्त आयोग ने भी लू को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का सुझाव दिया है। इस 'मूक आपदा' का प्रभावी तरीके से सामना करने में चार कदम उपयोगी साबित हो सकते हैं। सबसे पहले, शहरी प्रशासकों को गर्मी का सामना करने के लिए स्थानीय स्तर पर योजनाएं बनानी होंगी। गर्मी का असर सभी जगहों पर एक जैसा नहीं होता है। यह स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों और सामाजिक–आर्थिक और बुनियादी ढांचे की स्थितियों के अनुसार अलग–अलग होता है। इसलिए स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर योजना बनाना बहुत जरूरी है। इसका उदाहरण महाराष्ट्र का ठाणे नगर निगम है, जहां पिछले दो वर्षों से 'हीट एक्शन प्लान' लागू है। यह योजना बताती है कि गर्मी से बचाव के लिए कब, कहां और किसे कदम उठाना है। इसके तहत ऐतिहासिक जलवायु आंकड़ों का अध्ययन करके गर्मी के जोखिम का पता लगाया गया और फिर उसके आधार पर अलग–अलग वार्डों को चिह्नित किया गया। इसके अलावा, महसूस होने वाली गर्मी और रात्रिकालीन



के तापमान के आधार पर प्रत्येक वार्ड में स्थानीय स्तर पर प्रारंभिक चेतावनी को जारी करने के लिए तापमान की सीमा भी तय की गई।

ठाणे शहर में इस योजना को लागू करने के लिए विभिन्न विभागों का एक संयुक्त कार्यबल बनाया गया है। इसके पास अलग से बजट भी है। लू चलने पर

> **सरकारों को सार्वजनिक और निजी निवेशों को गर्मी से बचाव के उपायों की दिशा में ले जाना होगा। साथ ही, गरीब और कमजोर वर्गों, फसलों, पशुओं, जंगलों और घरों, स्कूलों व अस्पतालों को लंबी गर्मी से बचाने के उपाय भी खोजने होंगे। प्रत्येक सरकारी योजनाओं में गर्मी से बचाव की रणनीति को शामिल कर इसकी शुरुआत की जा सकती है, लेकिन व्यापक समाधानों को पाने के लिए निजी निवेश को शोध और विकास के साथ–साथ तापरोधी फसलों, निर्माण सामग्री और ऊर्जा कुशल शीतलन तकनीकों के व्यवसायीकरण की दिशा में मोड़ना होगा। हर साल भारत का गर्मी के साथ रिश्ता बदल रहा है, लेकिन गर्मी का सामना करने की क्षमता विकसित करना न तो आसान होगा, न ही सस्ता।**

यह कार्यबल सुनिश्चित करता है कि ठाणे शहर में निशुल्क प्याऊ लगाए जाएं, अधिक भीड़–भाड़ वाले चौराहों, जहां पर लोगों को यातायात संकेतकों की वजह से देर तक रुकना पड़ता है, वहां पर 'हरित छांव' की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों के जरिए वार्ड स्तर पर गर्मी से बचाव के उपायों पर जन–जागरूकता अभियान भी चलाया जा सकता है। ऐसी कार्ययोजना को भीषण गर्मी की चुनौती से जूझ रहे सभी शहरों में लागू करने की जरूरत है।

दूसरा, सभी कारोबारों को अपने व्यवसाय से जुड़ी योजनाओं में गर्मी से बचाव को शामिल करना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, 2030 तक गर्मी और उमस के कारण लोग ठीक से काम नहीं कर पाएंगे, यानी कामकाजी घंटों का नुकसान होगा। इससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.5 फीसद के बराबर नुकसान हो सकता है। वर्ष 2025 में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सभी राज्यों और नियोक्ताओं को परामर्श जारी किया था। इसमें श्रमिकों, खासतौर पर खुले स्थान पर और कठिन परिश्रम वालों को गर्मी से बचाने वाले उपायों को लागू करने के लिए कहा गया था। गर्मी से न केवल श्रमिकों की सेहत, बल्कि मशीनों की कार्यक्षमता, आपूर्ति शृंखला और पानी तथा ऊर्जा का बजट भी प्रभावित होता है। कई भारतीय कंपनियों ने इस दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसमें गर्मी के खतरे से ज्यादा प्रभावित लोगों की पहचान की गई है। आराम के लिए छायादार जगह बनाने, लगातार पानी पीते रहने का नियम और काम करने की पालियों में बदलाव लागू किए गए हैं। ऐसे प्रयासों को तत्काल बड़े पैमाने पर लागू करने की जरूरत है।

तीसरा, बिजली कंपनियों को अपने बिजली संयंत्र और नेटवर्क को गर्मी से सुरक्षित बनाना होगा। भीषण गर्मी से बचाव में भरोसेमंद और किफायती बिजली आपूर्ति की अहम भूमिका है। हर साल लू चलने के साथ लोग बड़ी संख्या में एसी और कूलर खरीदते हैं। गर्मी, उमस और बिजली में नई मांग आने के कारण विद्युत वितरण नेटवर्क और ट्रांसफार्मर पर अचानक बोझ बढ़ जाता है। वर्ष 2025 में अत्यधिक बोझ और नमी आने के कारण लगभग दस फीसद, यानी तेरह लाख ट्रांसफार्मर खराब हो गए थे। इसके समाधान के लिए ये कदम उठाए जा सकते हैं– पहला, बिजली कंपनियों को अत्यधिक गर्मी वाले क्षेत्रों में अपने नेटवर्क को पहले से मजबूत करना चाहिए। दूसरा, बिजली कंपनियों को बिजली की मांग का आकलन करते समय रात के समय के अधिक तापमान और एसी के अधिक इस्तेमाल को भी ध्यान में रखना चाहिए। तीसरा, बिजली की बहुत अधिक मांग एक साथ न आए, इसके लिए अलग–अलग समय के लिए अलग–अलग बिजली दरों की व्यवस्था को लागू करने जैसे सुधार करने चाहिए। चौथा, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने से भी बिजली की अतिरिक्त मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी।

सरकारों को सार्वजनिक और निजी निवेशों को गर्मी से बचाव के उपायों की दिशा में ले जाना होगा। साथ ही, गरीब और कमजोर वर्गों, फसलों, पशुओं, जंगलों और घरों, स्कूलों व अस्पतालों को लंबी गर्मी से बचाने के उपाय भी खोजने होंगे। प्रत्येक सरकारी योजनाओं में गर्मी से बचाव की रणनीति को शामिल कर इसकी शुरुआत की जा सकती है, लेकिन व्यापक समाधानों को पाने के लिए निजी निवेश को शोध और विकास के साथ–साथ तापरोधी फसलों, निर्माण सामग्री और ऊर्जा कुशल शीतलन तकनीकों के व्यवसायीकरण की दिशा में मोड़ना होगा। हर साल भारत का गर्मी के साथ रिश्ता बदल रहा है, लेकिन गर्मी का सामना करने की क्षमता विकसित करना न तो आसान होगा, न ही सस्ता। ऐसे में अगर राष्ट्रीय स्तर पर एक जनभागीदारी आए, तो यह इसका सामना करने के लिए अच्छी तरह से तैयार होने में मदद कर सकता है।

# गुणवत्ता की बुनियाद

**दुनिया मेरे आगे**

**राजेंद्र जोशी**

शैक्षिक परिदृश्य में विश्व तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। प्रत्येक देश प्राथमिक शिक्षा को बेहतर बनाने का प्रयास करता है, क्योंकि मजबूत नींव ही बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकती है। विश्व के सभी देश यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि उनकी शिक्षा व्यवस्था की नींव सुदृढ़ हो। भारत ने वर्ष 2015 में अपनाए गए सतत विकास एजंडा–2030 के अंतर्गत सभी के लिए समावेशी और समान गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करने तथा जीवनपर्यंत शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा देने का लक्ष्य निर्धारित किया था। नई शिक्षा नीति में भी इस लक्ष्य को प्रमुखता दी गई है। इसके लिए संपूर्ण शिक्षा प्रणाली को पुनर्गठित कर अधिगम को प्रभावी बनाने की आवश्यकता होगी।

अगर भारत वास्तव में 2030 तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त करना चाहता है, तो उसे सबसे पहले प्राथमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। विडंबना यह है कि वर्ष 2026 तक भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 पूरी तरह लागू नहीं हो सकी है। नई शिक्षा नीति में दावा किया गया था कि सभी विद्यार्थियों को, चाहे उनका निवास स्थान कहीं भी हो, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही हाशिये पर रह रहे समुदायों, वंचित तथा अल्प–प्रतिनिधित्व वाले समूहों पर विशेष ध्यान देने का संकल्प भी लिया गया था। वास्तव में प्राथमिक शिक्षा उन्हीं बच्चों के लिए सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है, जो किसी कारणवश विद्यालय की चौखट तक नहीं पहुंच पाते।

> **शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकारें अधिकतर उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा पर ही ध्यान केंद्रित करती रही हैं। स्वतंत्रता के बाद प्राथमिक शिक्षा को अपेक्षित महत्त्व नहीं मिल पाया। जबकि नींव मजबूत होगी, तो बीच में स्कूली पढ़ाई छोड़ने की दर अपने आप कम होगी और भविष्य अधिक सशक्त बनेगा।**

शिक्षा पर सभी का समान अधिकार है, लेकिन सरकारें शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए अधिकतर उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा पर ही ध्यान केंद्रित करती रही हैं। स्वतंत्रता के बाद प्राथमिक शिक्षा को अपेक्षित महत्त्व नहीं मिल पाया। प्राथमिक शिक्षा के अध्यापकों और विद्यार्थियों की समस्याओं की ओर भी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। जबकि किसी भी देश की वास्तविक नींव उसके बच्चे होते हैं। अगर यह नींव कमजोर होगी, तो पूरा देश कमजोर होगा। नींव मजबूत होगी, तो बीच में स्कूली पढ़ाई छोड़ने की दर अपने आप कम होगी और भविष्य अधिक सशक्त बनेगा। एक बेहतर और बौद्धिक रूप से विकसित राष्ट्र के लिए ऐसी शैक्षणिक संस्थाओं का होना आवश्यक है, जहां प्रत्येक विद्यार्थी का स्वागत हो, उसकी देखभाल की जाए, उसे सुरक्षित तथा प्रेरणादायक वातावरण मिले। ऐसी संस्थाओं को सभी आवश्यक बुनियादी ढांचे और उपयुक्त संसाधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

शिक्षा के मूलभूत सिद्धांत केवल उच्च स्तर पर ही सुनिश्चित नहीं होने चाहिए, बल्कि प्राथमिक शिक्षा तथा अभिभावकों को भी बच्चों की क्षमताओं के प्रति संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा बच्चों के सीखने की नींव होती है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि बच्चों के मस्तिष्क का लगभग नब्बे फीसद विकास छह वर्ष की आयु से पहले हो जाता है। इसलिए बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा आवश्यक है, जो आज भी करोड़ों बच्चों के लिए दूर की कौड़ी बनी हुई है।

भारत में प्राथमिक शिक्षा और उसकी देखभाल के लिए नई शिक्षा नीति में संकल्प तो लिए गए, लेकिन उनका ढांचा खड़ा नहीं हो पाया है। यह परिकल्पना की गई थी कि पांच वर्ष की आयु से पहले प्रत्येक बच्चा बालवाटिका या प्रारंभिक कक्षा से जुड़ जाएगा, जहां प्रशिक्षित ईसीसीई शिक्षक खेल–आधारित शिक्षा के माध्यम से बच्चों में संख्यात्मक, भावनात्मक और शारीरिक क्षमताओं के साथ प्रारंभिक साक्षरता एवं संख्या ज्ञान विकसित करेंगे। यह परिकल्पना सही मायनों में प्रारंभ भी नहीं हो सकी है। जहां बालवाटिकाएं बनाई जा रही हैं, वहां प्रशिक्षित शिक्षक नहीं हैं और कई स्थानों पर शिक्षकों की नियुक्ति केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।

सरकारें प्राथमिक शिक्षा को अक्सर इस दृष्टि से देखती हैं कि बच्चा घर से ही स्वाभाविक रूप से तैयार होकर विद्यालय आएगा, जबकि वास्तविकता इससे भिन्न है। सरकार को समय रहते गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा का एक प्रभावी ढांचा विकसित करना होगा। ईसीसीई शिक्षकों का अलग प्रारंभिक वर्ग तैयार करना आवश्यक है। बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ–साथ उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी और जांच की भी व्यवस्था होनी चाहिए। बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान सीखना प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही आगे की स्कूली शिक्षा और जीवनपर्यंत सीखने की आधारशिला है। वर्तमान में प्राथमिक विद्यालयों में बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी हैं, जिनकी अनुमानित संख्या पांच करोड़ से अधिक बताई गई है, जो बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान तक प्राप्त नहीं कर सके हैं। जब तक प्राथमिक शिक्षा पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जाएगा, तब तक बच्चों में सामान्य लेख पढ़ने, समझने और अंकों के साथ बुनियादी जोड़–घटाव करने की क्षमता विकसित नहीं हो सकेगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने वर्ष 2025 तक प्राथमिक विद्यालयों में सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन वर्ष 2026 तक भी यह अभियान प्रभावी रूप से प्रारंभ नहीं हो पाया है। सीखने की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा किए बिना शिक्षा नीति के अन्य लक्ष्य अप्रासंगिक सिद्ध होंगे। इसलिए सरकार को प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए तत्काल प्रभाव से ठोस क्रियान्वयन योजना तैयार करनी चाहिए। सरकारों को चाहिए कि वे सबसे अधिक ध्यान प्राथमिक शिक्षा पर केंद्रित करें और भारत की इस मूलभूत नींव को गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन के माध्यम से मजबूत बनाएं।




## आकांक्षाओं का प्रतिबिंब

विधानसभा चुनाव केवल सरकार बनाने की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे जनता की बदलती राजनीतिक सोच और सामाजिक आकांक्षाओं का भी प्रतिबिंब होते हैं। हाल के वर्षों में कई राज्यों में त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति देखने को मिली है, जहां किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। तमिलनाडु की राजनीति इसका ताजा उदाहरण है, जहां राष्ट्रीय दलों की तुलना में क्षेत्रीय दलों का प्रभाव अधिक दिखाई देता है। आज मतदाता पहले की तरह किसी एक दल के साथ स्थायी रूप से नहीं जुड़ा रहता। जातीय समीकरण, स्थानीय मुद्दे, क्षेत्रीय अस्मिता और नेतृत्व की लोकप्रियता चुनाव परिणामों को प्रभावित करती है। नतीजा यह कि वोट विभिन्न दलों में बंट जाते हैं और किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता। तब छोटे क्षेत्रीय दल गठबंधन राजनीति के केंद्र में आ जाते हैं। तमिलनाडु की राजनीति लंबे समय तक द्रमुक और अन्नाद्रमुक के इर्द–गिर्द घूमती रही, लेकिन अब नई राजनीतिक शक्तियों और फिल्मी हस्तियों के प्रवेश से समीकरण बदल रहे हैं। दक्षिण भारत में फिल्मों और राजनीति का संबंध पुराना रहा है। वर्तमान दौर में भी अभिनेता–आधारित राजनीति मतदाताओं को आकर्षित कर रही है।

*– विभूति बुपक्या, दिल्ली*

## तस्करी की कड़ियां

'नशे का जाल' (संपादकीय, 28 मई ) पढ़ा। नशीले पदार्थों की तस्करी गंभीर चिंता का विषय है। तटरक्षक बल और गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते द्वारा लगभग 1150 करोड़ रुपए की एक सौ पंद्रह किलो कोकीन की जब्ती केवल एक बड़ी कार्रवाई नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के सामने खड़े गहरे संकट का संकेत है। यह देश की युवा पीढ़ी, अर्थव्यवस्था और सामाजिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। नशे का व्यापार केवल कानून–व्यवस्था की समस्या नहीं, बल्कि यह सामाजिक और नैतिक चुनौती भी बन चुका है। बेरोजगारी, तनाव और गलत संगति के कारण अनेक युवा नशे के चंगुल में फंस रहे हैं। दूसरी ओर, अंतरराष्ट्रीय गिरोह तकनीक और समुद्री मार्गों का उपयोग कर इस कारोबार को लगातार विस्तार दे रहे हैं। इतनी बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामदगी यह भी दर्शाती है कि तस्कर कितने सक्रिय और संसाधन–संपन्न हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए केवल एजंसियों की कार्रवाई पर्याप्त नहीं।

*– इशरत अली कादरी, भोपाल*

## बोलियों की अहमियत

अंग्रेजी के वर्चस्व और भाषा विवाद के बीच हम अपनी क्षेत्रीय बोलियों को भूलते जा रहे हैं। घरों से स्थानीय भाषा गुम हो रही है। स्कूलों की पढ़ाई में भी उनके लिए कोई कोना नहीं बचा। क्षेत्रीय बोलियों का संरक्षण आवश्यक है। बच्चों को उनकी बोली में प्राथमिक शिक्षा देने से न सिर्फ उसे बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इनके माध्यम से भावी पीढ़ी अपनी मिट्टी और लोक संस्कृति से जुड़ी रह सकेगी। लोक में रची–बसी बोलियां सिमटती जा रही हैं, तो इसके लिए हम स्वयं जिम्मेदार हैं। मिसाल के लिए मालवा–निमाड़ क्षेत्र के लोगों के लिए मालवी–निमाड़ी बोली पर काम करने की जरूरत है। इसके लिए अकादमी बनाई जा सकती है। दुखद ही है कि इन बोलियों का साहित्य उपलब्ध नहीं हो पाता। छात्र–छात्राओं को शोध में सहायता नहीं मिल पाती है। अकादमी स्थापित करने से बोलियों का संरक्षण होगा। इसी तरह की कवायद अन्य राज्यों में भी होनी चाहिए। इससे बोलियों को विलुप्त होने से बचाया जा सकेगा।

*– संजय वर्मा 'दृष्टि', मनावर, धार*

## बच्चों की सेहत

छोटे बच्चों में गुस्से और चिड़चिड़ेपन की समस्या तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। अक्सर माता–पिता इसे अनुशासन या व्यवहार से जुड़ी समस्या मान कर डांट–फटकार का सहारा लेते हैं, जबकि कई बार इसके पीछे पोषण संबंधी कारण भी होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, बढ़ते बच्चों को पर्याप्त प्रोटीन, विटामिन, खनिज तत्त्व, हरी पत्तेदार सब्जियां, ताजे फल, दूध और पर्याप्त पानी मिलना चाहिए। यदि भोजन में आवश्यक पोषक तत्त्वों की कमी हो जाए, तो बच्चों में थकान, एकाग्रता की कमी बढ़ सकती है। जंक फूड, अत्यधिक चीनी और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बच्चों के व्यवहार पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। संतुलित आहार बच्चों के मस्तिष्क को ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे उनकी सोचने–समझने की क्षमता बेहतर होती है। बच्चे स्वस्थ होंगे, तो देश भी स्वस्थ होगा।

*– वरुण कुमार, गोलमुरी, जमशेदपुर*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

आन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) ने सीबीएसई को कई तरह के सवालों की जद में खड़ा कर दिया है। आंकड़े बताते हैं कि इस बार बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए हर चौथे विद्यार्थी को अपने परीक्षाफल से असंतोष है और इसे लेकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई है। बोर्ड की दी गई जानकारी के मुताबिक परीक्षा में 17, 68,962 विद्यार्थी बैठे थे। इनमें से 4,04,319 विद्यार्थियों ने उत्तरपुस्तिका की स्कैन कापी मांगी है। यह कुल विद्यार्थियों का 22.85 फीसद है।

## बेबाक बोल

ग्रेगर साम्सा सुबह उठ कर खुद को एक विशाल कीट में बदला हुआ पाता है। मूल जर्मन रचना में फ्रैंज काफ्का ने इस कीट को कोई नाम नहीं दिया है। जर्मन के भावानुवाद में उसे घृणित कीट ही कहा जा सकता है। दावा किया जाता है कि काफ्का ने अपने प्रकाशक से अनुरोध किया था कि किताब के आवरण पर उस कीट की कोई छविगत पहचान नहीं दी जाए। रचनाकार ने कीट की पहचान को पाठकों की रचनात्मकता के भरोसे छोड़ दिया। काफ्का को अंदाजा नहीं था कि कभी किसी देश की अदालत में बहस के दौरान इस कीट को ऐसी पहचान दी जाएगी कि हर तरफ काकरोच की तस्वीर छा जाएगी। सत्ता द्वारा अकेले छोड़ दिए गए लोग, बीमार, असहाय, अशिक्षित, शिक्षित बेरोजगारों को काकरोच की एक सामूहिक पहचान मिल जाएगी। आज के संदर्भ में खास कर वैसे लोग जो सवाल उठाते हैं, चाहे वे नार्वे की पत्रकार हो या बारहवीं का सीबीएसई का विद्यार्थी, सबको घृणित कीट की तरह ही देखा जा रहा है। सत्ता और समाज में सवालों के अकेलेपन, असहायता और उन पर हो रहे आक्रमण के संदर्भ में बेबाक बोल।

# कीटों का कैसा हो वसंत?

**मुकेश भारद्वाज**

पाकिस्तानी भी सीबीएसई की परीक्षा देते हैं? यह सवाल दाग दिया गया एक बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी पर। सवाल दागने वाले देश की सरकारी संस्था के 'एंकर' हैं। अभी नीट परीक्षा में पर्चा लीक का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि बारहवीं की परीक्षा में सीबीएसई की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ गए। लेकिन जिन लोगों को सीबीएसई और उससे जुड़े महकमे पर सवाल उठाना शुरू कर देना चाहिए था, उन्होंने सवाल उठाने के लिए बारहवीं के विद्यार्थी को चुना। भाषा का लब्बोलुआब यही था कि अगर तुमने सवाल उठाया है तो जरूर देशद्रोही होगे, यानी पाकिस्तानी होगे।

बारहवीं के विद्यार्थी को पाकिस्तानी कहे जाने की घटना के बाद शायद नार्वे की पत्रकार हेले लेंग को अपने साथ हुए मामले को समझने में और आसानी हुई होगी। तुमने सवाल क्यों पूछा, भारतीय पत्रकारों के हर सवाल पर लेंग का मासूम सा जवाब होता, क्योंकि सवाल पूछना मेरा काम है। सत्ता पक्ष के अंध समर्थकों ने लेंग को विदेशी जासूस घोषित किया तो उन्हें सफाई देनी पड़ी। हमारे परिवेश में सवालों से बदहजमी इस कदर बढ़ गई है कि एक स्कूली बच्चे के सवाल को भी बर्दाश्त नहीं किया गया।

शुरुआत इस बात से हुई कि सत्ता के शीर्ष लोगों से कोई सवाल नहीं पूछो। उसके बाद दौर आया, सत्ता के किसी भी फैसले को लेकर सवाल नहीं पूछो। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि किसी भी संस्था से सवाल नहीं पूछो। सीबीएसई ने जो भी किया ठीक ही किया होगा, यह मान कर चलो। सीबीएसई से यह नहीं पूछो कि उसने बिना पर्याप्त परीक्षण किए डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को लागू क्यों किया? उत्तर-पुस्तिकाओं को स्कैन कर जांचने वाली प्रणाली को ठीक से जांचा-परखा क्यों नहीं गया? कई विद्यार्थियों की कापियां गलत क्रमांक संख्या से कैसे जुड़ गईं? शिक्षकों को पर्याप्त प्रशिक्षण क्यों नहीं दिया गया? आरोप है कि केवल दिल्ली के पांच स्कूलों में, सौ शिक्षकों को महज दो दिन का प्रशिक्षण देकर पूरे देश में 'ओएसएम' की व्यवस्था लागू कर दी गई। साफ्टवेयर को ठीक से समझे बिना शिक्षकों ने कापियां जांची और नतीजा यह हुआ कि बारहवीं का कुल पास फीसद घट कर 2019 के बाद सबसे कम यानी 85.20 फीसद रह गया। इसका नतीजा यह है कि पूरे देश के सीबीएसई के बारहवीं के विद्यार्थियों को अपने नतीजे पर भरोसा नहीं रहा।

सबसे अहम सवाल यह है कि किसी प्रयोग को उसकी निर्धारित प्रयोगशाला में करने के बजाय सीधे आम लोगों की जिंदगी में क्यों उतार दिया जा रहा है? आखिर प्रयोग की इतनी हड़बड़ी क्यों है? यह हड़बड़ी क्या इसलिए कि लोकतंत्र के तीनों खंभों ने मिल-जुलकर आम आदमी को काकरोच घोषित कर ही दिया है। उनके साथ नोट से लेकर वोट और




परीक्षा के नंबर तक किसी की भी बंदी कर दो वह चुप बैठ जाएगा। उसके किसी भी तरह के सवालों को पांव के नीचे कुचलने की कोशिश की जाएगी। तीन खंभे कहा, क्योंकि मीडिया के कथित आजाद हिस्से पर भी काकरोच होने का आरोप जड़ ही दिया है।

एक सरकारी एजंसी का 'एंकर' बारहवीं के विद्यार्थी को पाकिस्तानी कह कर, उसके बाद माफी मांग कर अपनी पोस्ट हटा देता है। हालांकि इसके बाद भी हर किसी को पाकिस्तानी कह देने के उसके 'अधिकार' पर कोई बंदिश नहीं आएगी। एक एंकर समझा रही है कि पेट्रोल की कीमत बढ़ने के बाद एक मोटसाइकिल चलाने वाला आम आदमी महीने भर में महज 221 रुपए ज्यादा खर्च करेगा। बकौल एंकर ऊपर-ऊपर से देखें तो कोई बहुत बड़ा फर्क नहीं पड़ता है।

ऊपर-ऊपर की तो बात हम नहीं करेंगे, पर हम नीचे जरूर देखेंगे। एक नीचे हमने वहां भी देखा कि बैंक के खाते से 19 हजार रुपए निकालने के लिए एक भाई अपनी बहन का कंकाल कब्र से खोद कर ले आया। इंटरनेट पर मौजूद है वह दृश्य, जिसमें एक जिंदा लाश एक कंकाल को अपने कंधे पर ढो कर ला रही है। अखबार की वह तस्वीर अब मूंगफली के लिफाफे का हिस्सा हो गई होगी जिसमें एक दंपति अपने बच्चे के पार्थिव शरीर को प्लास्टिक के थैले में ऐसे ही लेकर जा रहा है, जैसे पहले वह अपने बच्चे की मेडिकल रिपोर्ट को थैले में लेकर आता था। उसके पास एंबुलेंस के पैसे नहीं थे। एंकर कह सकते हैं कि जहां जिंदा मरीजों को एंबुलेंस और स्ट्रेचर जैसी बुनियादी चीजें नहीं मिलतीं वहां शव ले जाने के लिए एंबुलेंस की मांग तो काकरोच ही कर सकते हैं।

उत्तर प्रदेश की एक गर्भवती स्त्री ने अपने घर के बाहर गड्ढों को दिखा कर प्रदेश के प्रतिनिधि से पूछा था कि वह प्रसव के लिए अस्पताल कैसे जाएगी? सत्ता की बेशर्म आवाज आई थी, प्रसव की तारीख बताओ, हेलिकाप्टर से उठवा लेंगे। पर काकरोच की हद तक हठी हो चुकी स्त्री ने पूछा, किस-किस को हेलिकाप्टर से उठवाएंगे। जिस आम जनता को पेट्रोल की कीमत बढ़ने को जरा सा बताया जा रहा, उसकी अखबारों में दर्ज एक और हालत सुनिए। हापुड़ में मिठाई की एक दुकान पर खाद्य आपूर्ति अधिकारियों का छापा पड़ा। अधिकारियों ने दुकान की मिठाइयों को खराब बता कर मिठाई के कुछ डब्बे कचरे में फिकवा दिए। लेकिन स्थानीय लोग आए और कचरे से मिठाई के डब्बे उठा कर ले गए। उन्हें लगा होगा कल तक वे यही मिठाई खा रहे थे, अन्य कई दुकानों में भी ऐसी ही मिठाई मिल रही तो इससे हमारा क्या नुकसान होगा। पटना में बर्ड फ्लू की आशंका से मुर्गियों को मारने का आदेश दिया गया। स्थानीय लोग उन मुर्गियों को अपना आहार बनाने के लिए ले गए। जनता अपने उदर को काकरोच जैसा बना चुकी है। खराब पनीर, खराब मिठाई, बर्ड फ्लू की आशंका वाली मुर्गी तक से परहेज नहीं करने वाली जनता को बस अपने लिए काकरोच का सुप्रीम खिताब मिलने का इंतजार था।

किसी भी इंसान की जुबान पर सवाल जैविक रूप से नहीं मिलते हैं। जन्म लेने के बाद कुदरती तौर पर वह सिर्फ हंसना और रोना जानता है। सवाल एक सामाजिक निर्मिति है। किसी देश के नागरिकों की जुबान पर कैसे सवाल होंगे, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उसके घर का माहौल कैसा है, उसे कैसा स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालय मिला। आज के दौर में सबसे अहम यह है कि उसे कैसा मीडिया मिला। हेले लेंग को अपने देश में जैसा माहौल मिला, उसके हिसाब से वे सवाल पूछने को अपना पहला काम मानती हैं। हमारे देश के घरों में जैसा मीडिया पहुंच रहा है, वह सवाल करने वाले को पाकिस्तानी मानने लगता है। सोचिए, जब एक किशोर को सवाल करने के बदले में पाकिस्तानी सुनने को मिलेगा तो वह बड़ा होकर कैसा नागरिक बनेगा? सवाल पूछने से डरने वाला?

एक समय था जब हिंदीभाषी बच्चे ऊंचे स्वर में कविता पढ़ते थे–


*है उदधि गरजता बार-बार*
*प्राची, पश्चिम, भू, नभ अपार*
*सब पूछ रहे हैं दिग् दिगंत*
*वीरों का कैसा हो वसंत?*

आज के दौर में सुभद्रा कुमारी चौहान होतीं तो सवाल से डराई गई इस पीढ़ी से शायद कुछ ऐसा सवाल करतीं–

*कीटों का कैसा हो वसंत?*

## हंसे तो फंसे

कालका में अवैध खनन को लेकर बैठक चल रही थी। बैठक में राज्यसभा के दो सांसद रेखा शर्मा और कार्तिकेय शर्मा थे। बैठक में में वहां की विधायक और एक केंद्रीय राज्य मंत्री भी मौजूद थे। एक छोटी सी बैठक में दो सांसद और एक मंत्री होने का तात्पर्य यही है कि यह क्षेत्र उन्हें अपने राजनीतिक भविष्य के लिए उर्वर दिखता है। बैठक के दौरान रेखा शर्मा ने सहायक खनन अधिकारी से कहा कि खेड़ावाला में अवैध खनन हो रही है। अवैध खनन की बात सुन कर अधिकारी मुस्कुराने लगे। अधिकारी को लगा होगा कि शायद खनन करवाने वालों के बारे में सांसद महोदया को पता होगा। सवाल का जवाब देने के बजाय जब खनन अधिकारी मुस्कुराने लगे तो रेखा शर्मा खफा हो गईं। रेखा शर्मा ने सवाल किया कि एक तो आपने जवाब नहीं दिया और दूसरे आप मुस्कुरा रहे हैं। इसके बावजूद अधिकारी ने जवाब देने के बजाय मुस्कुराना जारी रखा। अब कार्तिकेय शर्मा ने भी उनकी हंसी पर सवाल उठा दिए। अधिकारी को कहना पड़ गया कि वे हंस नहीं रहे, उनकी शक्ल ही ऐसी है। इस पूरी कवायद के दौरान मंत्री जी सब कुछ सहजता से देखते-सुनते रहे। जवाब के बजाय अधिकारी की मुस्कान से इतनी असहज स्थिति बनी कि अंततः मौके पर ही उनके निलंबन के आदेश दे दिए गए। अधिकारी तो निलंबित हो गए लेकिन फंसने के बाद भी हंसते रहने के रहस्य को और गहरा कर गए।



## लड़ेंगे पीके?

प्रशांत किशोर ने पटना का अपना घर छोड़ दिया और वे नव निर्माण आश्रम में चले गए हैं। अचानक उनके बांकीपुर सीट का उपचुनाव लड़ने की अटकलें शुरू हो गई हैं। बांकीपुर सीट भाजपा विधायक नितिन नवीन के इस्तीफे से खाली हुई है। पीके ने फिलहाल अपनी उम्मीदवारी की तो बात नहीं कही है, पर बांकीपुर में जन सुराज पार्टी के पूरी ताकत से उपचुनाव लड़ने का एलान जरूर कर दिया है। पीके ने विधानसभा चुनाव के वक्त तेजस्वी के मुकाबले राघोपुर से खुद लड़ने की बात कही थी लेकिन फिर वे पीछे हट गए थे और चुनाव नहीं लड़ा था। बांकीपुर सीट 40 साल से भाजपा के कब्जे में है। संभावना है कि भाजपा यहां से किसी कायस्थ को ही उम्मीदवार बनाएगी। क्या प्रशांत चुनाव लड़ेंगे या चर्चा कराकर छोड़ देंगे? खुद तभी लड़ना चाहेंगे जब समूचा विपक्ष समर्थन दे। लेकिन तेजस्वी के समर्थन की संभावना कम लगती है।

## राजपाट

### दिग्गी नहीं तो कौन?

कांग्रेस को मध्य प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट मिलेगी। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह दो बार से राज्यसभा जा रहे हैं। इस बार उन्होंने कहा है कि वे राज्यसभा नहीं जाएंगे। चर्चा तो यह भी है कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की नजर भी राज्यसभा सीट पर है। इस बीच कांग्रेस के एक नेता प्रदीप अहिरवार ने कह दिया कि कांग्रेस को चाहिए कि वह किसी दलित को राज्यसभा भेजे। माना जा रहा है कि कांग्रेस के ही बड़े नेता इस तरह की बातें चलवा रहे हैं क्योंकि उनको मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का रास्ता रोकना है। दिग्विजय सिंह खुद नहीं जा रहे हैं तो किसी दलित को भेजा जाए यह धारणा अगर बनती है तो कमलनाथ और जीतू पटवारी दोनों का रास्ता रुक सकता है।

## वाम पर वार

भाजपा को लगता है कि जब तक केरलम में वाम मोर्चे का वजूद रहेगा वह तीसरे नंबर की पार्टी ही बनी रहेगी। केरलम विधानसभा में उसे तीन सीटें मिली हैं। लोकसभा की एक सीट भी उसने 2024 में जीती थी। विजेता सुरेश गोपी को पार्टी ने केंद्र में मंत्री बना रखा है। पश्चिम बंगाल में भाजपा तभी सत्ता में आ पाई जब कांग्रेस और वाम मोर्चा कमजोर हो गए। यह भाजपा के लिए एक रणीतिक सबक है। पश्चिम बंगाल की तर्ज पर ही पार्टी ने अब आपरेशन केरलम शुरू कर दिया है। त्रिकोणीय लड़ाई में पिछले दो चुनाव में भाजपा ने देख लिया कि उसका वोट 12 फीसद से आगे नहीं बढ़ा। पार्टी जानती है कि राज्य में हिंदू मतदाता 55 फीसद हैं, पर ज्यादातर माकपा के असर में हैं। लिहाजा सोच-समझ कर आपरेशन केरलम के तहत माकपा को निशाना बनाया गया है। दो बार मुख्यमंत्री रह चुके माकपा के सबसे कद्दावर नेता पी विजयन के यहां प्रवर्तन निदेशालय के छापों से पार्टी की रणनीति का संकेत मिलता है। मामला उनकी बेटी की कंपनी से जुड़ा है। विजयन पर आरोप लगा था कि उन्होंने अपनी बेटी वीणा के पति को अपनी सरकार में मंत्री बनाया था। फिर वीणा की कंपनी को बिना काम भुगतान का आरोप लगा था। भ्रष्टाचार और वंशवाद के आरोप में वाम मोर्चा अगर कमजोर होगा तो भाजपा के लिए जगह बनेगी। हिंदू वोट अगर वाम से टूटकर भाजपा के साथ आए तो भाजपा कांग्रेस के साथ सीधे मुकाबले में आ जाएगी।

## एक प्यारी शिकायत

सोशल मीडिया पर भाजपा के एक बड़े नेता की शिकायत खूब वायरल हो रही है। शिकायत प्रधानमंत्री से की गई है और करने वाला भाजपा नेता का बेटा ही है। 'एक्स' पर की गई शिकायत वायरल हो गई है। ये नेता हैं राजस्थान प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया, जो विधायक भी रहे हैं। विधानसभा का पिछला चुनाव पूनिया हार गए थे। इस समय वे हरियाणा भाजपा के प्रभारी हैं। शिकायत उनके बेटे महीप पूनिया ने की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा वर्ग से अपील की थी कि जब भी समय मिले, अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी और अन्य प्रियजनों को फोन करके उनका हालचाल पूछें। उन्हें पर्याप्त पानी पीने, दोपहर की तेज धूप में बाहर न निकलने और जितना हो सके आराम करने की सलाह दें। पूनिया के बेटे महीप ने तुरंत अपने पिता की एक तस्वीर पोस्ट कर दी, जिसमें वे तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच पार्टी के काम में व्यस्त दिख रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी को टैग करते हुए महीप ने शिकायत भरे अंदाज में लिखा-सर, मेरे पिता आपकी बात नहीं मान रहे हैं। वे हरियाणा भाजपा की बैठक ले रहे हैं, आप उन्हें समझाइए।



*संकलन : मृणाल वल्लरी*

## आपके पत्र

### सवाल साख का

पत्रकारिता का बुनियादी धर्म है सवाल पूछना। अगर पत्रकार सवाल नहीं पूछेगा तो काहे की पत्रकारिता? 'सवाल साख का है' में मुकेश भारद्वाज ने जो मुद्दे उठाए हैं, वे आत्म मंथन के लिए बाध्य करते हैं। दुर्भाग्य की बात है कि नार्वे की पत्रकार के सवाल पूछने पर भारत देश के अनेक चाटुकार (बोले तो...पत्रकार) उसकी आलोचना कर रहे हैं। मतलब एक पत्रकार दूसरे पत्रकार द्वारा सवाल पूछने पर उसकी आलोचना कर रहा है? निःस्संदेह यह शर्मनाक घटना है। पत्रकार के मन में जो भी सवाल आए उसका जवाब राजनेताओं को देना चाहिए। लेकिन यह मामला अजीब है, नेता ने सवाल नहीं सुना, उत्तर नहीं दिया, लेकिन भारत के अनेक पत्रकारों को मिर्ची लग गई। मिर्ची इसलिए लगी कि यहां के पत्रकार तो सवाल ही नहीं करते! नार्वे की पत्रकार ने क्यों कर लिया? पत्रकारिता को अपमानित करने वाली इस घटना पर मुकेश भारद्वाज के लेख का शीर्षक सटीक है। यह हमारी पत्रकारिता की साख का ही तो सवाल है कि हम अपनी ही बिरादरी के सवाल पर बवाल कर रहे हैं।

**–गिरीश पंकज, रायपुर।**

### खामोश खबरनवीस

बहस इस बात पर रुक गई है कि आखिर हम सवालों से भागने क्यों लगे हैं। 'सवाल साख का है' हमारी खबरनवीसी की साख को गर्त में धकेलने वालों के सामने एक सवाल बन कर खड़ा है। सवालों की बुनियाद पर टिका जम्हूरियत का चौथा खंभा पत्थर की दीवार नहीं, बल्कि अवाम के भरोसे की मीनार है। दरकती मीनार चीख-चीख कर हमसे पूछ रही है कि जम्हूरियत की बुनियाद आखिर कांप क्यों रही है। जवाब उन सवालों में छिपा है जो भारतीय 'एंकरों' ने हेले से पूछे हैं। बेशक हेले के सवाल गैर जरूरी थे, बेशक जवाब न देने का हक हमें है, मगर खबरनवीसी की साख पर ऐसी खामोशी मंजूर नहीं है। भरोसे और साख से इतर लिबास और तजुर्बे की बहस सियासत की सड़कों पर सरपट भागती रही। बाजार की चमचमाती रोशनी ने हमें दुनिया की नजरों को देखने के काबिल न छोड़ा। बहरहाल जम्हूरियत की मीनार अब भी सवाल-जवाब की पुरानी रवायतों पर लौट आने की उम्मीद में टकटकी लगाए खड़ी है।

**–एमके मिश्रा, रांची, झारखंड।**

### जवाब जरूरी है

बहस सवाल ये है कि क्या सवालों के जवाब न देने से सवाल खत्म हो जाएंगे? सवाल ये है कि अगर पत्रकार सवाल पूछना छोड़ देंगे, तो क्या वे मूक दर्शक नहीं कहलाएंगे? सवाल बहुत हैं, चूंकि हर सत्ता सवालों से डरती है, इसलिए सवालों पर विराम लगाती है। मुद्दा ये है कि हर क्रिया की प्रतिक्रिया एक सवाल को जन्म देती है, और उस सवाल का जवाब ही विज्ञान, संस्कृति और सभ्यता के विकास को गति देता है। मतलब, सवाल का पैदा होना एक नैसर्गिक प्रक्रिया है और सतत विकास के लिए उनका जवाब खोजना जरूरी है। ये ठीक है कि सवाल का जवाब न देना आपका हक है, किंतु ये हक तभी है, जब आप पूरी गंभीरता से सवाल सुनने का कर्तव्य निभाते हों। जवाब न देने से न सवाल अप्रासंगिक होता है और न उसे पूछने वाला। हां, जवाब न देने से लोगों के बीच सच्चे-झूठे और मनगढ़ंत जवाब घूमेंगे, जो सिर्फ उलझन पैदा करेंगे।

**–बृजेश माथुर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश।**

### लोकतंत्र का पर्याय

सवाल साख का है, आखिर यह क्यों नहीं? नहीं तो फिर पत्रकारिता जगत उदंत मार्तंड के दो सौ साल पूरे होने की खुशियां क्यों मना रहा है, जिसका सफर दो साल का भी नहीं था। नार्वे की हेले लेंग के सवाल पत्रकारिता जगत के लिए साख के समान हैं। पत्रकारिता जगत हो या राजनीतिक दल या न्याय संबंधी एक धरा, वकीलों की पूरी फौज, मगर देश, समाज में महत्त्वपूर्ण स्थान इसलिए कि संवैधानिक दृष्टि से सबकी अपनी-अपनी साख है। उस साख के संदर्भ में ये संस्थाएं लोकतंत्र की पर्याय हैं। भले सोशल मीडिया के दौर में आज बिना प्रशिक्षण पत्रकारों की भूमिका का निर्वहन करने वाले अधिक हैं। मगर उनका यह शौक भी पुराने की साख की नींव का बेहतरीन प्रमाण है।

**–मुकेश कुमार मनन, पटना।**

### क्षरण की होड़

जीवन के सभी क्षेत्रों में क्षरण की जब होड़ मची हुई हो तो आखिर पत्रकारिता के पांव का घायल होना स्वाभाविक है। परिवर्तित परिस्थिति में सत्यमेव जयते के राष्ट्रीय मंत्र की पृष्ठभूमि में पाठ्यक्रम की नींव में साहस, साख और सेवा का ईंधन डाल अपनी गिरती साख को दृष्टिगत रखते हुए सवालों की ओर लौटना मुश्किल है, क्योंकि वे संशय की मुद्रा में सत्ता-सेवक बनाम सत्य-सेवक के बीच घोर असमंजस की घड़ी में हैं। हां, उम्मीद की जानी चाहिए कि पत्रकारिता की भावी पीढ़ी अपने रहनुमाओं से कभी यह सवाल जरूर पूछेगी कि आखिर 'सुलगते सवालों के समय आपके मौन मन के क्या निहितार्थ थे?'

**अशोक कुमार, पटना, बिहार।**

### संकट का संकेत

लोकतंत्र में पत्रकारिता केवल सूचना देने का माध्यम नहीं होती, वह सत्ता और समाज के बीच खड़े उस सजग विवेक का नाम है, जो सवाल पूछने का साहस रखता है। लेकिन आज भारतीय पत्रकारिता का एक बड़ा हिस्सा जिस दिशा में बढ़ता दिखाई दे रहा है, वह चिंता ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक चेतना के लिए एक गंभीर संकट का संकेत है। किसी पत्रकार के निजी जीवन, कपड़ों या तस्वीरों के आधार पर उसकी विश्वसनीयता तय करना उस बौद्धिक दिवालियेपन का संकेत है, जहां तर्क समाप्त हो जाते हैं और चरित्रहनन बहस का स्थान ले लेता है। पत्रकारिता तब कमजोर होती है जब वह सत्ता से निकटता को अपनी उपलब्धि समझने लगती है।

**–मो अजहर आलम अंसारी।**

### दक्षिण में कांग्रेस

तमिलनाडु में कांग्रेस पार्टी पांच विधायकों की जीत के साथ विजय की पार्टी में शामिल हो गई। आश्चर्य की बात है कि 2021 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के 17 विधायक चुनाव जीत कर भी मंत्री नहीं बन पाए। कांग्रेस अब रणनीति तय कर रही है कि वह दक्षिण भारत में अपने पांव और मजबूत करे।

**–मीना धानिया, सिरसपुर।**

### विशेष पन्ना कैसा लगा

इस विशेष पन्ने पर आपके ढेरों पत्र हमें लगातार मिलते हैं। हर बार मुमकिन नहीं कि सारे पत्रों का हम इस्तेमाल कर पाएं। पर यह तो तय है कि आपके पत्रों से आपकी पसंद और विषयों के चुनाव में हमें मदद मिलती है। इस बार का यह विशेष पन्ना आपको कैसा लगा? आप अपनी राय भेज सकते हैं। हमारी ई-मेल आइडी है :
vishesh.jansatta@expressindia.com

# परीक्षा एक जिम्मेदारी

पेपर लीक के बाद नीट-यूजी रद्द करने की प्रक्रिया की निगरानी अगर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं, तो यह बहुत सराहनीय है। सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा था, पेपर लीक जांच किस तरह की जाएगी, जवाब में सरकार ने प्रधानमंत्री के नाम का उपयोग किया है। यदि प्रधानमंत्री स्वयं जांच की निगरानी कर रहे हैं, तो इससे दूध का दूध और पानी का पानी होने की संभावना बहुत बढ़ गई है। दरअसल, नीट पेपर लीक को लेकर बहुत नाराजगी देखी जा रही है और इसका एहसास सरकार को है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जिस तरह से सरकार का पक्ष रखा है, उससे भी अंदाजा होता है कि सरकार पेपर लीक को लेकर गंभीर है। न्यायमूर्ति नरसिम्हा का यह कहना वाजिब है कि उच्च स्तरीय समिति के बावजूद अगर यह घटना हुई है, तो यहां मूल सिफारिश में कुछ गड़बड़ी है या ढंग से क्रियान्वयन नहीं हुआ है। यह खामी बहुत बड़ी है, ऐसे में, इसकी सर्वोच्च निगरानी करना स्वाभाविक है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा अर्थात नीट के पूरे तंत्र में कमी नजर आ रही है। इस पेपर लीक के लिए कई लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। अतः यहां उच्च स्तरीय निगरानी से ही परीक्षा तंत्र की कमियों की तह तक पहुंचा जा सकता है।

सर्वोच्च न्यायालय की सुनवाई में अब तक यह साबित हो चुका है कि पेपर लीक की यह घटना बहुत दुखद है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। चंद लोगों ने अपने फायदे के लिए पूरे तंत्र से खिलवाड़ किया है। सबसे बड़ी बात, यह पेपर लीक का कोई पहला मामला नहीं है। पेपर लीक का एक सिलसिला है, जो टूट नहीं रहा है। तंत्र के भीतर ही ऐसे लोग बैठे हैं, जो दीमक का काम कर रहे हैं। ऐसे दीमकों का इलाज बहुत जरूरी है। सर्वोच्च न्यायालय इन दीमकों का इलाज करना चाहता है और अब उसके साथ प्रधानमंत्री का भी खड़े होना आश्वस्त करता है कि भारतीय परीक्षा व्यवस्था में चौकसी बढ़ने वाली है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया है कि 21 जून को होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के लिए नया तंत्र लागू किया गया है। इस बार किसी को शिकायत का मौका नहीं देना चाहिए। परीक्षा पर समाज का एकजुट होना भी जरूरी है। ध्यान रहे, पेपर लीक साफ तौर पर दिख रही है, लेकिन तब भी ऐसे लोग हैं, जो दागदार नीट-यूजी को रद्द करने के खिलाफ हैं। दरअसल, परीक्षा के प्रति एकजुटता का अभाव ही निष्पक्षता एवं शुचिता की हत्या कर रहा है।

**सर्वोच्च न्यायालय की सुनवाई में अब तक यह साबित हो चुका है कि नीट-यूजी पेपर लीक की यह घटना बहुत दुखद है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।**

यह व्यापक समीक्षा का समय है। अपने देश में परीक्षाओं का आकार बहुत बढ़ गया है। डॉक्टर बनने के लिए 22 लाख विद्यार्थी आवेदन करते हैं, तो इंजीनियर बनने के लिए 16 लाख विद्यार्थियों के बीच होड़ मचती है। अगर परीक्षा के आकार को छोटा नहीं करना है, तो उसे युद्ध स्तर पर सुधारना होगा। कोई भी परीक्षा किसी के भ्रष्ट आचरण का माध्यम नहीं बननी चाहिए। छात्रों के असंतोष को पूरी संवेदना से समझना होगा। गुरुवार को ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड की कॉपी जांच में दिखी कमियों की जिम्मेदारी ली है। वाकई यह जिम्मेदारी लेते हुए काम करने का समय है। राजनीतिक नेतृत्व अपनी ओर से निगरानी बढ़ाए और प्रशासन अपने कामकाज से ईमानदारी सुनिश्चित करे, तभी बात बनेगी। खराब परीक्षा प्रणाली से समग्रता में देश की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। तैयार रहना चाहिए, शिक्षा और परीक्षा की चुनौतियां लगातार बढ़ती चली जाएंगी। कमी दिखते ही उस पर प्रहार करना होगा। अपनी मूलभूत व्यवस्थाओं में कमियों को पालने की गलती अब यह देश नहीं कर सकता।

हिन्दुस्तान | **75 साल पहले** 30 मई, 1951

## चीन-तिब्बत संधि और भारत

एक सप्ताह पूर्व, 23 मई 1950 को, पैकिंग में हुए चीन-तिब्बत समझौते के साथ दोनों देशों के बीच एक साल से चली आ रही असमंजस की स्थिति का अन्त हो जाता है। समझौते का विवरण अधिकृत रूप से भारत सरकार को अभी प्राप्त नहीं हुआ है, किन्तु लन्दन में प्रकाशित समझौते की शर्तों पर अविश्वास करने की कोई वजह मालूम नहीं पड़ती।

उनके अनुसार तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व ही नहीं सार्वभौमत्व मान लिया गया है, तिब्बत की स्थिति भविष्य में स्पष्टतम चीनी प्रान्त से अधिक नहीं रहेगी, शासन और लामाओं का ढांचा बदस्तूर रखने के साथ-साथ दलाई लामा के साथ पंचनलामा की प्रतिष्ठा एवं चीनी सैनिक व प्रशासक कमीशन और क्षेत्रीय सैनिक (चीनी) प्रधान कार्यालय की स्थापना का विधान है और जनमुक्ति सेना के तिब्बत में प्रवेश करने की सुविधाएं करने तथा तिब्बत से साम्राज्यवादी प्रभावों को निःशेष करने की बात है। चीन जो चाहता था यह सब वही है, अन्तर केवल यह है कि रक्तपात के बगैर केवल पारस्परिक वार्ता से ऐसा तय किया गया है। इसे चीन की जन-सरकार की ऐसी विजय कहा जा सकता है, जिस पर कोई भी सरकार गर्व कर सकती है। और जहां तक तिब्बत का संबंध है, इससे सहमत न होकर वह अपने यहां कोरिया जैसी स्थिति को ही निमंत्रण दे सकता था जिसका अन्त चाहे जिस रूप में होता किन्तु तिब्बत का तत्काल विनाश टाला नहीं जा सकता था।

समझौते की शर्तें निश्चित रूप से कड़ी हैं और चीन का प्रभुत्व मानते हुए भी तिब्बत को जो स्वतंत्रता उपलब्ध थी, उसका अब अन्त ही समझना चाहिए। तिब्बत को यह बात खले बगैर नहीं रह सकती, क्योंकि लम्बे अर्से से वह चीन की महत्वाकांक्षा का प्रतिरोध करता रहा है और ब्रिटेन तथा भारत ने भी चीन या रूस के साथ अब तक तिब्बत के बारे में जो रुख लिया, वह यही था कि तिब्बत अपने मामलों में स्वतंत्र देश है। अब जब तिब्बत चीन का एक प्रान्त मात्र रहेगा और क्रमशः वहां के शासन, रक्षा तथा परराष्ट्र संबंध चीन के हाथ में जाएंगे, तो वह स्थिति नहीं रहेगी। तिब्बत की इस 'मुक्ति' के साथ उसकी उन्नति की योजनाएं भी शुरू की जा रही मालूम पड़ती है और इस तरह स्वातंत्र्य खोकर भी भौतिक रूप में संभवतः तिब्बत घाटे में न रहेगा।


# हिंदी पत्रकारिता को हुए दो सौ साल

## पत्रकारिता के महासागर में जब-जब मीडिया का जहाज डगमगाएगा, तब-तब 'उदन्त मार्त्तण्ड' जैसी धरोहरें उसे तट पर विद्यमान प्रकाश स्तंभ की तरह सही रास्ता दिखाएंगी।



यहां स्कैन करें

**राम मोहन पाठक** | पूर्व कुलपति और शिक्षाविद्




विख्यात वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टीन ने महात्मा गांधी के बारे में एक बार कहा था 'आने वाली पीढ़ियां मुश्किल से इस बात पर विश्वास करेंगी कि हाड़-मांस का बना ऐसा कोई व्यक्ति कभी इस धरती पर चला था।'

आइंस्टीन की इस अवधारणा और विचार के अनेक व्यावहारिक उदाहरण हिंदी पत्रकारिता के इतिहास में बिखरे पड़े हैं। नई पीढ़ी को शायद ही विश्वास हो कि त्यागी, तपस्वी और बलिदानी संपादकों के अवदान की नींव पर हिंदी पत्रकारिता विकसित हुई है। आज हिंदी के प्रथम समाचार-पत्र *उदन्त मार्त्तण्ड* (प्रकाशित 30 मई, 1826) की दूसरी शताब्दी के अवसर पर इसके इतिहास का अध्ययन, विवेचन करने पर स्पष्ट है कि हिंदी पत्रकारिता में तेजस्वी, समर्पित, साधक संपादकों और पत्रकारों की परंपरा रही है।

एक जेब में पिस्तौल और दूसरी में हस्तलिखित क्रांतिकारी पत्र *रणभेरी* की प्रतियां लिए अंग्रेजों के विरुद्ध बगावत करने वाले *आज, संसार, हिंदी बंगबासी* जैसे पत्रों के संपादक बाबूराव विष्णु पराड़कर, दंगों में जान गंवाने वाले *प्रताप* के संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी, कलकत्ता (अब कोलकाता) में सेठ-साहूकारों की गद्दी-गद्दी (दफ्तर) जाकर अपने समाचार-पत्र बांचने वाले बाल मुकुंद गुप्त जैसे संपादकों के त्याग और बलिदान पर नई पीढ़ी का चकित होना स्वाभाविक भी है। 'वृत्ति' के बजाय 'व्रत' मानकर पत्रकारिता का जिन्होंने वरण किया था, ऐसे पत्रकारों पर नई पीढ़ी आसानी से विश्वास कर पाएगी?

तब प्रौद्योगिकी इतनी उन्नत नहीं थी। पत्र निकालना व्यापार या उद्योग नहीं था। संपादक, मालिक, पत्रकार सभी भूमिकाएं एक साथ निभाने का बड़ा जोखिम लेकर समाचार-पत्र निकाले गए। यह कथा आदर्श के रूप में आज भी इतिहास के पन्नों में विद्यमान है। *उदन्त मार्त्तण्ड* भी ऐसा ही जोखिम भरा रचनात्मक प्रयास था, जो हिंदी पत्रकारिता की नींव का पत्थर बना। आज के युग में हमारे मीडिया को *उदन्त मार्त्तण्ड* जैसे पत्रों द्वारा स्थापित पुराने मूल्यों की जरूरत है।

धुन के पक्के कानपुर सदर दीवानी अदालत में पेशे से वकील युगल किशोर सुकुल (शुक्ल) दृढ़ इच्छाशक्ति और अदम्य साहस के साथ समाचार-पत्र के प्रकाशन का संकल्प लेकर 700 मील (1,000 किलोमीटर) दूर कलकत्ता पहुंचे थे। तब छापाखाना का केंद्र कलकत्ता ही था। अपनी कुल जमा पूंजी और उधार की छोटी सी धनराशि के साथ अंग्रेजों की राजधानी पहुंचकर उन्होंने गवर्नर जनरल के यहां हिंदी में साप्ताहिक समाचार-पत्र *उदन्त मार्त्तण्ड* के प्रकाशन के लिए अर्जी लगा दी। 19 फरवरी, 1826 को अनुमति मिलते ही उन्होंने 30 मई को प्रथम अंक प्रकाशित करके इस तिथि को हिंदी पत्रकारिता के इतिहास में अमर कर दिया। कलकत्ता की आमड़ातल्ला गल्लि (गली), कोल्हूटोला से प्रारंभ में प्रकाशित पत्र पाठकों में लोकप्रिय हुआ। साप्ताहिक पत्र का वार्षिक मूल्य दो रुपये रखा गया।

प्रत्येक मंगलवार को प्रकाशित *उदन्त मार्त्तण्ड* में देश-विदेश के समाचार, घटना, दुर्घटना, आयोजन, सरकारी विज्ञप्ति, विज्ञापन, पानी के जहाज की समय सारणी, साहित्य, कलकत्ता के व्यापारिक समाचार, सामयिक मुद्दे, बाजार भाव, अधिकारियों-कर्मचारियों के स्थानांतरण तथा धार्मिक-नैतिक समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किए जाते थे। सुकुल जी के अनुसार, 'नाना देश के सत्य समाचार हिन्दुस्तानी लोग देखकर पढ़ें और समझ लें, इसीलिए इसके कल्याण के विषय में गवर्नर जनरल की आज्ञा से चित्त लगाया कि एक प्रकार से नया ठाठ ठाठा।' *उदन्त मार्त्तण्ड* का ध्येय वाक्य (मास्टहेड पर प्रकाशित) था 'हिन्दुस्तानियों के हित हेत'। इसकी आत्मा 'सत्य' थी, जो आज भी मीडिया की आत्मा है।

*उदन्त मार्त्तण्ड* की भाषा प्रचलित हिंदी से कुछ अलग थी। इस पत्र ने भाषा की शुद्धता पर बल दिया। सुकुल जी ने पत्र में मूल रूप से ब्रजभाषा तथा अवधी का उपयोग किया। साथ ही अरबी, फारसी, अंग्रेजी के शब्दों, प्रचलित मुहावरों और कहावतों का प्रयोग किया। केवल शुद्धता ही नहीं, बल्कि उच्चारण के अनुसार शब्दों के प्रयोग से पत्र की भाषा लोकभाषा से प्रभावित रही। इस अल्पजीवी पत्र का अंतिम अंक 4 दिसंबर, 1827 को निकला। नाममात्र के विज्ञापन और डाक व्यय की सरकारी सुविधा के अभाव में इस पत्र ने दम तोड़ दिया। 18 महीने की अवधि में निकले कुल 79 अंक हिंदी पत्रकारिता की थाती हैं, जिसके कुछ अंक नेशनल लाइब्रेरी, कोलकाता में संरक्षित हैं।

हिंदी को पत्रकारिता और जन-संचार की भाषा बनाकर लोक शिक्षण, लोक चेतना, जनजागरण और स्वाधीनता के संकल्प का माध्यम बनाने वाला *उदन्त मार्त्तण्ड* केवल अखबार नहीं, बल्कि क्रांतिकारी, युग प्रवर्तक प्रयास था। यह प्रस्थान बिंदु इसलिए भी है कि लोकभाषा हिंदी में तब कोई समाचार-पत्र नहीं था। अन्य भाषाओं के पत्र थे, किंतु आम लोगों तक उनकी पहुंच नहीं थी। हिंदी पाठकों के लिए इस अभाव और रिक्तता की पूर्ति *उदन्त मार्त्तण्ड* ने की। *उदन्त मार्त्तण्ड*, यानी उगता हुआ सूर्य। इसका एक और अर्थ है- उदन्त अर्थात् समाचार और मार्तण्ड, यानी सूर्य, इस प्रकार समाचार रूपी सूर्य।

आज 200 वर्ष बाद भी *उदन्त मार्त्तण्ड* का स्मरण प्रेरणादायी है। इसका स्मरण हमें प्रेरित करता है कि तकनीक पुरानी या निष्प्रयोज्य हो सकती है, लेकिन *उदन्त मार्त्तण्ड* जैसे समाचार-पत्रों द्वारा स्थापित निष्पक्षता, सरोकार, लोकहित, भाषा की शुद्धता जैसे शाश्वत-सनातन मूल्य आज भी उपयोगी और प्रासंगिक हैं। पत्रकारिता के महासागर में जब-जब मीडिया का जहाज डगमगाएगा, तब-तब *उदन्त मार्त्तण्ड* जैसे समाचार-पत्रों की ऐतिहासिक धरोहर उसे समुद्र-तटों पर विद्यमान दीप स्तंभ (लाइट हाउस) की तरह सही रास्ता दिखाएगी।

कुछ दिनों में ही यह समाचार-पत्र अंग्रेज सरकार के मुलाजिमों तथा शासन-प्रशासन की आंखों में खटकने लगा। उनसे बचाने के लिए हिंदी प्रेमियों से की गई मदद की अपीलों का कोई असर नहीं हुआ और हिंदी पत्रकारिता का एक ऐतिहासिक उपक्रम इतिहास बन गया। इसके अंतिम अंक में पंडित युगल किशोर की यह मर्मांतक उक्ति हमें आज भी कुरेदती है- '*आज दिवस लौं उग चुक्यो यह मार्त्तण्ड उदन्त/ अस्ताचल को जात है दिनकर दिन को अन्त।*'

हिंदी संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, प्रांतीय एवं केंद्र सरकार द्वारा इस पत्र पर यदि व्यापक शोध कराए जाएं, तो इसके ऐतिहासिक योगदान को समाज के समक्ष रखना इसकी दूसरी शताब्दी की सार्थकता होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# बांस, भांग और केले से संभव होगी हरित फाइबर क्रांति



यहां स्कैन करें

**गिरिराज सिंह** | केंद्रीय वस्त्र मंत्री

फाइबर के साथ भारत का 5,000 साल पुराना सभ्यतागत संबंध है, जो हमारे गांवों, हमारी परंपराओं और सामूहिक पहचान में गहरे गुंथा हुआ है। 'बुनी हुई हवा' कहलाने वाली मोहनजोदड़ो की प्रसिद्ध मलमल से लेकर संसार के सभी महाद्वीपों तक फैली भारतीय कारीगरी तक फाइबर हमेशा से हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा रहा है। आज, जब दुनिया क्रांतिकारी वैश्विक स्थिरता के कगार पर खड़ी है, तब यही प्राचीन ज्ञान हमारी सबसे बड़ी प्रतिस्पर्द्धात्मक शक्ति है।

दशकों तक केले के पेड़ के तने को बेकार मानकर फेंक दिया जाता था, लेकिन आज वही बायोमास प्रीमियम फाइबर बनकर निर्यात बाजारों की मांग पूरी कर रहा है, ग्रामीण आजीविका को सशक्त बना रहा है और इस कृषि अवशेष को राष्ट्रीय आय में बदल रहा है। अपशिष्ट से समृद्धि तक, स्थानीय प्रचुरता से वैश्विक अवसर तक- यही भारत की 'न्यू एज फाइबर' मुहिम का सार है, जो हरित सामग्रियों और भविष्य के लिए तैयार वस्त्रों में भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहा है। न्यू एज फाइबर पौधा-आधारित ऐसे टिकाऊ पदार्थ हैं, जो हमारे पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक नवाचार के साथ जोड़ते हैं। बांस, भांग, केला, फ्लैक्स, रेमी, सिसल, आक-मदार व कपोक जैसे फाइबर सदियों से मौजूद रहे हैं, पर अब इन्हें वस्त्र उद्योग, रक्षा, बायोडिग्रेडेबल कंपोजिट्स और प्रीमियम उत्पादों में महंगे उपयोगों के लिए नए सिरे से खोजा जा रहा है। ये हरित भविष्य के लिए भारत के प्राकृतिक फाइबर भंडार का विस्तार कर रहे हैं। बढ़ती आय, वैश्विक स्थिरता संबंधी अनिवार्यताएं व ट्रेसेबल सोर्सिंग की जरूरतें वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को पूरी तरह बदल रही हैं और एक फाइबर अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही हैं। दुनिया तेजी से वही तलाश रही है, जिसे भारत प्रदान कर सकता है- नैतिक, टिकाऊ और उच्च-प्रदर्शन वाले प्राकृतिक फाइबर।

**रणनीति तय है, संस्थान सक्रिय हैं, विज्ञान प्रमाणित हो चुका है और उद्यमी तैयार हैं। आज भारत वस्त्र गाथा का नया अध्याय लिख रहा है।**

साल 2026-31 के लिए 5,664 करोड़ रुपये के कुल निवेश वाले 'मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी' में न्यू एज फाइबर्स के वास्ते 300 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान रखा गया है। इस प्रयास को और सशक्त बनाते हुए केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित राष्ट्रीय फाइबर मिशन के तहत एक व्यापक रणनीतिक ढांचा विकसित किया गया है। यह चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है- खेती व कच्चे माल के विकास के लिए कृषि-सूत्र, अनुसंधान व नवाचार के लिए-इन्फिनिटी, अवसंरचना व उद्यम सृजन के लिए ग्राम-सेतु और ब्रांडिंग व बाजार विकास के लिए जीएमपीएस।

नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन को 18 वर्षों के अनुसंधान के बाद एक बड़ी कामयाबी मिली है। अब इसका उपयोग रक्षा क्षेत्र में, विशेषकर 20 डिग्री सेल्सियस तापमान में तैनात सैनिकों के लिए स्लीपिंग बैग बनाने में किया जा रहा है। ये बैग पॉलिएस्टर विकल्पों की तुलना में 10 फीसदी हल्के, ऊन से अधिक गर्म और सीएलओ/सेल प्रमाणित हैं। 5.5 करोड़ हेक्टेयर बंजर भूमि पर बिना उर्वरक के उगाए जाने पर आक-मदार किसानों को प्रति एकड़ 1.5-2 लाख रुपये सालाना की आय प्रदान करने की क्षमता रखता है।

केला प्रतिवर्ष करीब 18 लाख टन फाइबर-उत्पादन की क्षमता रखता है, जबकि बांस प्रति हेक्टेयर 60 टन तक बायोमास उत्पादन करने की। भांग भी एक उभरता हुआ वैश्विक बाजार बन रहा है, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में इसकी खेती की अनुमति है। फ्लैक्स, सिसल, रेगी, पीएएलएफ, बिछुआ या नेटल और कपोक जैसे फाइबरों के साथ मिलकर ये सभी भारत के टिकाऊ व प्राकृतिक फाइबर आधार का निरंतर विस्तार कर रहे हैं। भारत की वास्तविक शक्ति किसी एक फाइबर में नहीं, बल्कि उनको समझदारी से संयोजित करने में निहित है, जैसे थर्मल हल्केपन के लिए आक-मदार, गरमाहट के लिए ऊन, ब्रीदेबिलिटी के लिए बांस और कोमलता के लिए कपास।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5एफ विजन (फार्म, फाइबर, फैक्टरी, फैशन और फॉरेन) से प्रेरित भारत की ग्रीन फाइबर क्रांति कोई दूर का सपना नहीं है। रणनीति तय है, संस्थान सक्रिय हैं, विज्ञान प्रमाणित हो चुका है और उद्यमी तैयार हैं। आज भारत अपनी वस्त्र गाथा का महान अध्याय लिख रहा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# भ्रातृत्व भाव बचाए रखिए

विभिन्न रामायणों में राम चरित्र का वर्णन है और राम किसी भी स्तर पर भ्रातृत्व का परिष्कार करना नहीं छोड़ते हैं। वह कहते हैं, 14 वर्ष बाद भी भरत राजा रहना चाहें, तब भी चलेगा। वह मेरा भाई है, राजा बनना चाहता है, तो ठीक है, कोई बात नहीं, दोनों एक ही हैं। जैसे मैं परिपालन करूंगा प्रजा का, भाई भरत मुझसे अच्छा करेंगे।

कई बार वार्ता में लोग कहते थे कि लक्ष्मण जी की ओर से भी कई बार यह बात आई, हो सकता है कि भरत को राज-मद हो गया हो। तब रामजी ने स्पष्ट कहा, लक्ष्मण, राज-मद जिन्हें होता है, वे और लोग हैं। कभी भी भरत को राज-मद नहीं हो सकता। भरत में विकृति आ ही नहीं सकती। वह विकृतियों से परे हैं। रामजी ने लक्ष्मण को समझाया। रामजी भरत के बारे में कहते हैं :-

*मसक फूंक मकु मेरु उड़ाई।*
*होई न नृपमदु भरतहि भाई।*
*लखन तुम्हार सपथ पितु आना।*
*सुचि सुबंधु नहिं भरत समाना।*

मच्छर की फूंक से चाहे पहाड़ उड़ जाए, किंतु हे भाई, भरत को राज-मद नहीं हो सकता। हे लक्ष्मण, मैं तुम्हारी और पिता की सौगंध खाकर कहता हूं, भरत के समान पवित्र और उत्तम भाई संसार में नहीं है।

एक और प्रसंग है, जब भरत जी अपने बड़े भाई को मनाने गए, तब गुरु वशिष्ठ जी ने भरत जी की खूब प्रशंसा की। इतनी बड़ाई *श्रीरामचरितमानस* में किसी की नहीं हुई है, जितनी वशिष्ठ जी ने की। उन्होंने कहा, जो भरत कहते हैं, उसे सुनिए और उस पर अमल कीजिए। भरत जो बोलते हैं, वह धर्म है। भरत जैसा आचरण करते हैं, वह धर्म है। धर्म के मानक पुरुष हैं भरत।

यह सुनकर रामजी बहुत खुश हुए। *अयोध्या कांड* के चित्रकूट के प्रसंग में रामजी ने कहा कि मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि मेरे भाई के लिए संसार के सबसे बड़े ज्ञान शिरोमणि, इतने बड़े तपस्वी और इतने बड़े ऋषि, इतने बड़े संयमी, जिनका कोई जोड़ नहीं है, वह भरत की इतनी अनुशंसा कर रहे हैं, मेरा जीवन धन्य हुआ, मुझे गौरव है भरत का भाई होने का।

आज देखिए, कैसा समय है? अगर मंच पर कोई बड़े नेता के सामने छोटे नेता की ऐसी प्रशंसा कर दे, तो पार्टी उस छोटे नेता को निकाल बाहर करेगी। दूसरे की प्रशंसा सुनकर लोगों को जलन होने लगती है। सहिष्णुता समाप्त हो गई है। भाई को भिन्न समझने लगे हैं लोग।

**रामजी ने लक्ष्मण को समझाया। राज-मद जिन्हें होता है, वे और लोग हैं। कभी भी भरत को राज-मद नहीं हो सकता। भरत में विकृति आ ही नहीं सकती। वह विकृतियों से परे हैं।**

मैं सभी लोगों को आगाह करना चाहता हूं कि भ्रातृत्व को गरिमा देने की आवश्यकता है। भ्रातृत्व को सुन्दर बनाने की आवश्यकता है। जिस भ्रातृत्व के बिना हमारा कोई व्यवहार नहीं चलता, कोई बड़प्पन नहीं चलता, विकास का कोई मार्ग प्रशस्त नहीं होता, उस भ्रातृत्व को किसी भी स्तर पर बिगड़ने नहीं देना चाहिए

**रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य**

**कैलाश सत्यार्थी** | नोबेल विजेता



**एक युवा ने मुझसे कहा, मैं आपकी तरह बनना चाहता हूं। मैंने उसे सलाह दी, 'खुद जैसे बनो। नेता बनकर आगे चलने और अनुयायी बनकर पीछे चलने की संस्कृति केवल सामाजिक विषमता को बढ़ावा देती है। साथ मिलकर चलना सीखो।**

अनुलोम-विलोम

## जिमखाना क्लब



# श्रेष्ठ भाव की ग्रंथि से ग्रसित क्लब

नई दिल्ली स्थित विख्यात जिमखाना क्लब को केंद्र सरकार ने हाल में ही अपने नियंत्रण में लेने का फैसला लिया है। इसको लेकर चर्चा गर्म है। जिमखाना क्लब केवल जिम का क्लब नहीं है, बल्कि यह देश में स्थापित हो चुकी अभिजात्य संस्कृति का एक नमूना है। ऐसे क्लब और संस्थाएं देश भर में बहुसंख्या में उग आए हैं, जिन्होंने अपने लिए देश के संविधान से इतर प्रावधान बना रखे हैं। इनकी सदस्यता शुल्क इतनी होती है, जो आम आदमी तो दूर, मध्यम वर्ग और उच्च-मध्यम वर्ग के लिए भी अकल्पनीय होती है। सदस्यता लेने के लिए वर्षों की लंबी लाइन और उबाऊ प्रक्रिया की तो बात ही अलग है। उनकी सदस्यता के प्रावधान आम तौर पर देश के संविधान में प्रदत्त समता के सिद्धांत के विपरीत होते हैं। यह समाज और देश की कानून-व्यवस्था और सांविधानिक मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस तरह के क्लब देश के संसाधनों का उपयोग तो करते हैं, लेकिन उसका फायदा कुछ सीमित और लक्षित वर्ग तक ही पहुंचाते हैं।

भारत में इस तरह के क्लब और जिमखाने ब्रिटिश हुकूमत के दौरान शुरू किए गए थे। अंग्रेज शासकों ने अपने को भारतीयों से श्रेष्ठ जतलाने और आम लोगों से दूरी बनाकर अलग पहचान बनाए रखने के लिए इस तरह के क्लब और जिमखाने शुरू किए थे। इस समूह में उन्होंने अपने कुछ वैसे चाकर भारतीय वर्ग को भी शामिल कर लिया, जो दिखने में तो भारतीय थे, लेकिन दिमागी तौर पर पूरी तरह अंग्रेज। ये काले अंग्रेज भी भारतवासियों को हिकारत की नजर से देखने वाले रहे हैं और उनको अपमानित कर खुद कथित श्रेष्ठता भाव से ग्रस्त रहे। ये जिमखाने और क्लब इन्हीं भारतीयों के झूठे अहंकार का प्रतिनिधित्व करते हैं। लोगों को याद होगा कि कभी पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु को कोलकाता के ऐसे ही एक क्लब में सिर्फ इसलिए प्रवेश नहीं करने दिया गया था कि वे धोती-कुर्ता में थे। ऐसे में, आम भारतीयों के प्रति इनकी क्या मानसिकता होगी और उनके प्रति क्या बर्ताव होगा, इसे बताने की जरूरत नहीं होनी चाहिए।

इसीलिए, आजाद भारत की सरकार को चाहिए कि इन जिमखानों और क्लबों को पुनर्गठित करे और समता, बंधुत्व और न्याय की कसौटी पर इनका परीक्षण कर नए सिरे से दिशा-निर्देश बनाए। जो क्लब इन दिशा-निर्देशों को मानने से इनकार करते हैं, उन्हें तत्काल बंद कर उनके संचालकों पर कार्रवाई की जाए, ताकि देश में विशिष्ट वर्ग की संस्कृति खत्म हो। इस दृष्टि से देखा जाए, तो दिल्ली जिमखाना का सरकार द्वारा अधिग्रहण उचित और न्यायपूर्ण कदम है।

**दीपक कुमार सिंह,** टिप्पणीकार

# विरासतों के साथ छेड़छाड़ बहुत दुखद

केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली जिमखाना क्लब को बंद करने का फैसला एक दुखद खबर की तरह आई। इससे कुछ साल पहले इसी तरह के एक फैसले में दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित अप्पू घर को भी बंद कर दिया गया था। यहां दिल्ली के बच्चे मनोरंजन के साथ ज्ञान-विज्ञान की जानकारी प्राप्त करने भी आया करते थे। दिल्ली जैसे महानगरों में, जहां स्थान का घोर अभाव है, सार्वजनिक रूप से संचालित क्लब, जिमखाना और पुस्तकालय ही हैं, जो सामाजिकता का बोध कराते हैं। जिमखाना और इस तरह की गतिविधियां देश के महानगरों में बड़े इलाके में फैले हुए तो हैं, पर इसके उपयोग के नजरिये से देखें, तो व्यापक समुदाय को अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। निजी तौर पर कोई व्यक्ति यह सुविधा इतनी जगह में पा नहीं सकता।

आज दिल्ली के छोटे-छोटे पार्कों में भी जिम आदि की सुविधा की गई है, जिसका लाभ वहां के स्थानीय नागरिक उठा रहे हैं। अगर सरकार की सोच इस तरह जनविरोधी बन रही है, तो ये सुविधाएं भी क्षणिक ही साबित होंगी। किसी दिन यह भी खबर पढ़ने को मिलेगी कि पार्कों के जिम को खर्च कटौती के नाम पर सरकार ने बंद कर दिया है।

नई दिल्ली में जिमखाना क्लब का निर्माण 1930 के दशक की शुरुआत में हुआ था। इस इमारत का निर्माण दो अन्य निर्माणों- कनॉट प्लेस और कमांडर-इन-चीफ निवास, जिसे बाद में प्रधानमंत्री नेहरू के निवास स्थान तीन मूर्ति हाउस के नाम से जाना गया, के साथ किया गया था।

1930 के दशक तक जिमखाना एक खेल क्लब था, जिसमें स्विमिंग पूल और स्क्वैश कोर्ट नहीं थे। निर्माणाधीन वायसराय हाउस में भी स्विमिंग पूल नहीं थे। वायसराय की पत्नी लेडी विलिंगडन को तैरने के लिए जगह ढूंढ़ने में काफी परेशानी हो रही थी। उन्हें नई दिल्ली में रहने वाले धनी भारतीयों के घरों के पूल का इस्तेमाल करना पड़ता था। वह इससे खुश नहीं थीं और वायसराय हाउस में काम कर रहे निर्माणकर्ताओं से परेशान होती जा रही थीं। आखिरकार उन्हें एक रास्ता मिल गया और अपने पति का कार्यकाल समाप्त होने से पहले उन्होंने स्विमिंग पूल के निर्माण के लिए 21,000 रुपये दान कर दिए। इससे ये सुविधाएं भी यहां पर आ गईं।

देश में बहुत सारी चीजें ऐसी हैं, जो इतिहास की थाती हैं। ये हमारी विरासत हैं। इन्हें खत्म करना या इनमें बदलाव करना हमारी ऐतिहासिक पहचान के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। इससे हमारी सांस्कृतिक दरिद्रता भी उजागर होती है। अगर हमें सांस्कृतिक रूप से संपन्न बनना है, तो विरासतों के साथ छेड़छाड़ पर रोक लगनी चाहिए।

**दीपा कुमारी,** टिप्पणीकार

# अब दूर होने लगी चार्जिंग की चिंता

**पेट्रोल-डीजल वाहनों के मुकाबले इलेक्ट्रिक वाहन चलाने का खर्च कम होता है, इसलिए बड़ी संख्या में लोग अब ईवी अपना रहे हैं। हालांकि, ईवी खरीदने के बाद सबसे बड़ा सवाल चार्जिंग को लेकर होता है-घर पर चार्ज करना बेहतर है या पब्लिक स्टेशन पर? यह फैसला आपके खर्च, सुविधा और बैटरी लाइफ को प्रभावित करता है। कैसे? बता रही हैं अंशु सिंह**

मई 2026 तक देश में 86 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन यानी ईवी पंजीकृत हो चुके हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो, तेजी से बढ़ते ईवी के लिए मार्च 2026 तक 27,737 से अधिक सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए जा चुके हैं। फिलहाल 55 फीसदी ईवी मालिकों के पास ही घर पर चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध है। दूसरी ओर, सरकारी प्रोत्साहन और निजी निवेश के कारण वित्त वर्ष 2022 से 2025 के बीच पब्लिक चार्जर्स की संख्या में लगभग पांच गुना वृद्धि हुई है। इसके बावजूद यह विकास समान रूप से नहीं हुआ है और कुछ अन्य चुनौतियां भी हैं। इसीलिए घर और सार्वजनिक चार्जिंग को समझना ईवी खरीदार के लिए जरूरी है।

## घर बनाम सार्वजनिक चार्जिंग

आमतौर पर घर पर ईवी चार्जिंग के लिए 230 वोल्ट स्टैंडर्ड सॉकिट (धीमी चार्जिंग) या होम वॉल चार्जर उपयोग होता है। घर की बिजली दर लगभग 6 से 10 रुपये प्रति किलोवाट-घंटा होती है। ऐसे में 30 केडब्लूएच बैटरी को पूरी तरह चार्ज करने का खर्च करीब 180 से 300 रुपये आता है, जिससे शहर में रोजाना इस्तेमाल का मासिक खर्च लगभग 800 से 1200 रुपये तक हो सकता है। धीमी एसी चार्जिंग बैटरी के लिए भी बेहतर होती है। कई कंपनियां वाहन के साथ होम चार्जर या वॉल बॉक्स देती हैं, जिसे पार्किंग में लगाया जाता है। कुछ ईवी 15एम्पियर के सामान्य प्लग से चार्ज हो जाती हैं।

**चार्जर का चयन :** टाइप 2 एसी चार्जर (धीमा/सामान्य) घर, ऑफिस या रिहायशी कॉम्पलेक्स में इस्तेमाल होते हैं। बैटरी की लंबी उम्र के लिए इसे सबसे अच्छा विकल्प माना जाता है। ये आमतौर पर 3.3 केडब्लू से 22 केडब्लू तक की पावर देते हैं।

वहीं, डीसी फास्ट चार्जर 30 केडब्लू से 350 केडब्लू तक की क्षमता रखते हैं और वाहन की बैटरी कंपैटिबिलिटी के अनुसार 20 से 60 मिनट में 10 फीसदी से 80 फीसदी तक चार्ज कर सकते हैं। इनका इस्तेमाल मुख्यतः हाईवे, मॉल, ऑफिस और पेट्रोल पंप जैसे पब्लिक चार्जिंग स्टेशनों पर होता है।

भारत एसी-001 चार्जर खासतौर पर दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए इस्तेमाल होता है।

### कुछ अहम बिंदु...

- पार्किंग में चार्जर के लिए जरूरी वायरिंग की सुविधा न होने पर वायरिंग का खर्च आएगा। चार्जर लगाने का शुरुआती खर्च उपभोक्ता को खुद वहन करना पड़ता है।
- बिजली मंत्रालय के 2024 के दिशानिर्देशों के अनुसार, घर के मालिक अपने मौजूदा मीटर का उपयोग कर सकते हैं या ईवी के लिए अलग मीटर व टैरिफ विकल्प चुन सकते हैं। मतलब है कि अपार्टमेंट में 3केडब्लू से 15 केडब्लू तक के चार्जर लगाने की अनुमति भी दी जा सकती है और सामान्य घरेलू दरों पर बिजली बिल लिया जाता है। इतना ही नहीं, यदि चार्जर आदि लगाने पर उस जगह बिजली की खपत बढ़ती है, तो इसके लिए बिजली वितरण कंपनी की ओर से ज्यादा आपूर्ति की मंजूरी देना अनिवार्य होगा।
- विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को पार्किंग क्षेत्रों में 'कम्युनिटी चार्जिंग' शुरू करने की अनुमति है। यह शहरी क्षेत्रों में पब्लिक चार्जिंग नेटवर्क का पूरक बन सकता है। हालांकि, कई आरडब्लूए में इसको लेकर अभी भी स्पष्टता नहीं है।
- आमतौर पर अधिक खर्च इसमें बड़ी बाधा बनता है। पुराने अपार्टमेंट में इलेक्ट्रिकल पैनल अपग्रेड करने का खर्च प्रति स्लॉट लगभग 10,000 से 50,000 रुपये तक आ सकता है।



## पब्लिक चार्जिंग

### तेज, लेकिन महंगी भी

पब्लिक चार्जिंग का इस्तेमाल आमतौर पर लंबी यात्राओं के दौरान किया जाता है, क्योंकि यहां फास्ट चार्जिंग और तेजी से टॉप-अप की सुविधा मिलती है। भारत में डीसी फास्ट चार्जिंग की लागत औसतन 15 से 25 रुपये प्रति केडब्लूएच आती है। ऐसे में 30 केडब्लूएच बैटरी को चार्ज करने का खर्च करीब 450 से 750 रुपये तक पहुंच जाता है, जो घर पर चार्जिंग की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। हालांकि, पब्लिक चार्जर से 30 से 60 मिनट में बैटरी 20 फीसदी से 80 फीसदी तक चार्ज हो जाती है। ये स्टेशन मॉल, ऑफिस और हाईवे जैसे स्थानों पर उपलब्ध होते हैं, जिससे लंबी दूरी की यात्रा आसान हो जाती है।

### चुनौतियां क्या हैं

- पब्लिक चार्जिंग में प्रति यूनिट लागत ज्यादा होती है और भीड़भाड़ में इंतजार करना पड़ सकता है। कई जगह चार्जिंग के लिए एप या मेंबरशिप की जरूरत भी होती है।
- फास्ट चार्जिंग से बैटरी गर्म होने की आशंका रहती है। उसकी क्षमता पर असर पड़ सकता है।
- ऑटो और छोटे कमर्शियल वाहन अक्सर सीमित चार्जिंग नेटवर्क के कारण स्वैपेबल बैटरी या धीमी चार्जिंग पर निर्भर रहते हैं।
- लंबी दूरी के वाहनों के लिए सीमित नेटवर्क के कारण 'रेंज एंजायटी' यानी बैटरी खत्म होने का डर बना रहता है, जबकि हाईवे चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर अभी पायलट चरण में है।

### हर स्तर पर हो तैयारी

दिल्ली की ईवी नीति (2020) के अनुसार, नई इमारतों में उपलब्ध पार्किंग का 20 फीसदी हिस्सा ईवी के लिए तैयार होना चाहिए। महाराष्ट्र में नए प्रोजेक्ट्स में हर पांच पार्किंग स्थलों के लिए एक चार्जर होना अनिवार्य है। उत्तर प्रदेश में बड़े आवासीय परिसरों के लिए कम से कम एक चार्जर होना जरूरी है। ये नियम लंबे समय के लिए फायदेमंद हैं, लेकिन इनका क्रियान्वयन एक समान नहीं है। कई राज्यों में ईवी को लेकर बन रही नई इमारतों के लिए नियम-कानूनों का भी अभाव है। ईवी के लिए मौजूदा इमारतों में जरूरी रेट्रोफिटिंग करना बड़ी चुनौती है।

**(वरिष्ठ ऑटोमोटिव विशेषज्ञ टूटू धवन से बातचीत पर आधारित)**

## विविध

### पेश हुई एमजी मैजेस्टर एसयूवी



जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हाल ही में नई एमजी मैजेस्टर एसयूवी पेश की है, जो अपने सेगमेंट में खास ऑफ-रोड फीचर्स के साथ आती है। इसमें आगे, बीच और पीछे तीनों डिफरेंशियल लॉक दिए गए हैं, जो इसे इस कैटेगरी में अनोखा बनाते हैं।

- **इंजन और परफॉरमेंस :** इसमें 2.0-लीटर ट्विन-टर्बो डीजल इंजन है, जो 215 पीएस पावर और 478 एनएम टॉर्क देता है। साथ में 8-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स मिलता है, जिसमें क्रॉल कंट्रोल और 10 टेरेन मोड दिए गए हैं। यह सेवेन सीटर है और 5 मीटर से लंबी एसयूवी है, जो कच्चे और खराब रास्तों पर आराम से चल सकती है।
- **कीमत:** 40.99 लाख से 44.99 लाख (एक्स-शोरूम) रुपये तक है। इसकी टक्कर टोयोटा फॉर्च्यूनर, जीप मेरिडियन और स्कोडा कोडियाक जैसी गाड़ियों से होगी।

### ओला की कमर्शियल इलेक्ट्रिक स्कूटर

ओला एक नया इलेक्ट्रिक स्कूटर पेश करने की तैयारी में है, जिसे खासतौर पर कमर्शियल इस्तेमाल के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी टॉप स्पीड करीब 70 किलोमीटर प्रति घंटा है। यह ओला के एस1 प्लेटफॉर्म पर आधारित है और इसे डिलीवरी व फ्लीट ऑपरेशन जैसे कामों के लिए तैयार किया गया है।

### मिड-सेगमेंट बाइक्स में कौन आगे

बीते अप्रैल मई के दौरान 350-450सीसी सेगमेंट की बाइक्स बिक्री की बात करें, तो रॉयल एनफील्ड का दबदबा रहा। टॉप 10 में से 6 मॉडल इसी ब्रांड के हैं। क्लासिक 350 सबसे ज्यादा बिकने वाली बाइक रही, उसके बाद बुलेट 350, हंटर 350 और मीटियोर टॉप-4 में शामिल रहीं। इसके अलावा जावा-येज्दी, होंडा और ट्रायम्फ की बाइक्स भी लिस्ट में रहीं।

-फीचर डेस्क



# ईवी खरीदने से पहले ये जरूर जानें

**इलेक्ट्रिक वाहन अब आम लोगों की पहुंच में आ रहे हैं। हालांकि ईवी के बेहतर इस्तेमाल और अनुभव के लिए उनकी रेंज और अपनी जरूरत पर भी विचार करना समझदारी होगी।**

### जरूरत देखकर चयन

रोजाना की जरूरत के अनुसार ही बैटरी साइज चुनें। केवल लंबी रेंज के नाम पर ज्यादा पैसे खर्च करने से बचें, क्योंकि बड़ी बैटरी वाले वेरिएंट महंगे होते हैं और हर किसी के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं।

### आवश्यक लागत

चार्जिंग ज्यादातर घर पर करें, क्योंकि यह सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों से सस्ता पड़ता है। अगर घर में सोलर पैनल हों, तो चार्जिंग लगभग मुफ्त हो सकती है, जिससे ईंधन के खर्च में भारी बचत होती है।

### सावधानी बरतें

ईवी की बैटरी लंबी चले, इसके लिए 20 से 80 प्रतिशत चार्ज करना बेहतर है। इससे बैटरी पर कम दबाव पड़ता है। वहीं, 100 फीसदी तक चार्ज करने से बैटरी ज्यादा गर्म हो सकती है। बहुत कम चार्ज पर चलाने से भी सेल पर असर पड़ने का खतरा बढ़ता है।

### जीएसटी दर समझें

भारत में ईवी पर केवल 5 फीसदी जीएसटी लागू है, जिससे इसकी कुल लागत कम होती है। कई राज्यों में इनपर रोड टैक्स नहीं लगता या छूट है, जिससे शुरुआती खरीद लागत और भी कम हो जाती है।

### कम मेंटेनेंस खर्च

ईवी का एक बड़ा फायदा कम मेंटेनेंस खर्च है, क्योंकि इनमें इंजन और मूविंग पार्ट्स कम होते हैं। इससे सर्विसिंग और मरम्मत लागत घटती है।





## चार पहिया यात्री वाहन वर्ग में ईवी की 5 साल की लागत और रीसेल मूल्य

ईवी पैसेंजर व्हीकल फोर-व्हीलर सेगमेंट को प्रमुखतः तीन मुख्य वर्ग में बांटा जा सकता है, जहां हर कैटेगरी की लागत, बचत और रीसेल वैल्यू अलग-अलग है। अपनी जरूरत व बजट के अनुसार सही विकल्प चुन सकते हैं।

- **एंट्री लेवल :** एमजी कॉमेट, टियागो ईवी जैसी कारें। किफायत के मामले में शानदार विकल्प है। शहर में ज्यादा चलने वाले उपभोक्ताओं के लिए ईवी खरीदने में लगी अतिरिक्त रकम (प्रीमियम) मात्र 25,000 किलोमीटर चलने के भीतर ही वसूल हो जाती है। मजबूत डिमांड के कारण पांच साल बाद रीसेल वैल्यू भी बेहतर रहती है और कीमत में गिरावट कम आती है।
- **मिड-सेगमेंट ईवी :** पंच ईवी, एमजी विंडसर, नेक्सन ईवी जैसी कारें। इस श्रेणी में शुरुआती कीमत पर 5 फीसदी जीएसटी और कई राज्यों में रोड टैक्स छूट का लाभ मिलता है, जिससे ऑन-रोड कीमत काफी कम हो जाती है। सबसे लोकप्रिय सेगमेंट है। इसीलिए पुरानी गाड़ियों के बाजार में इसकी ज्यादा सप्लाई होगी और इस वजह से 5 साल में कीमत में 45-50% तक की सामान्य गिरावट आ सकती है।
- **एसयूवी ईवी :** महिंद्रा एक्सईवी 9एस, हैरियर ईवी, क्रेटा ईवी, कैरेंस ईवी जैसी कारें। जो लोग साल में 15,000 किमी से ज्यादा गाड़ी चलाते हैं, उनके लिए ईंधन की बचत और रोड टैक्स में छूट (खरीदते समय ₹2 लाख से ज्यादा की बचत) मिलकर, ₹26 लाख के प्राइस गैप को 4 साल से भी कम समय में पूरा कर देती है। बड़े बैटरी पैक और प्रीमियम फीचर्स के कारण 5 साल बाद भी रीसेल वैल्यू स्थिर रहने की संभावना रहती है।

mint

# रफ्तार नियंत्रित, तो सफर सुरक्षित

## टिप्स

**रात का सफर अक्सर शांत और आसान लगता है, खासकर जब दोस्तों या परिवार के साथ छुट्टियों पर निकलना हो। यह सुकून कई बार हमें बेपरवाह बना देता है, रात में ड्राइविंग करनी ही पड़े, तो सतर्कता बरतें।**



**खाली** सड़कें अक्सर ड्राइवर को जरूरत से ज्यादा आत्मविश्वासी बना देती हैं, खासकर रात के सफर में। इसी भरोसे में रफ्तार थोड़ी बढ़ जाती है, ध्यान भटकने लगता है और सुरक्षा नियमों की अनदेखी होने लगती है। खतरा यहीं से शुरू होता है। थोड़ी सावधानी से रात की ड्राइविंग भी सुरक्षित बनाई जा सकती है-

- **गति नियंत्रित रखना जरूरी :** हेडलाइट की रोशनी में आगे का रास्ता थोड़ी ही दूरी तक साफ दिखता है। किसी खतरे को देखने-समझने व ब्रेक लगाने में कुछ सेकंड लगते हैं और इस दौरान गाड़ी काफी दूरी तय कर लेती है। तेज रफ्तार में यह दूरी और बढ़ जाती है और अचानक आ गई परिस्थितियों में गाड़ी रोकना मुश्किल हो जाता है।
- **हाई बीम का सही इस्तेमाल :** लगातार हाई बीम से सामने वाले ड्राइवर की नजर प्रभावित हो सकती है। जैसे ही कोई गाड़ी दिखे, तुरंत लो बीम कर दें ताकि दृश्यता बनी रहे। ओवरटेक करने या संकेत देने के लिए पासिंग लाइट का इस्तेमाल करें।
- **सड़क संकेतों पर ध्यान दें :** अंधेरे में दृश्यता कम होने पर साइनबोर्ड आगे के मोड़, गति सीमा और संभावित खतरों की सही जानकारी देते हैं। साथ ही, बाएं-दाएं किनारों पर लगे संकेतों पर भी नजर रखें, ताकि समय रहते उचित निर्णय लेकर सुरक्षित ड्राइविंग की जा सके।
- **साफ हेडलाइट और विंडशील्ड :** रात में दृश्यता सीधे इसी पर निर्भर करती है। इसलिए, ड्राइविंग से पहले हेडलाइट और विंडशील्ड को साफ करें, ताकि रोशनी फैले और सड़क साफ दिखे। वाइपर फ्लूइड का इस्तेमाल करते रहें।
- **अन्य सावधानियां :** कोहरे में स्पीड कम रखें, थकान पर ब्रेक लें, ओवरटेक के लिए इंडिकेटर व फ्लैशर का सही इस्तेमाल करें। हमेशा मानक के अनुसार एलईडी और सही हेडलाइट सेटअप का इस्तेमाल करें।

-श्वेता राकेश

### अगर हाइवे पर करें ड्राइविंग

रात में हाइवे पर डिपर या हेडलाइट फ्लैश का इस्तेमाल संकेत देने के लिए किया जा सकता है, जैसे ओवरटेक से पहले या सामने आने वाले वाहन को अलर्ट करने के लिए। गाड़ी की हेडलाइट और बाकी लाइट्स को जरूर चेक करें, ताकि सामने की सड़क साफ दिखाई दे। पीछे से आने वाली तेज लाइट आंखों में न पड़े, इसके लिए साइड मिरर को सही एंगल पर सेट रखें। गाड़ी को स्थिर रखें। बार-बार लेन बदलना या अचानक स्टीयरिंग घुमाना हादसे का खतरा बढ़ाता है।

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार में शांति के लिए प्रयास करें।

**वृष :** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। खर्चों में अधिकता रहेगी। पिता से धन मिलेगा।

**मिथुन :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। खर्च में भी वृद्धि होगी।

**कर्क :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान हो सकता है। कारोबार में विस्तार हो सकता है। परिवार के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है।

**सिंह :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी।

**कन्या :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ सकती है।

**तुला :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं। लेखनादि बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। कारोबार में बदलाव हो सकता है। भागदौड़ बढ़ेगी।

**धनु :** पटन-पाटन में रुचि रहेगी। लेखन आदि बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। मित्रों के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है।

**मकर :** मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में बदलाव और स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**कुंभ :** मन परेशान हो सकता है। धैर्य रखने का प्रयास करें। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग भी मिलेगा।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। संतान की सेहत का ध्यान रखें। आय में वृद्धि होगी, परंतु खर्च भी बढ़ सकते हैं।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

30 मई, शनिवार, **शक संवत्**: 09, ज्येष्ठ (सौर) 1948 **पंजाब पंचांग**: 16, ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम**: 12, जिल्हिजा, 1447, **विक्रमी संवत्**: प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्दशी तिथि प्रातः 11.58 मिनट तक पश्चात पूर्णिमा तिथि, शिव योग रात्रि 05.25 मिनट (सूर्य उदय से पहले) तक, चंद्रमा तुला राशि में प्रातः 06.39 मिनट तक उपरांत वृश्चिक राशि में।

**सूर्य उत्तरायण।** प्रातः 09 बजे से प्रातः 10.30 मिनट तक राहुकालम्। श्री सत्यनारायण व्रत। व्रत की पूर्णिमा।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**ड्रॉइंग रूम को वास्तु के अनुसार किस प्रकार व्यवस्थित करें। - कीर्ति स्वामी, मथुरा**

- ड्रॉइंग रूम की सबसे अच्छी दिशा पूर्व, उत्तर या उत्तर पूर्व होती है। यहां बहुत भारी और ज्यादा फर्नीचर नहीं रखना चाहिए।
- इस जगह परदे, फर्नीचर आदि में हमेशा हल्के रंगों का प्रयोग करना अच्छा रहता है।
- ड्रॉइंग रूम में उत्तर एवं पूर्व में खिड़कियां होना अच्छा रहता है, लेकिन ड्रॉइंग रूम में फर्नीचर दक्षिण एवं पश्चिम की दिशा में रखना चाहिए।
- ड्रॉइंग रूम में उत्तर दिशा में कोई जल से संबंधित फाउंटेन आदि रखना शुभ होता है। यहां उत्तर दिशा में हरे पौधे रखना शुभ होता है।

### वर्ग पहेली : 8344

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | | | |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 7 | | ■ | 8 | | | | | ■ |
| | ■ | 9 | ■ | | ■ | | ■ | 10 |
| ■ | 11 | | | | | ■ | 12 | |
| 13 | ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | |
| 15 | | | | | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 16 | | | | |

**बाएं से दाएं**

1. कहलाने वाला; यों ही कहा जाने वाला (5)
6. महायुद्ध; बड़ी लड़ाई; विश्वयुद्ध (5)
7. रंगों का एक त्योहार (2)
8. एक ही अर्थ रखने वाले शब्द; पर्यायवाची; समान अर्थ वाला (5)
11. राजनीति का; राजनीति संबंधी (5)
12. मत; विचार; सलाह (2)
15. बहुत अधिक महिमा वाला; महिमामय (5)
16. ख्याति पाना; नाम कमाना (2,3)

**ऊपर से नीचे**

1. उद्यत होना; तल्लीन होना; सन्नद्ध होना; मुस्तैद होना (3,2)
2. कांट छांट; कतरब्योंत; पानी के बहाव के कारण कटी जमीन (3)
3. मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो; मुझे अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाइए; मुझे असत्य से सत्य की ओर ले चलो (3,1,5)
4. अक्षमता; अयोग्यता; अशक्तता; दुर्बलता; सामर्थ्यहीनता (5)
5. तह; पपड़ी; सतह; स्तर (3)
9. हाथी जैसी मंद-मंद चाल (5)
10. आहत होना; घाव लगना; चोट खा जाना; जख्मी होना (3,2)
13. सुख; चैन; आराम; शांति (3)
14. रूप; आकृति; निशान; पता (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**

(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8343

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | र्य | 2 क | ला | 3 प | ■ | 4 स | 5 ज | ना |
| र्य | ■ | थ | ■ | थि | ■ | ■ | ग | ■ |
| 6 पा | व | न | ■ | 7 क | 8 ठि | न | त | म |
| लि | ■ | ■ | 9 ले | ■ | ठ | ■ | से | ■ |
| 10 का | 11 ले | ब | न | क | र | बै | ठ | 12 ना |
| ■ | गा | ■ | दा | ■ | ना | ■ | ■ | क |
| 13 द | म | भ | र | 14 ना | ■ | 15 प्र | स्त | र |
| ■ | दे | ■ | ■ | ट | ■ | थ | ■ | ख |
| 16 मा | ना | र्थ | ■ | 17 क | स | म | खा | ना |

### सुडोकू : 8326

*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | | | | 5 | |
| | | | 7 | 2 | | | 9 | |
| | | 7 | | | 9 | 2 | 4 | 1 |
| | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | | 6 | | | | 3 |
| | 5 | | | | | | | |
| 4 | 7 | 9 | 5 | | | 1 | | |
| | 2 | | | 7 | 1 | | | |
| | 1 | | | | | | | 8 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8325

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 2 | 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 |
| 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 |
| 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 7 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 4 |
| 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 | 3 |

# Last Day To Join Private Channel. Closing entry for new members Now.

♦ **Indian Newspaper**

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times

And more Newspapers

♦ **InternationalNewspapers channel**

[Europian, American, Gulf & Asia]

♦ **Magazine Channel**

National & International

[Genaral & Exam related]

♦ **English Editorials**

[National + InternationalEditorials]

**Click here to join**

## ♦ Lifetime validity at just 19 Rupees 📍

Trust me... this will be your best purchase of 2026